वर्ष 72 अंक 259 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 17 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कोई भी काम हमेशा असंभव लगता है, जब तक कि वह पूरा न हो जाए।
-नेल्सन मंडेला

## संक्षिप्त खबरें

**जनगणना की अधिसूचना जारी**

### 2027 में दो चरणों में होगी देश की जनगणना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना 2027 के आयोजन की औपचारिक घोषणा करते हुए गजट अधिसूचना जारी कर दी है। यह जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था। अब 1881 से शुरू हुई जनगणनाओं की 16वीं कड़ी में स्वतंत्रता के बाद पहली बार जाति आधारित गणना शामिल की जाएगी। यह प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग होगा। जनगणना 2027 में दो चरणों में कराई जाएगी। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन होगा। इसमें हर घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति, सुविधाएं और संसाधनों की जानकारी जुटाई जाएगी। वहीं दूसरे चरण में जनसंख्या गणना होगी। इसमें हर व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और जनसांख्यिकीय विवरणों को दर्ज किया जाएगा। जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि रखी गई है, जबकि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फबंद इलाकों में यह 1 अक्टूबर 2026 होगी। इसके लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक और 1.3 लाख जनगणना अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

**कोरोना: प्रदेश में चौथी मौत**

### लगातार दूसरे दिन एक्टिव केस में गिरावट

**जागरण, जबलपुर।** देश में कोविड संक्रमण को लेकर फिलहाल राहत की खबर है। देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के सक्रिय मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7,264 रह गई है। बीते 24 घंटों में 119 एक्टिव केस कम हुए हैं, जो स्थिति में सुधार का संकेत है। हालांकि प्रदेश में कोविड की चौथी मौत भी दर्ज की गई है। जबलपुर में एक कोरोना पॉजीविट महिला की रविवार देर रात मौत हो गई। यह महिला मंडला जिले के नारायणगंज से डिलीवरी के लिए रेफर होकर जबलपुर आई थी। डिलीवरी के बाद उसकी मौत हो गई। इसके पहले भी इस साल तीन और कोरोना पॉजीविट महिलाओं की मौत हो चुकी है। मंडला निवासी महिला को डिलीवरी के लिए जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया था।

**अहमदाबाद विमान हादसा**

### जांच समिति ने की सोमवार को पहली बैठक

**अहमदाबाद, जेएनएन।** विमान हादसे की जांच के लिए केंद्र सरकार की ओर से गठित उच्च-स्तरीय समिति की पहली बैठक दिल्ली में सोमवार को हुई। गृह सचिव की अध्यक्षता में यह समिति भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए गठित की गई है। समिति को तीन महीने में रिपोर्ट सौंपनी है। अहमदाबाद विमान हादसे की तकनीकी जांच का जिम्मा विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) को सौंपा गया है। एएआईबी इस बात की जांच कर रहा है कि विमान विमान तकनीकी रूप से कैसे और क्यों विफल हुआ। वहीं, यह मामले में गठित की गई उच्च-स्तरीय समिति एक समग्र और नीति-आधारित समाधान तैयार करेगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को कहा था कि एएआईबी तकनीकी पहलुओं की जांच करेगा, जबकि गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति भविष्य की सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं को लेकर सुझाव देगी।

**बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन और बड़वानी में बारिश, 25 जून तक सभी जिले होंगे तरबतर, 15 अक्टूबर तक चलेगा बारिश का दौर**

# बड़वानी के रास्ते आया मानसून



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में बड़वानी के रास्ते मानसून ने दस्तक दे दी है। सोमवार को भोपाल व आस पास के जिलों में तेज गर्मी से लोग बैचेन थे, उस वक्त बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन और बड़वानी में मानसून राहत की बारिश कर रहा था। मौसम केंद्र भोपाल ने मानसून के ऑनसेट होने की पुष्टि की है। कुछ दिनों में इसके प्रदेश के अन्य जिलों में पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार 25 जून तक मानसून प्रदेश के सभी जिलों में आमद दे देगा। पिछले साल मानसून 21 जून को आया था। प्रदेश में मानसून की तिथि 15 जून निर्धारित है। मानसून की प्रगति अब तेज हो गई है, और अगले 24-48 घंटों में नरसिंहपुर और डिंडोरी जैसे जिलों में 2.5 से 4 इंच तक भारी बारिश की संभावना है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरों में भी 17-22 जून तक मानसून पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। हालांकि, ग्वालियर-चंबल संभाग में सबसे आखिरी में पहुंचेगा।

प्रदेश में सामान्य औसत बारिश 949 मिमी (37.3 इंच) है। पिछले 6 साल से सामान्य या उससे अधिक बारिश हो रही है, और 2025 में भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। सामान्यतः प्रदेश से मानसून की विदाई अक्टूबर के मध्य तक होती है। 2024 में यह 7 अक्टूबर को विदा हुआ था। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार इस बार यह 15 अक्टूबर को विदा ले सकता है।

**2025 में अनुमान**

**104** से 106% बारिश की संभावना इस साल प्रदेश में जून से सितंबर के बीच

**38** से 39 इंच के आसपास होगी औसतन बारिश

**4** से 6 प्रतिशत अधिक है यह सामान्य से

**क्षेत्रवार अनुमान**

- जबलपुर और शहडोल संभाग में सबसे अधिक बारिश, 104-106 प्रतिशत तक।
- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम में 101-102 प्रतिशत या उससे अधिक।
- रीवा, सागर, शहडोल में 98-99 प्रतिशत, सामान्य से थोड़ा कम।

**अच्छी बारिश की उम्मीद, क्योंकि....**

- एल-नीनो और इंडियन ओशियन डाइपोल की सामान्य स्थिति
- हिमालय और यूरेशिया में कम बर्फबारी भी है अनुकूल

## मुंबई से केरल तक तेज बारिश, महाराष्ट्र बेहाल मौसम विभाग ने फिर जारी किया रेड अलर्ट

**मुंबई, जेएनएन।** बारिश का मौसम शुरू होते ही महाराष्ट्र और केरल में आफत बरसने लगी है। कहीं सड़कें डूबीं, तो कहीं घरों में पानी घुस गया। 1 जून से अब तक महाराष्ट्र में भारी बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 18 लोगों की जान जा चुकी है और 65 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ये हादसे सड़क दुर्घटना, डूबने, बिजली गिरने, आग लगने और पुल से गिरने जैसी घटनाओं के कारण हुए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि भारी बारिश के चलते छह मवेशियों की भी मौत हुई है। दूसरी तरफ, केरल में भी मानसून की बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। खासकर उत्तरी जिलों में हालात ज्यादा खराब हैं। कन्नूर और कासरगोड जिलों में कई परिवारों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। कन्नूर के कक्कड़ इलाके में मुख्य सड़कें पानी में डूब गई हैं, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो गया है। लोगों को जलाशयों की ओर न जाने की चेतावनी दी गई है।

**उत्तर की ओर बढ़ेगा मानूसन**

दक्षिण-पश्चिम मानसून की एंट्री के बाद मुंबई, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और रायगढ़ में जमकर बारिश हुई। गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों, विदर्भ के शेष हिस्सों, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों में 24 घंटों में और उसके बाद 2 दिनों में बंगाल, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

**पचमढ़ी में भाजपा विधायक और सांसदों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग समाप्त**

## राजनाथ सिंह की सलाह: सत्ता के घमंड से दूर रहें कार्यकर्ता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सत्ता पाने के बाद हमें बहुत ही सावधानी रखनी चाहिए। हमें घमंड और भ्रष्टाचार से दूर रहना चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र में सत्ता स्थाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं- प्रशिक्षण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण यही हमारी पूंजी है।



रक्षामंत्री सिंह सोमवार को पचमढ़ी में भाजपा के विधायक और सांसदों के प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सांसद और विधायक हमेशा संगठन से जुड़े रहें, क्योंकि संगठन तब भी था, जब सत्ता नहीं थी। कार्यकर्ताओं को सम्मान दें और उनकी बात सुनें, क्योंकि भाजपा की असली ताकत जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही है। जनता की सेवा हमारे डीएनए में है, हम जनसेवक हैं शासक नहीं है। जनता का भरोसा जीतें और हर संकट के समय सबसे पहले जनता के बीच पहुंचें। अपनी सोच और अपनी दृष्टि को बड़ा कीजिए। आज सत्ता हमारे पास है, कल किसी और के पास हो सकती है। ऐसे में हमने पूरी ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि हमने किसी भी निर्दोष को नहीं मारा है। भारत ने संयमित व सीमित कार्रवाई कर करारा जवाब दिया। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं।

### जो दायित्व मिलता है, उसे निष्ठा के साथ करते हैं पूरा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा सरकार या संगठन में जो भी दायित्व हम कार्यकर्ताओं को सौंपा जाता है, हम उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करते हैं। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परंपरा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति के चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करके राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया जाता है। यह प्रक्रिया व्यक्ति को समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है और व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब व्यक्ति अपने चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करते हैं, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकते हैं।

**एक और एयरइंडिया ड्रीमलाइनर में तकनीकी खराबी**

## हांगकांग-दिल्ली फ्लाइट लौटी 1 दिन में 3 बार आपात स्थिति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विमानन सुरक्षा को लेकर फिर बोइंग ड्रीमलाइनर पर सवाल उठने लगे हैं। बीते 24 घंटों में तीन अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बोइंग ड्रीमलाइनर को तकनीकी खराबी या आपात स्थितियों के चलते उड़ान वापस मोड़नी पड़ी। इनमें सबसे प्रमुख घटना हांगकांग से दिल्ली एयर इंडिया फ्लाइट एआई 315 की रही, जिसे हवा में तकनीकी खराबी के बाद हांगकांग लौटना पड़ा। यह उड़ान सोमवार को हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर ने तीन घंटे की देरी से उड़ान भरी और इसे



दोपहर 12.20 बजे दिल्ली पहुंचना था। लेकिन तकनीकी खराबी का संदेह होते ही पायलट विमान हांगकांग इंटरनेशनल एयरपोर्ट वापस ले आया। इससे पहले लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से चेन्नई जा रही ब्रिटिश एयरवेज की बोइंग ड्रीमलाइनर उड़ान को उड़ान के कुछ देर बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस लौटना पड़ा। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## इजराइल-ईरान संघर्ष: तेहरान के आसमान पर वर्चस्व का दावा

**नई दिल्ली/ तेहरान/ यरुशलम।** पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इजराइल और ईरान के बीच चौथे दिन भी एक-दूसरे पर हमलों का सिलसिला जारी रहा, जिसमें अब तक 240 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 224 से अधिक मौतें ईरान में हुई हैं। मरने वालों में 70 महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। दोनों पक्षों से कुल 1,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के ऊपर 'हवाई वर्चस्व' हासिल कर लिया है। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने ईरान की वायु रक्षा प्रणाली और मिसाइल तंत्र को इतना नुकसान पहुंचाया है कि अब उसके लड़ाकू विमान बिना किसी गंभीर खतरे के तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं। इस संघर्ष को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक प्रयास शुरू हो गए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने सोमवार को संयुक्त अपील जारी करते हुए दोनों देशों से तत्काल युद्धविराम की मांग की। क्रेमलिन के अनुसार, दोनों नेताओं ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम समेत सभी विवादों के समाधान के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक रास्ता अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से टेलीफोन पर बातचीत में संघर्ष को सुलझाने के लिए तुर्की की मध्यस्थता की पेशकश की है।



**1500 भारतीय छात्र फंसे, लौटने का रास्ता आर्मेनिया से**

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच लगभग 1500 भारतीय छात्र ईरान में फंसे हुए हैं। भारतीय दूतावास ने आपात योजना के तहत इन्हें सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया है। छात्रों को आर्मेनिया के रास्ते वापस लाने की योजना है। ईरान सरकार ने घोषणा की है कि उसके सभी बॉर्डर खुले हैं और विदेशी नागरिक देश छोड़ सकते हैं।

**भारत करेगा व्यापार प्रभाव की समीक्षा:** इसी बीच, भारत सरकार ने इस संकट से अपने समुद्री व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाने की घोषणा की है। वाणिज्य सचिव सुनील बार्थवाल ने सोमवार को कहा, 'हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं और व्यापार, कंटेनर ऑपरेटरों व ■ शेष पृष्ठ 7 पर




**रिसर्च** | 9 से 15 साल की उम्र के 11 हजार किशोरों पर किया गया अध्ययन

## कम नींद से बढ़ता है मानसिक बीमारी का खतरा

**नई दिल्ली/चेन्नई, जेएनएन।** नींद की अहमियत को लेकर पुरानी कहावतें अब वैज्ञानिक शोधों से भी पुष्ट हो रही हैं। 'नेचर मेडिसिन' में प्रकाशित एक नये वैश्विक अध्ययन के अनुसार, किशोरों में नींद की खराबी- यानी देर तक नींद न आना, बार-बार नींद टूटना या पर्याप्त नींद न ले पाना, उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है।

यह अध्ययन अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया है और यह एडलोल्सेंट ब्रेन एंड कॉग्निटिव डेवलपमेंट (एबीसीडी) प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसमें 11,000 से अधिक किशोरों को 9 से 15 वर्ष की उम्र के बीच ट्रैक किया गया, जिनमें से लगभग 48 फीसदी लड़कियां थीं। रिसर्च में यह चौंकाने वाला निष्कर्ष सामने आया कि नींद से जुड़ी समस्याएं, पारिवारिक मानसिक रोग इतिहास या बचपन के आघातों से कहीं ■ शेष पृष्ठ 7 पर



**मशीन लर्निंग से की गई सटीक भविष्यवाणी**

अध्ययन में मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का इस्तेमाल कर यह आकलन किया गया कि किस किशोर में आगे चलकर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं विकसित हो सकती हैं। परिणाम स्पष्ट थे। जिन बच्चों में लगातार नींद संबंधी गड़बड़ी रही, उनमें डिप्रेशन, एंग्जायटी, व्यवहार संबंधी विकारों की आशंका कई गुना अधिक थी।

**विशेषज्ञों की चेतावनी: पहले नींद सुधारिए, फिर दवाइयां सोचिए**

मुंबई के वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रेडी फिलिप्स का कहना है, 'हम कई बार लक्षणों पर ध्यान देते हैं, मूल कारण को अनदेखा कर देते हैं। किशोरों में नींद की खराबी को सिर्फ आदत मानना बड़ी भूल है। यह गंभीर मानसिक संकट की शुरुआत हो सकती है।'वहीं काउंसलिंग मनोवैज्ञानिक रमण श्रीवास्तव इसे 'मन का तापमान' बताते हैं। 'जैसे बुखार किसी संक्रमण का पहला संकेत होता है, वैसे ही नींद की समस्या मन के भीतर चल रहे संघर्ष का शुरुआती इशारा हो सकती है।' हालांकि स्टडी यह नहीं कहती कि नींद की खराबी सीधे तौर पर मानसिक बीमारी की वजह है। लेकिन इस संबंध को नकारा नहीं जा सकता। यही वजह है कि विशेषज्ञ अब नींद को मानसिक मूल्यांकन के मानक प्रश्नों में शामिल करने की मांग कर रहे हैं।

# स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर की महिला उद्यमी को मिला इंस्पायरिंग वूमेन ऑफ मध्य प्रदेश का सम्मान

**जागरण, सतना।** भोपाल में आयोजित कार्यक्रम रूबरू ज़िंदगी के मंच पर इंसपायरिंग वोमेंस आफस मध्यप्रदेश सम्मान से नवाज़ी गईं कृष्णा कबीर जो कृशेष आउफिट की संस्थापक हैं। यह उपलब्धि सिर्फ एक सम्मान नहीं बल्कि एक ऐसे सफर की कहानी है जो सपनों से शुरू होकर संघर्षों और सीख के रास्तों से होते हुए सफलता तक पहुंची है। कृष्णा कबीर जिनके पिता का नाम संदीप कबीर है बचपन से ही फैशन और डिजाइनिंग की शौकीन रही हैं। लेकिन सीमित संसाधनों और अनुभव की कमी के चलते उन्हें शुरुआत करने में कठिनाई होती रही। तभी उन्हें सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर की पहल नर्मात्री के बारे में पता चला। नर्मात्री एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में ट्रेनिंगए मार्गदर्शन और नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं देता है। कृष्णा ने नर्मात्री से जुड़कर अपने विचारों को आकार देना शुरू किया। ट्रेनिंग और मेंटरशिप की मदद से उन्होंने कृशेष आउटफिट की नींव रखी एक ऐसा ब्रांड जो पुराने कपड़ों को रीसायकल करके नए और स्टाइलिश परिधानों में बदलता है। उनका उद्देश्य सिर्फ फैशन नहीं बल्कि सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा देना है। कृशेष पुराने वस्त्रों को नए डिज़ाइन और सोच के साथ दोबारा उपयोग करता है जिससे न सिर्फ कपड़े बचते हैं बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता। हर एक कपड़ा एक नई कहानीए एक नया रूप लेकर आता है कृ और यही बात उनके ब्रांड को खास बनाती है। कृष्णा की यह सफलता न सिर्फ उनके व्यक्तिगत सपनों की उड़ान हैए बल्कि उन तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो कुछ अलग करना चाहती हैं लेकिन सही मार्गदर्शन की तलाश में हैं। सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर और निर्मात्री जैसी पहलें आज मध्यप्रदेश में महिलाओं की उद्यमिता को नई पहचान दे रही हैं। कृष्णा कबीर जैसे उदाहरण यह साबित करते हैं कि अगर सच्ची लगन और सही प्लेटफॉर्म मिले तो हर सपना हकीकत बन सकता है। कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस एवं ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा ने उन्हें यह सम्मान मिलने बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।



# बिरसिंहपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर 20 को

**जागरण, सतना।** सतना के भटनवारा वाले अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित गैवीनाथ धर्मशाला बिरसिंहपुर में 20 जून शुक्रवार को मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की अगुवाई में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है। नेत्र शिविर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट के सहयोग से म प्र अग्रवाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वालों के संयोजन एवं मार्गदर्शन में धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा। धर्मशाला प्रबंधक जगदीश गुप्ता ने जानकारी में बताया कि श्री गैवी नाथ जी धर्मशाला बिरसिंहपुर में विगत 14 वर्षों से माह की प्रत्येक 20 तारीख को निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है आयोजित शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को तत्काल भर्ती करके संस्था वाहन से निःशुल्क ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड पहुंचाया जाएगा।

## बंटेगी दवाई एवं नजर के चश्मे

अग्रवाल परिवार द्वारा बताया गया कि मरीजों के नेत्रों की जांच कर नजर के चश्मे एवं दवाइयां का निःशुल्क वितरण होगा। कैंप को.ऑर्डिनेटर पंडित भीषम शुक्ला ने बताया कि मरीजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ रखना अनिवार्य है।

# जातीय जनगणना लागू करने का श्रेय राहुल गांधी को : अनिल चौधरी




**जागरण, सतना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अनिल चौधरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक विनय सक्सेना ने नागौद विधानसभा क्षेत्र के नागौद में संगठन सृजन अभियान के संबंध में कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया एवं एक.एक कर कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चाएं की संगठन सृजन अभियान के प्रभारी अनिल चौधरी ने कहा आज देश में जातीय जनगणना लागू करने का श्रेय राहुल गांधी को जाता है भारत में सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है हमारे देश के नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लगातार जनता के बीच में उठाया । जातिगत जनगणना के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशिका आरक्षण नीतियों में सुधार निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण क्षेत्रीय विकास इत्यादि कार्यक्रम लागू किए जाएंगे जातिगत जनगणना न केवल जातियों की संख्या बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति शिक्षा स्तर और रोजगार की स्थिति का भी विश्लेषण करेगी यह जानकारी सरकार को लक्षित कल्याणकारी योजनाएं बनाने में मदद करेंगे श्री चौधरी ने जातिगत जनगणना में राहुल गांधी जी के संघर्ष को धन्यवाद देते हुए कहा है कि जाति जनगणना के संबंध में राहुल गांधी की यह लड़ाई इतिहास के पन्नों पर लिखी जाएगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पूर्व विधायक बिनय सक्सेना ने भू संबोधित किया कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया विधानसभा के प्रत्याशी रश्मि सिंह पटेल ने कार्यक्रम में पधारे सभी आगन्तुको का स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने किया कार्यक्रम में विनीत सिंह गुरबेन्द सिंह मो हामिद फिरोज आलम अंकित सिंह यज्ञ दत्व त्रिपाठी भूपेंद्र सिंह परसवारा, सोहन गौतम वीरेंद्र सिंह अशोक सिंह खमरेही सहित बडी तादाद में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# आकाशीय विजली गिरने से युवती की हुई मौत

**जागरण, चितरंगी ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोखवा में आज दोपहर 1 बजे तेज हवा बारिश के साथ गरज तड़क था। उसी समय आम के पेड़ के नीचे लड़की बैठी थी। सोनू सिंह पिता पतिराज सिंह उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम खोखवा को आकाशीय विजली गिरने से लपट में फस गई। मौके पर मृत्यु हो गई। परिजनों में मातम छा गया। घटना की सूचना परिजनों ने थाना चितरंगी में दिया । चितरंगी पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना स्थल पहुच कर पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी लाया। पीएम करा कर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौप दिया। इस घटना से पूरा परिवार स्तब्ध है ।

## सरकारी रिकॉर्ड में असंगठित प्रवासी मजदूर बन ले रहे सरकारी योजना का लाभ

**सतना ।** नागौद जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत दतुनहा के ग्राम महुआखेरा का है इस ग्राम पंचायत में एक ऐसे व्यक्ति भी हैं जिनका नाम प्रवासी श्रमिक के रूप में दर्ज है और इन्होंने असंगठित मजदूरों की श्रेणी में अपना पंजीयन कराया है इन्हें अपना परिवार चलाने प्रति सदस्य 5 किलो सरकारी राशन की जरूरत पड़ रही है इनका नाम श्रीकृष्ण द्विवेदी बताया जा रहा है पर वे गरीब बनने के लिए आतुर हैं सूत्रों की माने तो इनकी संपत्ति करोड़ों में है नागौद में स्वयं का पक्का मकान है और यह स्वयं लाखों की गाड़ी से सफर करते हैं इसके बाद भी गरीब मजदूर सूची में अपना नाम शामिल करवाए हुए हैं और शासन की उन योजनाओं का पूरा लाभ ले रहे हैं जो वास्तव में सिर्फ गरीबों के लिए हैं। सूत्र तो यहां तक बताते है कि सोशल मीडियॉ में वायरल होने के बाद कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को जांच के निर्देश दिये है।

# आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 20 जून तक

**जागरण, सतना।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून 2025 को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य 20 जून तक किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है, वह द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और सभी जिला परियोजना समन्वयक को भेजी गई हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला राज्य केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

# राजीव गुप्ता सतना विंध्य विकास फोरम के जिला अध्यक्ष बने



**जागरण, सतना।** समाज सेवी संस्था विंध्य विकास फोरम के संरक्षक सतना सांसद गणेश सिंह ने सतना के प्रतिष्ठित व्यवसायी वरिष्ठ समाजसेवी राजीव गुप्ता को विंध्य विकास फोरम का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि यह वही संस्था है जिसने सतना में व्यापक अभियान चला कर सतना का भूजल स्तर सुधारने हेतु घर.घर वॉटर हार्वेस्टिंग कराई थी। राजीव गुप्ता के अध्यक्ष बनने पर उनके इष्ट मित्रों सहित सामाजिक बंधुओ ने उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर संस्था के पूर्व जिला अध्यक्ष जय अग्रवाल हरिओम गुप्ता अशोक अग्रवाल अशोक गुप्ता एडवोकेट सुरेश गुप्ता अमित सोनी राजकुमार अग्रवाल टिंकू राम अग्रवाल मोहित अग्रवाल रवि गुप्ता सुजीत, विजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

# खोहर-लौलाछ पुल का सांसद कल करेंगे भूमिपूजन

## सेमरावल नदी में बनना है पुल, विधायक रामपुर भी होगे मौजूद





**जागरण, सतना।** सतना जिले के रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत से गुजरने वाली सेमरावल नदी में खोहर से लौलाछ गांव को जोड़ने वाली पुल निर्माण का भूमिपूजन 18 जून को सतना सांसद गणेश सिंह करेंगे। दोनो ही गांव वालों की लंबे अर्से से यह बहुप्रतिक्षित मांग चली आ रही थी जिसकी मंजूरी मिली है और खोहर को लौलाछ गांव से जोड़ने के लिए पुल का निर्माण कराया जाएगा जिसका शिलान्यास सांसद गणेश सिंह को 18 जून की शाम चार बजे करना है। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में रामपुर विधायक विक्रम सिंह व बीजेपी के सतना जिलाध्यक्ष भगवती पांडे के अलावा रामपुर जनपद के अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू , उमेश प्रताप सिंह सांसद प्रतिनिधि व पूर्व जनपद अध्यक्षए बाबूलाल सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष रामपुर एवं अन्य अतिथियों की गरमामई उपस्थिति रहेगी। इसी कार्यक्रम के साथ.साथ टोंस बराज शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डूब प्रभावित संबंधित अधिकारी,एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी विक्रम सिंह बिसेन द्वारा दी गई है।

# भगदेवरा में आयोजित होगा कोल आदिवासी सम्मेलन : रमेश



**सतना ।** कोल आदिवासी सम्मेलन रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र ग्राम भग देवरा पोस्ट सराय में 18 जून 2025 दिन बुधवार दोपहर 11 बजे आयोजित किया जाएगा जिसकी जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश कोल आदिवासी समाज सेवा संघ के विंध्य क्षेत्र अध्यक्ष रमेश प्रसाद कोल से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद जुगलाल कोल विधायक व्यवहारी होंगे वहीं विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष कोल आदिवासी सेवा संघ से शिव शंकर प्रसाद गोटिया करेंगे। यह कार्यक्रम क्रांति सूर्य धरती आभा अमर शहीद बिरसा मुंडा पखवाड़ा शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

# प्रो अमृता सिंह शिखा शुक्ला एवं अनुभव श्रीवास्तव का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित





**सतना।** श्री रामकृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंगए साइंस एंड मैनेजमेंटए सतना की सहायक प्राध्यापक प्रो अमृता सिंह, प्रो शिखा शुक्ला और प्रो० अनुभव श्रीवास्तव का शोध पत्र ॰हार्ट डिसीज डिटेक्शन यूजिंग मशीन लर्निंग एंड एक्स्प्लेनेबल एआई शीर्षक पर प्रकाशित हुआ है। इस शोध में हृदय रोग की प्रारंभिक पहचान के लिए दो.स्तरीय प्रणाली विकसित की गई है संस्थान के चेयरमैन शम्मी पुरी, डायरेक्टर शाश्वत पुरीए डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री, शुभी खरे, दीपेश निगम एवं समस्त विभागाध्यक्षों ने शोधकर्ताओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# यूथ हेल्पिंग हैंड सतना ने आयोजित किया मेधावी छात्रा सम्मान



**जागरण, सतना।** यूथ हेल्पिंग हैंड सतना द्वारा मेधावी छात्रा सम्मान का आयोजन अमृत वाटिका में आयोजित किया गया ।जिसमें सतना एवं मैहर जिले की समस्त मेधावी छात्राएं जिन्होंने 9वी से 12वी क्लास में आगामी परीक्षा परिणामों में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किये हैं उन छात्राओं का सम्मान किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतना ब्रह्मकुमारी आश्रम से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी डॉ रानी दीदी मेडिकल कॉलेज डीन एस पी गर्ग एस डी एम राहुल सिलाड़िया सी एस पी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सुधा सिंह डॉ सारिका कालरा रहे।आयोजित कार्यक्रम में डॉ रानी दीदी ने बच्चियों को अपने से प्रेम करना अपने पे विश्वास करना मन को स्थिर कर लक्ष्य को हासिल करने का मंत्र बताया।वहीं कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने बच्चों को भविष्य निर्माण में काम आने वाली जानकारी दीएमेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्रएगिफ्ट वाउचर और गिफ्ट भेंट किये गए। संस्था संयोजक रूपेश बलेचा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मनित किया। कार्यक्रम में यूथ हैल्पिंग हैंड्स टीम से डॉ मनीषा सोई भक्ति सुखेजा माधुरी शर्मा डॉली भामरी ज्योति मनवानी डॉ एकता वाधवानी सुहानी वलेचा अक्षरा दासानी स्वाति तिवारी अमित भवनानी राजेन्द्र गुप्ता अमित शर्मा सोमेश आहूजा अमन जायसवालएमनीष आसरानी संजय खिलवानी बी के शिवम हिमांशु श्रीवास्तवएनित्यानंद द्विवेदी राजेश आसरानी योगेश दासानी गुलाब राय सोनू नागदेव आदि उपस्थित रहे।

# एमसीए डिपार्टमेंट की फेयरवेल पार्टी का आयोजन



**जागरण, सतना।** महाविद्यालय में एमसीए डिपार्टमेंट के जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया जिसमें छात्र–छात्राओं ने अपनी कला एवं प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ पी के शुक्ला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी महाविद्यालय की पहचान उसके छात्रों से ही होती है। छात्रों की उन्नति से ही संस्थान की उन्नति है। विभागाध्यक्ष डॉ के पी त्रिपाठी ने कहा कि कि संस्थान और छात्रों का सम्बन्ध अटूट होता है। छात्र कहीं भी नौकरी करे संस्थान का नाम उससे हमेशा जुड़ा रहता है इसलिए छात्र स्वयं के साथ–साथ संस्थान का भी परिचायक होता है। फार्मल इंट्रोडक्शन के बाद शुरु हुए कार्यक्रम में सभी ने मनमोहक प्रस्तुतियॉ दी जिससे पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। जूनियर छात्रों द्वारा अपने सीनियर्स के लिए विविध गेम्स का आयोजन किया गया। सीनियर छात्रों ने अपने दो वर्षों की सुनहरी यादों को साझा करते हुए जूनियरों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। फेयरवेल पार्टी में जहां एक ओर दीपक द्विवेदी को मिस्टर फेयरवेल, अर्णिका पाण्डेय को मिस फेयरवेल, शुभम जैसवाल को मिस्टर पार्टी, मुस्कान कोरी को मिस पार्टी तो वहीं हिमांशू द्विवेदी को बेस्ट सीनियर के सम्मान से नवाजा गया।

# बांधा में संकल्प सभा का हुआ आयोजन



**जागरण, सतना ।** भाजपा मंडल रामपुर बघेलान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसालए सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण की समर्पित सरकार एवं आने वाले वर्षों के संकल्प को लेकर ग्राम पंचायत बाधा में संकल्प सभा सम्पन्न हुईए जिसमे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुभांगी सिंह रहीं। इस अवसर में माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 11वर्षों में जो चहुमुखी सशक्त भारत के निर्माण में जो कार्य हुए हैं जिसमें हुए कार्यों को जनता के समक्ष रखते हुए श्रीमती सुभांगी सिंह ने सरकार की बेमिसाल कार्यशाली का बखान किया साथ ही कहा कि भाजपा सरकार ने जनता की हर छोटी और बड़ी बात पर ध्यान रखा है जिससे हमारा देश आज बड़ी ऊंचाइयों को छू रहा है आयोजित कार्यक्रम में के दौरान श्रीमती सिंह ने एक पेड़ माँ के नाम का पौध रोपण किया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा मंत्री सचिन देव त्रिपाठी आई टी सेल के जिला संयोजक पार्षद शिवांक त्रिपाठी विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी एमंडल उपाध्यक्ष विजयनाथ त्रिपाठी जे पी मिश्रा एमहामंत्री डिम्पल सिंह रामरसीले आदिवासी विनय दुबे जितेंद्र पाण्डेय श्रीमती संगीता रजक बाधा सरपंच सुधाकर शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुरताल महोत्सव के दूसरे दिन कलाकारों ने बांधा शमां

**जागरण, रीवा।** मुकेश एंड मुकेश आर्केस्टा द्वारा सुरताल महोत्सव 2025 का 33वें सोपान के दूसरे दिन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रदेश की राजधानी व संस्कृतिधानी के कलाकारों ने भी भाग लिया। उत्कृष्टकला का प्रदर्शन कर तालियां बटोरी। महोत्सव में प्रतिभागियों ने शास्त्रीय, लोक, हिप–हॉप, जिमनास्टिक, वेस्टर्न शैलियों में नृत्य की प्रस्तुति दी। उनके रंग–बिरंगे परिधान, मनमोहक भाव–भंगिमाओं से सबको मंत्र–मुग्ध कर दिया।

# बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से पोल व टांसफारमर भरभरा कर गिरे



**जागरण, मुकुंदपुर।** हर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर समीपस्थ ग्राम कपुरहाई में रीवा जिले के गोबिंदगढ़ वितरण केन्द्र अंतर्गत बिजली मुहैया कराई जाती रही है। जिसमें बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अचानक बिजली पोल से सभी तारों को काट दिया गया।ऐसा लोगों द्वारा बताया जा रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि अकुशल श्रमिकों के द्वारा अचानक बिजली पोल से सभी फेस के तारों को काट दिया गया।जिससे कई पोलों के साथ टांसफारमर भरभरा कर जमीन पर धराशायी हो गई। जिससे भारी नुक़सान हो गया और रहवासी उपभोक्ताओं को बिजली से वंचित रहना पड़ रहा है।संयोग ऐसा रहा कि रहवासी आंगन में थे और बच्चे खेल रहे थे। किन्तु उस वक्त ट्रांसफार्मर से दूर थे। वर्ना बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कपुरहाई गांव मातम में बदल जाता।इस संबंध में कपुरहाई वासियों ने गोबिंदगढ़ वितरण केन्द्र प्रभारी को अवगत कराया अब देखना यह होगा कि गोबिंदगढ़ वितरण केन्द्र प्रभारी ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही करते हैं।

# 4 वर्ष की आयु में सिर से हटा पिता का साया, कमजोर आर्थिक स्थिति से भी नहीं मानी हार और प्रदेश में हासिल की थर्ड रैंक

## जिले के कई छात्रों को मिली सफलता, चिकित्सक बन करेंगे देश की सेवा

**जागरण, रीवा।** नीट–2025 का परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी हुआ है, रीवा के कई होनहारों को इस परिणाम में सफलता मिली है। रीवा के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के लालगांव के भटवा पताई गांव के रहने वाले अनुभव पांडेय ने तो प्रथम प्रयास में इतिहास रच डाला। उन्होंने नीट की परीक्षा में ईडब्ल्यूएस में देश में 650 अंको के साथ तीसरी रैंक हासिल की है। वहीं सामान्य रूप से उनकी रैंक देश में 79वीं हैं और प्रदेश में उन्होंने टॉप–3 में जगह बनाते हुए 3 रैंक हासिल की है। उनके द्वारा 720 अंको की परीक्षा में 650 अंक अर्जित किए गए हैं। बता दें कि रीवा जिले के एक छोटे से गांव के रहने वाले जिन विषम परिस्थितियों में यह उपलब्धि हासिल की है वह आज के छात्रों के लिए काफी प्रेरणादायी है। शुरु से ही पढ़ाई में तेज रहे अनुभव पांडेय ने कक्षा 4 में पास करने के बाद नवोदय का पेपर दिया और टॉप करने के साथ वह भी पीछे नहीं मुड़े और लगातार टॉप करते रहे। एक बार फिर उन्होंने देश में ईडब्ल्यूएस में तीसरी रैंक हासिल करके जिले का मान बढ़ाया है। अनुभव को एम्स दिल्ली कॉलेज आगे की पढ़ाई के लिए मिला है। वह एक अच्छे चिकित्सक बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं।



सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 17 जून 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.52 अस्त : आज
05.13 उदय : कल

शहर का तापमान
35.0 0 अधिकतम
27.0 0 न्यूनतम



# जंगल में दो बाघों ने पर्यटकों की रोंकी जिप्सी








## संजय टाईगर रिजर्व के पोंड़ी रेंज में दिखा रोमांच

### पर्यटक ने बाघों का किया वीडियो वायरल

जागरण, सीधी

संजय टाईगर रिजर्व के पोंडी रेंज में पर्यटकों का जंगल भ्रमण के दौरान अनूठे रोमांच से उस समय सामना हुआ जब दो बाघ सामने आ गए। बाघों के सामने आते ही पर्यटकों के जिप्सी वाहन पर ब्रेक लग गए। जिप्सी में सवार सभी पर्यटक इस अद्भुत रोमांच के सामने आने पर सांस रोंकते हुए बाघों के हटने का इंतजार करते रहे। एक पर्यटक ने इस रोमांच के वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल करते हुए कहा है कि अचानक आगे-पीछे चलते हुए दो बाघ जिप्सी के सामने आ गए। जिसके चलते सांसे रोंककर सभी पर्यटक बाघों के वहां से गुजरने का इंतजार करते रहे। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे पोंड़ी रेंज के जंगल में सफारी पर निकले पर्यटकों की जिप्सी दो बाघों के सामने आ गई। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पर्यटकों की जिप्सी जंगल के कच्चे रास्ते पर चल रही थी तभी बाघ टी-28 और बाघ टी-17 उनके सामने आकर रास्ता रोंक लेते हैं। करीब आधे घंटे तक दोनो बाघ पर्यटकों के सामने मंथर गति से टहलते रहे। इस दौरान न तो बाघों ने जिप्सी पर कोई हमला किया और न ही पर्यटकों ने कोई शोर मचाया। वायरल वीडियो में बाघों के चलने का शाही अंदाज साफ झलकता है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि जंगल का असली राजा कौन है। उधर विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि संजय टाईगर रिजर्व के दुबरी एवं आसपास के जंगल में बाघ स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। वर्तमान में बाघों का कुनबा तेजी के साथ संजय टाईगर रिजर्व में बढ़ रहा है। इसी वजह से यहां आने वाले पर्यटकों को काफी आसानी के साथ बाघों का दीदार हो रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों में इसी बात को लेकर उत्साह रहता है कि जंगल सफारी के दौरान उन्हें काफी आसानी के साथ बाघों का दीदार हो जाता है। संजय टाईगर रिजर्व बाघों के चलते पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। कई पर्यटक ऐसे हैं जो हर साल यहां बाघों का दीदार करने के लिए आते हैं।

### संजय टाईगर रिजर्व में बाघों का बढ़ रहा कुनबा

संजय टाईगर रिजर्व सीधी में बाघों का कुनबा तेजी के साथ बढ़ रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि संजय टाईगर रिजर्व का दुबरी अभ्यारण्य बाघों का पसंदीदा रहवास है। यहां बाघों के लिए सभी प्राकृतिक वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसी वजह से बाघ दुबरी अभ्यारण्य को अपना सुरक्षित रहवास मानते हैं। दुबरी अभ्यारण्य के पनखोरा से ही दुनिया को सफेद बाघ मोहन की सौगात मिली थी। आज भी सफेद बाघ मोहन के लौटने का इंतजार किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि विश्व को सफेद बाघ की सौगात देने वाले मोहन की जन्मस्थली को सफेद बाघ के फिर से वापस लौटने का इंतजार है। सफेद बाघ को यदि यहां लाया जाता है तो उसका वंश यहां काफी तेजी के साथ बंटेगा। बाघों के लिए संजय टाईगर रिजर्व को सुरक्षित आशियाना प्रदान करने के लिए संजय टाईगर रिजर्व अमला भी पूरी तरह से मुस्तैद है।

संजय टाईगर रिजर्व में पर्यटकों की जिप्सी के सामने दो बाघ सामने आए थे। गर्मियों में अक्सर वन्यजीव खुले क्षेत्रों में छांव की तलाश में निकल आते हैं। ऐसे में उनका पर्यटकों से सामना हो जाना असमान्य नहीं है। हालांकि बाघों की मौजूदगी में पर्यटकों का शांत रहना और किसी भी उत्तेजक हरकत से बचना सराहनीय रहा है।

**राजेश कन्ना टी, डीएफओ**
**संजय टाईगर रिजर्व सीधी**

## पुष्पांजलि सोशल चैरिटेबल ने मरीजों को बांटा फल



जागरण, सीधी। विगत नौ माह के अधिक समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया मे फल एवं विस्किट का वितरण मरीजों को किया जा रहा है। उसी क्रम में आज सोमवार को अस्पताल पहुंचे गरीब मरीजो को केला, संतरा के साथ-साथ दशहरी आम तथा ठंडा पानी वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन मे संस्था के पदाधिकारियो को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दिया। अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता रामनरेश शुक्ल ने गरीबो के हित संवर्धन की बात कही तथा असाढ सोमवार को इस पुनीत कार्य को किये जाने पर ईश्वरीय शक्ति का आशिर्वाद से धन धान्य पर कृपा होना बताया। श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी गरीब को कोई परेशान करेगा तो फाउंडेशन उसके साथ होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप मे डॉ. साहब, दिलीप पाण्डेय, रामसजीवन गुप्त, राकेश तिवारी, एड. केके गुप्ता, राममिलन शुक्ल, विनीत सिंह, अमित तिवारी, मनीष शुक्ल सहित संस्था के वालेन्टियर पवन तिवारी, भगवान शुक्ल, मनोज शुक्ल, राजेश द्विवेदी, नागेंद्र प्रसाद शुक्ला, सुभाष शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद, प्रभु दयाल सोनी, वरुण कुमार मिश्र, रामसुशील शुक्ल, विकाश शुक्ल, चंद्रभान केवट, सुनील शुक्ला व अस्पताल का स्टाफ सैकडो ग्रामीण मरीज उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे आभार तथा तदाशय की जानकारी अपने प्रेस विज्ञप्ति मे संस्था उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल ने दिया।

## विशेष अभियान के तहत 89 फरार आरोपी गिरफ्तार




जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन तथा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 14-15 एवं 15-16 जून 2025 की दरम्यानी रात को विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले भर में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु साप्ताहिक कॉम्बिंग गश्त की गई। जिसमें विभिन्न अपराधों जैसे हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि के प्रकरणों में न्यायालय से जारी कुल 89 वारंट 25 स्थाई वारंट एवं 64 गिरफ्तारी वारंट की तामील कर संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त गश्त के दौरान 69 गुंडा बदमाश एवं 55 निगरानी बदमाशों को चेक कर उनके आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध में लिप्त न होने की सख्त हिदायत दी गई।

## 5.115 किलोग्राम गांजा, 74 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त



जागरण, सीधी। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध क्रय-विक्रय के विरुद्ध सीधी पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 15 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चार अलग-अलग प्रकरणों में मादक पदार्थों की जप्ती कर संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कुल जप्त मसरूका में गांजा 5.115 किलोग्राम एवं नशीली कफ सिरप 74 शीशी प्रत्येक 100 मिली एवं मोबाइल फोन 1 नग जप्त किया गया है। जिसकी कुल अनुमानित कीमत 55,625 रुपए है। मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई में थाना भुइमाड़ में आरोपी नारायण सिंह गोड़ पिता बैजनाथ सिंह गोड़ उम्र 38 वर्ष निवासी पुरैनडोल से 4 किग्रा 2 नग हरा पेड़ गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपए जप्त किया गया है। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना बहरी में आरोपी विकास दीक्षित उर्फ मतलबी पिता विजय दीक्षित निवासी डढिया, थाना बहरी से जप्त सामग्री नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स 74 शीशी 100 मिली कीमत 22,200 रुपए जप्त की गई है। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 8, 21, 22, 29 एवं मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 के तहत मामला दर्ज किया गया है। चौकी सिहावल थाना अमिलिया में आरोपी रामलाल पटेल पिता शिवनाथ पटेल निवासी बमुरी से जप्त सामग्री 575 ग्राम गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 8,625 रुपए है जप्त की गई है। थाना कोतवाली में आरोपी निर्मला साकेत पति अमरेश साकेत निवासी मड़रिया से जप्त सामग्री 540 ग्राम गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 5,400 रुपए है जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## रॉयल पब्लिक स्कूल में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन




जागरण, सीधी। रॉयल पब्लिक स्कूल चंदैनिया में शनिवार की सायं एक अनुपम एवं पावन आयोजन के अंतर्गत संत तुलसीदास जी द्वारा रचित सुंदरकांड का सामूहिक पाठ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन न केवल श्रीराम भक्ति का साक्षात उत्सव था, बल्कि विद्यालय परिवार की आध्यात्मिक चेतना, सामूहिक एकता और संस्कृति के प्रति समर्पण का भी प्रतीक बना। कार्यक्रम की शुरुआत दिव्य भावनाओं के संग हुई। सायं 7 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद विद्यालय के समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भक्तिभाव से ओतप्रोत होकर सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया। हनुमान चालीसा के गूंजते स्वर, महाआरती की दिव्यता और श्रीराम नाम की प्रतिध्वनि से संपूर्ण विद्यालय परिसर भाव-विभोर हो गया। यह आयोजन केवल धार्मिक आयोजन न होकर एक सांस्कृतिक चेतना जागरण का केंद्र भी बना। विद्यार्थियों में आध्यात्मिक मूल्य, अनुशासन, श्रद्धा एवं सद्गुणों के बीज बोने वाले इस आयोजन ने शिक्षा के साथ संस्कारों की गहराई को भी स्पष्ट किया। विद्यालय संचालक राजेश कुमार गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षाओं की तैयारी नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण देना है जहां विद्यार्थी चरित्रवान, आध्यात्मिक और राष्ट्रभक्त बन सकें। इस भव्य आयोजन में कई क्षेत्रीय गणमान्यजन, शिक्षाविद्, समाजसेवी और सांस्कृतिक हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान राजेश कुमार गुप्ता संचालक रॉयल पब्लिक स्कूल, एडवोकेट रमेश सिंह, सुखनंदन सोनी, रावेंद्र तिवारी, अरविंद पटेल, कमलेन्द्र सिंह, राजनारायण सिंह, चंद्रमणि गुप्ता, राजेन्द्र पटेल, उप प्राचार्य बीके पाण्डेय सर, सत्यम सोनी एवं अन्य कई क्षेत्रीय कला व सांस्कृतिक जगत से जुड़ी प्रतिभाएं उपस्थित रहे।

## अवैध कोयला परिवहन करते तीन ट्रक जब्त



जागरण, सीधी। थाना बहरी पुलिस द्वारा अवैध कोयला परिवहन कर रहे तीन ट्रकों पर कार्यवाही कर अवैध कोयला सहित लगभग 87 लाख रुपए का मशरुका जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा भापुसे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं डीएसपी सीधी श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में दिनांक 16 जून 2025 को बहरी पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व कोम्बिंग गश्त के दौरान तीन अलग-अलग कार्यवाहियों में तीन ट्रकों सहित अवैध कोयला जप्त किया गया। ट्रक क्रमांक यूपी 65 एलटी 0047 के चालक राजकुमार साकेत पिता स्व बालक साकेत उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कुवारी विकासनगर थाना पिपरी जिला सोनभद्र उप्र, ट्रक क्रमांक यूपी 64 एटी 3175 के चालक रवि कुमार कश्यप पिता रामदास कश्यप उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मधुपुर रॉबर्ट्सगंज थाना सुकरू जिला सोनभद्र उप्र, ट्रक क्रमांक यूपी 64 एटी 2464 चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। उक्त कार्यवाही में कोयला अनुमानित मूल्य 5 लाख रुपए, 3 नग ट्रक जिनकी अनुमानित मूल्य 82 लाख रुपए, कुल मशरूका 87 लाख रुपए लगभग मशरूका जप्त किया गया है। उक्त आरोपियें के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 303(2), 317(5), खान खनिज अधिनियम धारा 4/21, मोटर यान अधिनियम धारा 39, 192, 146, 196, 66, 192 ए, 56, 192, 115, 190(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भीषण गर्मी में स्कूलों की छुट्टी बढ़ाई जाए: ज्ञान

जागरण, सीधी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कलेक्टर सीधी को पत्र लिखकर गर्मी और उमस के चलते छात्रों के लिए स्कूलों की छुट्टी एक सप्ताह बढ़ाए जाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर को लिखे पत्र के माध्यम से कहा कि 15 जून से छात्रों के लिए स्कूल खोल दिए गए हैं, जबकि वर्तमान में भीषण गर्मी और उमस पड़ रही है। स्कूलों में गर्मी से निजात दिलाने की उचित व्यवस्था नहीं है। खासकर के सरकारी स्कूलों में पंखों का अभाव है, पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं है। सीधी में बहुत सारे सरकारी स्कूल विद्युत कनेक्शन विहीन है एवं गर्मी से निजात दिलाए जाने वाली सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है, जिससे स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा और उनके बीमार पढ़ने की संभावना है। अतः जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कलेक्टर सीधी से मांग करते हुए कहा कि उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए स्कूल के अवकाश में एक सप्ताह की वृद्धि की जाए।

## स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 27 लोगों की हुई जांच



जागरण, सीधी। ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति एवं मिश्रा नर्सिंग होम सीधी द्वारा विगत कई वर्षों से समिति के संरक्षक एवं लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्र के मार्गदर्शन में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक रविवार को प्रमुख स्थानो छत्रशाल स्टेडियम, पुराना बस स्टैण्ड,नया बस स्टैण्ड, भवानी मन्दिर, फूलमती मन्दिर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, पुलिस ग्राउण्ड, रघुफिलिंग स्टेशन पडैनिया, मड़रिया वायपास में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा चुका है। ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति के सचिव एवं वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. अजय मिश्र द्वारा बताया गया कि मनुष्य के लिए स्वस्थ्य रहना अति आवश्यक है लेकिन आज के व्यस्तता के कारण लोग अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच नही करा पाते हैं, जो आगे उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या खड़ी कर देता है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये समिति के संरक्षक एवं लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्र के निर्देशानुसार सीधी शहर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में शुगर, बीपी, बजन एवं यूरिक एसिड की जांच कर चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया जाता है। 15 जून को नया बस स्टैण्ड (तिराहा) मे आयोजित शिविर में 27 लोगो को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया है। रविवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. रामकृष्ण मिश्रा सहायक चिकित्सक रामाश्रय पाल, सहायक चिकित्सक आनन्द मिश्रा, लैब टेक्नीषियन सूरज सिंह, आरडी राठौर आदि उपस्थित होकर स्वास्थ्य की जांच और उचित परामर्श प्रदान कियें। आगामी रविवार को सुबह 6 से 7 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेंगा।

## संगठन सृजन अभियान से बूथ स्तर तक मजबूत बनेगा संगठन: रिपुन

### समर्पित, निष्ठावान को संगठन में प्राथमिकता: कमलेश्वर




जागरण, सीधी

संगठन सृजन अभियान के तहत सिहावल विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक सिहावल और बहरी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर पूर्व मंत्री असम शासन रिपुन बोरा के मुख्य आतिथ्य सीडब्लूसी सदस्य पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के विशिष्ट आतिथ्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की इच्छा अनुसार नए सिरे से संगठन के गठन पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रिपुन बोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। कांग्रेस की रीति-नीति और सिद्धांतों के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को ही संगठन में महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी जाएगी। संगठन कार्यकर्ताओं की राय अनुरूप चलेगा ।संगठन या पार्टी कोई नेता पदाधिकारी या कार्यकर्ता कांग्रेस की रीति नीति के अनुरूप नहीं पाए गए तो उन्हें दरकिनार करने में पार्टी कोई समय जाया नहीं करेगी। सीडब्ल्यूसी सदस्य पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि ऊर्जावान और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह मिलेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच को साकार करते हुए नए सिरे से गठन किया जाएगा। जिला अध्यक्षों के साथ सभी पदाधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। कार्यकर्ताओं की राय के अनुसार संगठन चलेगा। जमीनी मुद्दों पर जनता की राय ली जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि जिले में 100 दिनों तक निरंतर संगठन सृजन अभियान जारी रहेगा बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के संगठन में कसावट का दौर जारी है। पार्टी के प्रति समर्पित और पार्टी की विचारधारा रीति नीति से प्रभावित कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्व दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमान सिंह, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्रीमती श्यामवती सिंह, जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश पाण्डेय, दिनेश पाठक, नरेंद्र सिंह भंवर, महेन्द्र पाण्डेय, बहरी ब्लॉक अध्यक्ष शारदा सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष परमजीत पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सीधी विवेक सिंह दीपू, आदिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्ष तिलकराज सिंह, तेजबहादुर सिंह, धर्मराज सिंह, गंगा शुक्ला, अरविंद द्विवेदी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित

### 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पहुंची राशि



जागरण, सीधी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1551.44 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 56.85 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। इसी क्रम में 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेण्डर रिफिलिंग के लिए 39.14 करोड़ रूपये तथा संबल योजना के 6821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत सीधी जिले के 2 लाख 10 हजार 764 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 25 करोड़ 86 लाख 55 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई। इसके साथ ही उज्वला योजना अंतर्गत गैस रिफिल के लिए सीधी जिले के 43305 हितग्राहियों को 48 लाख 57 हजार 166 रूपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास प्रवेश मिश्रा, सहायक श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 2 लाख 10 हजार 764 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 501 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 360, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 44 हजार 343, जनपद पंचायत सीधी में 54 हजार 848 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 51 हजार 791 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 215, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 445, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 105 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 02 हजार 156 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत राशि अंतरित

राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 7 हजार 996 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 47 लाख 97 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7262, मझौली के 13806, रामपुर नैकिन के 22446, सीधी के 28601 एवं सिहावल के 29496 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2608, मझौली के 1255, चुरहट के 1356 एवं रामपुर नैकिन के 1166 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 56391, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12037, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन योजना के 2268, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 717, मंदबुद्धि/वहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1661,सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 8955, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 293, सामाजिक सुरक्षा पेंशन निःशक्त पेंशन योजना के 7518, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2420, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 15443, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 153 एवं वृद्धाश्रम में निवासरत अंतःवासियों को पेंशन योजना के 140 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।



# माशिमं बोर्ड परीक्षाः 51 केन्द्रों में होगी 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा

## आज से शुरू हो रही दोबारा परीक्षा, तैयारियों में जुटा विभाग

जागरण,रीवा

माशिमं की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल की दोबारा बोर्ड परीक्षा 17 जून से शुरू होगी। परीक्षा का आयोजन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक किए जाएगा। इस परीक्षा में हाईस्कूल के और हायर सेकेंडरी के परीक्षार्थी शामिल होंगे। कितने परीक्षार्थी शामिल होंगे इसका रिकार्ड तो फिलहाल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नहीं है लेकिन रविवार को परीक्षा कॉपी और पेपरों का वितरण कर दिया गया है। बताया गया कि परीक्षा के लिए रीवा और मऊगंज मिलाकर कुल 51 केन्द्र बनाए गए हैं, इन केन्द्रों से संबंधित थानों में परीक्षा कापी और पेपर पहुंचा दिए गए है। बताया गया कि रीवा में 36 केन्द्र और मऊगंज में 15 केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग के द्वारा तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। परीक्षा केंद्रो में जरूरी इंतजाम और परीक्षा आयोजित कराने के लिए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष की ड्यूटी लगाई गई है। जानकारी के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की गई थी। जिसमें 6 मई को बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी हुए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा अंक सुधार और फेल परीक्षार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। परीक्षा का आयोजन 17 जून से 5 जुलाई तक होगा। इस परीक्षा में शामिल होकर परीक्षार्थी अपना रिजल्ट सुधारेंगे।



### 10वीं में 7297 छात्र हुए अनुतीर्ण

कक्षा 10वीं की इस परीक्षा में जिले के 26 हजार 125 छात्र सम्मलित हुए, जिनमें से 26 हजार 119 छात्रों का परिणाम माशिमं ने जारी किया। इसमें से 18 हजार 828 छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि 7 हजार 297 छात्र अनुतीर्ण हो गए। इस तरह कक्षा 10वीं के कुल 72.08 प्रतिशत छात्र सफल हुए। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले से 10वीं के 16 प्रतिशत अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए।

### 12वीं में 13327 छात्र उत्तीर्ण

ऐसे ही, कक्षा 12वीं की परीक्षा में जिले के 20 हजार 763 छात्र शामिल हुए, जिसमें से 20 हजार 732 छात्रों का परिणाम माशिमं ने जारी किया। इसमें से 13 हजार 327 छात्र उत्तीर्ण हुए और 7 हजार 436 छात्र अनुतीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा 12वीं के कुल 64.19 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। गत वर्ष की अपेक्षा जिले से 12वीं के 3.49 प्रतिशत अधिक छात्रों ने सफलता प्राप्त की।

# 23 वर्ष पूर्व कलेक्टर ने पुलिस को कार्यवाही के लिए किया था आदेशित

## कलेक्टर को शिकायत कर कार्यवाही की मांग

**जागरण,रीवा।** मीसाबंदी पेंशन बंद करने तथा अब तक दी गई पेंशन के वसूली के संबंध में कलेक्टर रीवा को शिकायत की गई है। शिकायत में चंदन त्रिपाठी पिता अरविंद त्रिपाठी निवासी वैद्यन टोला उपरहटी ने बताया है कि दुर्गेश दुबे नामक व्यक्ति पूर्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का प्रमाण पत्र चाहा गया था, जिसमें दुर्गेश दुबे ने कूटरचित दस्तावेज तैयार किये थे और जिसमें तत्कालीन कलेक्टर द्वारा गहन जांच की जाकर दिनांक 22/01/2002 को फाइल प्रकरण क्र0 154/5 पूर्व अधिकारी द्वारा, यह पाया गया था कि दुर्गेश दुबे ने कूटरचित दस्तावेज पेश किये है और कलेक्टर द्वारा पुलिस कार्यवाही हेतु भी लिखा था किन्तु कोई कार्यवाही तक नही हुई। यह फाइल कार्यालय में उपलब्ध है, जिसकी जांच की जा सकती है। मीसा बंदी का प्रमाण पत्र पाने के उक्त व्यक्ति ने अपने आवेदन में यह लिखा कि दिनांक 13/08/1975 को वह जेल में निरुद्ध किया गया व दिनांक 11/11/1976 को अर्थात लगभग 15 माह बाद रिहा किया गया। इस संबंध में जेल अधीक्षक से जानकारी प्रकरण में चाही गई थी, जिसमें जेल अधीक्षक द्वारा लिखित रुप से बताया गया कि दुर्गेश दुबे उक्त अवधि में जेल में निरुद्ध नही था। इसके बाद दुर्गेश दुबे ने दो फर्जी शपथ पत्र पूर्व की भांति (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र की भांति) कूटरचना करते हुए मीसा बंदी प्रकरण में लगवाये और उसके बाद किस तरह वा कैसे उसे मीसा बंदी होने की पेंशन मिलने लगी, यह जांच का विषय है। चंदन त्रिपाठी ने बताया है कि आरटीआई के तहत संबंधी फाइल व उसमें उपलब्ध दस्तावेजों की नकल चाही जिस पर उसे नकल, यह कहकर विभाग द्वारा नही दी गई कि व्यक्तिगत जानकारी दुर्गेश दुबे द्वारा आपत्ति लगाये जाने के कारण नकल नही दी जा सकती। इसकेबाद अधिवक्ता राजेन्द्र शर्मा दोनो फाइलों को देखकर यह जानकारी हासिल की है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर मूल फाइलों को मंगाकर दुर्गेश दुबे की फर्जी कार्यवाहियों की पुष्टि कर सकती हैं व शासकीय निधि का दुरुपयोग रोक सकती है। दुर्गेश दुबे को विधिक नोटिस दी जा चुकी है और पुलिस थाना सिटी कोतवाली व सिविल लाइन को भी सूचित किया जा चुका है। उन्होंनें शिकायत में कहा है कि यह संवेदनशील प्रकरण है, इसकी तुरंत जांच की जाए क्योंकि शायकीय विधि का दुरुपयोग यदि तत्काल नही रोका गया तो माननीय उच्च न्यायालय, विधिक कार्यवाही की जाएगी। आवेदक ने मांग की है कि शासकीय मद के दुरुपयोग के तहत दी जा रही मीसा बंदी अथवा लोकतंत्र प्रहरी नामक पेंशन की राशि दिये जाने वाली राशि पर तुरंत रोक लगाई जाए व आज तक दी गई राशि के वसूली के संबंध में कार्यवाही की जाए।

# इलाज के लिए राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पवई विधायक प्रहलाद लोधी की अनुशंसा पर 59 हितग्राहियों को ईलाज के लिए 14 लाख 8 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि अंतर्गत एवं इस संबंध में जारी निर्देशों के तहत वर्ष 2025-26 में उपलब्ध आवंटन के आधार पर उपचार के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)**

प्रकरण क्रमांक -0143/निगरानी /2023-24
रीवा दिनांक 11/06/2025

01- श्री रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी तनय स्व. द्वारिका प्रसाद द्विवेदी निवासी 24/252 (राजरथ संदेश) द्वारिका नगर रीवा, तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) निगरानीकर्ता।

बनाम

1. मध्यप्रदेश शासन 2. राममणि पाण्डेय तनय स्व. पारसनाथ पाण्डेय, 3. गुरुप्रसाद पाण्डेय तनय रामस्वयंवर पाण्डेय, 4. सिद्धमुनि पाण्डेय तनय स्व. पारसनाथ पाण्डेय, 5. रामचरित पाण्डेय तनय स्व. पारसनाथ पाण्डेय (मृतक) (a) आशा पाण्डेय पत्नी स्व. रामचरित, (b) विपिन कुमार पाण्डेय तनय स्व. रामचरित, (c) अंशू पाण्डेय तनय स्व. रामचरित, (d) प्रांसू पाण्डेय तनय स्व. रामचरित नाबालिग बली माता- आशा पाण्डेय, 6. मनोज पाण्डेय तनय स्व. ठाकुर प्रसाद पाण्डेय, 7. रामरती पाण्डेय पति स्व. पारसनाथ पाण्डेय, 8. पार्वती पाण्डेय पति स्व. ठाकुर प्रसाद पाण्डेय, 9. बेवा सुशीला पत्नी स्व. रामस्वयंवर पाण्डेय, 10. ओम प्रकाश पाण्डेय तनय स्व. ठाकुर प्रसाद, 11. सुरेश तनय स्व. पारसनाथ, 12. उर्मिला देवी पुत्री स्व. रामस्वयंवर, 13. गिरजा देवी पुत्री स्व. रामस्वयंवर, 14. संगीता देवी पुत्री स्व. रामस्वयंवर सभी निवासी ग्राम सगरा तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.). 15. रामभुवन तनय हीरालाल, 16. दिनेश कुमार तनय हीरालाल, 17. सुशीला देवी पति रामलाल सभी निवासी ग्राम भांटी, तहसील हुजूर जिला रीवा 18. सुशीला पिता बाल्मीक शुक्ला पति राजकुमार शुक्ला, 19. रजनीश पाण्डेय तनय स्व. ठाकुर प्रसाद, 20. ओंम प्रकाश पाण्डेय तनय स्व. ठाकुर प्रसाद, 21. ज्ञानवती पप्पी देवी पिता स्व. ठाकुर प्रसाद सभी निवासी ग्राम सगरा तहसील हुजूर जिला रीवा, 22. श्रीमती मीराबाई पति राजमणि तिवारी निवासी मझिगवां तहसील सिरमौर जिला रीवा, 23. जमुनी बेवा त्रिवेणी प्रसाद, 24. शेषमणि तनय त्रिवेणी प्रसाद. 25. उपेन्द्रमणि तनय त्रिवेणी प्रसाद, 26. नारेन्द्र तनय त्रिवेणी प्रसाद, 27. वीरेन्द्र तनय त्रिवेणी प्रसाद, 28. विश्वनाथ पिता सरजू प्रसाद, 29. कौशिल्या बेवा सियाशरण, 30. राजेन्द्र तनय सियाशरण, 31. बृजेन्द्र तनय स्व. सियाशरण पाण्डेय सभी निवासी ग्राम सगरा तहसील हुजूर जिला रीवा, 32. अनुसुइया प्रसाद पिता गंगाराम (मृत) (a) अम्बिका प्रसाद तनय स्व. अनसुइया प्रसाद, (b) दयासागर पाण्डेय तनय स्व. अनसुइया प्रसाद, (c) राजकिशोर पाण्डेय तनय स्व. अनसुइया प्रसाद, (d) बृजकिशोर पाण्डेय तनय स्व. अनसुइया प्रसाद (e) बूटी पुत्री स्व. अनसुइया प्रसाद, सभी निवासी ग्राम सगरा तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)

............गैर निगरानीकर्तागण

// आम इश्तहार //

गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 02 ता 32 को सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी तनय स्व. द्वारिका प्रसाद द्विवेदी निवासी-24/252 (राजरथ संदेश) द्वारिका नगर रीवा, तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा तहसीलदार तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 2210/बी-121/2020-21 आदेश दिनांक 12.10.2022 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 (1) के तहत निगरानी प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 20.06.2025 को पेशी नियत है। अतः गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 02 ता 32 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 20.06.2025 को समय 11.00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, गैर निगरानीकर्तागण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर गैर निगरानीकर्तागण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला-रीवा (म.प्र.)
RN- 82535

### निराला नगर बस्ती फैली बीमारी का सामने आया कारण

# संक्रमित पानी से फैली थी बीमारी

## सभी मरीज हुए स्वस्थ, तीसरे दिन भी हुई बस्ती की जांच

**जागरण, रीवा।** भीषण गर्मी के बीच अनियंत्रित खान-पान अब जानलेवा हो रहा है। शहर के निराला नगर के कोल बस्ती में आर्शिवाद समारोह में भोजन करने वाले एक ही परिवार के कई सदस्य व मेहमान डायरिया का शिकार हो गए थे, पहले तो माना जा रहा था कि कार्यक्रम में परोसे गए भोजन की वजह से उल्टी-दस्त की बीमारी फैली लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए सेंपल रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है। बीमारी के फैलने का कारण आयोजक परिवार के घर की पानी की टंकी थी। इस टंकी में संक्रमण इतना बढ़ा कि उसने चार लोगो की जान ले ली। बता दें कि मामला सामने आने के बाद गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई सेंपल लिए थे, पानी के सेंपल की रिपोट शनिवार को आई, जिसमें पानी में इकोलाइ बैक्टीरिया जो दस्त उल्टी कराते हैं पाया गया है। जैसे ही रिपोर्ट सामने आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टंकी को साफ कराया और आस-पास भी दवाओं का छिड़कांव कराया गया है। इतना ही नहीं बस्ती के सभी टंकियों को साफ कर उसमें दवा छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं।

### सभी मरीज हुए स्वस्थ

कोल बस्ती रामसुजान कोल पिता किमला कोल 41 वर्ष के बेटे की शादी में शामिल हुए करीब 10 लोग बीमार हुए थे, जिसमें से चार की मौत हो गई थी व 3 का उपचार एसजीएमएच में चल रहा था लेकिन अब वह भी पूरी तरह स्वस्थ्य है और घर में जिन 3 मरीजों का उपचार चल रहा था वह भी पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

दूषित पानी की वजह से बीमारी निराला नगर कोल बस्ती में फैली थी, पानी का सेंपल लिया गया था जिसकी रिपोर्ट शनिवार को मिली है। पानी में इकोलाइ बैक्टीरिया मिला है। पानी की टंकी को साफ कराया गया है व दवाओं का छिड़काव कराया गया है। सभी मरीज स्वस्थ्य हैं। मानिटरिंग जारी रहेगी।
**डॉ.केबी गौतम, डीएचओ-2 रीवा**

# मनपसंद का कॉलेज नहीं मिला तो विद्यार्थी निरस्त कर सकते हैं आवंटन

## आवंटन निरस्त न करने के बाद भी नहीं मिला प्रवेश तो प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे छात्र

**जागरण,रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। छात्रों को उनकी च्वाइस के अनुसार महाविद्यालयों का आंवटन भी किया गया है। जिनको आवंटन के बाद भी प्रवेश नहीं लेना है तो उनको आवंटन निरस्त करने के लिए भी प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। इस संबंध में पीएम श्री मॉडल साइंस कॉलेज प्राचार्य डॉ.रवीन्द्रनाथ तिवारी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत जिन विद्यार्थियों को उनकी प्रथम कॉलेज पसंद के अतिरिक्त किसी अन्य महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हुआ है और वह उस महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक नहीं हैं तो वह संबंधित चरण के निर्धारित समय-सीमा में आवंटन निरस्तीकरण पर क्लिक कर अपने वर्तमान आवंटन को रद्द कर सकते हैं। बताया कि आवंटन निरस्त करते ही उस विद्यार्थी की पूर्व निर्धारित कॉलेज पसंद स्वतः हट जाएगी, अगले चरण में पुनः भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को नए कॉलेज के लिए च्वाइस करना होगा। यदि कोई विद्यार्थी आवंटन निरस्तीकरण नहीं करता है और न ही आवंटित कॉलेज में प्रवेश लेता है तो वह आगामी चरणों की प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित रह जाएगा। यह प्रक्रिया केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए है जो अपने आवंटित महाविद्यालय से संतुष्ट नहीं हैं और अगले चरण में बेहतर विकल्प की आशा करते हैं। बताया कि विद्यार्थी इन बातों का विशेष ध्यान रखें कि यह विकल्प विद्यार्थियों को अपने लिए उपयुक्त महाविद्यालय चुनने का एक और अवसर प्रदान करता है। किसी भी प्रकार की जल्दबाजी या भ्रम की स्थिति में महाविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ या संबंधित मार्गदर्शक शिक्षकों से परामर्श अवश्य लें। अंतिम तिथि के बाद कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा, अतः समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें।



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**मकान बेचना है**

30x34 का प्लॉट जिसमें 4 कमरे 1 किचेन, 3 लैट बाथ एक पोर्च एवं बोर, सप्लाई नल कनेक्शन सहित मकान शीघ्र बेचना है। पता- विश्वविद्यालय रोड राइस मिल के पास कैलाशपुरी रीवा।
मो. 9243282291
6269362037
RN. 82634 (30/6)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन भवन निर्माण की बाधा दूर, भूमि आवंटित

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा नायब तहसीलदार वृत्त सलेहा तहसील गुनौर के प्रतिवेदन तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर एवं जिला नजूल निवर्तन समिति की 16 जून को संपन्न बैठक की अनुशंसा के आधार पर ग्राम सलेहा के सर्वे नंबर 2887 रकवा 0.420 हे. अंश भाग 20 गुणा 30 कुल 600 वर्गमीटर भूमि ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए आवंटित की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सलेहा के सरपंच व सचिव द्वारा सलेहा में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसके तहत कुछ सर्वे नंबर की भूमि 4 किता एवं 1.60 हे. रकवा भूमि का आवंटन थाना सलेहा के लिए आवंटित होने बावत् अवगत कराया गया। इस संबंध में आवेदित भूमि नवीन पंचायत कार्यालय भवन के लिए आवंटित होने से थाना सलेहा के लिए सुरक्षित भूमि में ज्यादा अंतर न होने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस पर गुनौर एसडीएम द्वारा नायब तहसीलदार के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए लेख किया गया कि आवेदित सर्वे नंबर ग्राम की भूमि आवंटन के संबंध में उद्घोषणा के प्रकाशन उपरांत कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। हल्का पटवारी से नजरी व टेऊश नक्शा व खसरा की प्रति के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन लिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत सलेहा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल सलेहा, वन परिक्षेत्राधिकारी सलेहा से अनापत्ति प्रतिवेदन भी लिए गए। इन विभागों द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन कार्यालय भवन निर्माण के लिए आवंटन करने पर अनापत्ति प्रस्तुत की गई है। इसके अतिरिक्त म.प्र. नजूल भूमि निवर्तन निर्देश 2020 की कंडिका 13(2) अनुसार एक माह की निर्धारित समयावधि में पुलिस विभाग से भी आपत्ति अथवा अनापत्ति प्राप्त नहीं हुई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 17 दिसम्बर 2024 को सलेहा के नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए 37 लाख 49 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। सलेहा के सर्वे नंबर 2887 रकवा 0.420 हे. भूमि पुलिस थाना सलेहा के लिए सुरक्षित है, किंतु इस भूमि पर कोई स्थायी निर्माण न होने से इस भूमि के जुज रकवा की 600 वर्गमीटर रिक्त भूमि को पंचायत भवन निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया। इस पर जिला कलेक्टर द्वारा भूमि आवंटन की कार्रवाई की गई है।

# रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक सम्पन्न

**पवई।** आस्था और परंपरा का प्रतीक जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा इस वर्ष प्रशासन की देखरेख में आयोजित की जाएगी। इसे लेकर पवई स्थित 16 जून को शाम 6ः00 बजे जगन्नाथ मंदिर में एसडीएम पवई समीक्षा जैन की अध्यक्षता में एक अहम प्रशासनिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रथ यात्रा की तैयारियों, संभावित खर्चों और आय-व्यय के संतुलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस बार यात्रा का आयोजन श्रद्धालुओं से स्वेच्छा से एकत्र किए गए चंदे के माध्यम से किया जाएगा, क्योंकि वर्तमान में आय के स्रोत सीमित हैं जबकि व्यवस्थाओं पर खर्च अपेक्षाकृत अधिक है। पहले यह आयोजन जगन्नाथ स्वामी समिति, पवई के माध्यम से किया जाता था, जो एक निजी समिति थी। इस बार प्रशासन ने समिति को भंग कर यात्रा की संपूर्ण जिम्मेदारी अपने हाथ में ले ली है। इससे आयोजन में पारदर्शिता और अनुशासन की उम्मीद जताई जा रही है। रथ यात्रा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन ने नगर परिषद, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग लोक यांत्रिकी विभाग विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इन विभागों को साफ-सफाई, सुरक्षा, चिकित्सा और यातायात नियंत्रण जैसे कार्यों के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में धूप, कपूर आरती, प्रसाद वितरण और गॉड ऑफ वार्नर की उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पहलुओं पर भी विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा को परंपरागत स्वरूप में ही संपन्न कराया जाएगा। इस बैठक में विभागीय अधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण व श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

**कागजात गुमे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं ज्योति पांडे पिता श्री व्यास मुनि पांडे ANM के पद पर UPHC खैरी वार्ड-4 में पदस्थ हूं। दिनांक 10 जून को मैदानी से ढेकहा जाते समय मेरे दस्तावेजों की फाइल रास्ते में कही गुम गई है। फाइल गिर जाने के कारण उसमें रखें महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित मेरा ANM डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी गुम गया है।

अतः जिस सज्जन व्यक्ति को मिले कृपया इस मो.: 8109860044 पर सूचित करें। पता: बनकुइंया रोड, गैस गोदाम के पास रीवा (म.प्र.)।

ज्योति पांडे
Enroll No.: 21111ANMJ111103
RN-82537

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म0प्र0)**
website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in
phone no. 07662-255200, Fax: 255380

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 02/सा./ 2025-26 — रीवा दिनांक 13.06.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा फार्म (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_430834_1 | अनूपपुर | जैतहरी-महुदा-परासी-धुरवासिन-कोतमा मार्ग लंबाई 23.30 कि.मी. का उन्नयन कार्य । | प्रथम | 24 माह वर्षाकाल सहित | 3773.51 | 1886755/- | 50000/- |
| 2 | 2025_PWDRB_430835_1 | अनूपपुर | हॉलीडे होम्स से सोनमुड़ा नर्मदा मंदिर से मांई की बगिया मार्ग ल. 4.80 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 15 माह वर्षाकाल सहित | 788.07 | 788070/- | 20000/- |
| 3 | 2025_PWDRB_430836_1 | उमरिया | राम मंदिर ताला से सोनभद्र पहुंच मार्ग लं. 5.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 529.70 | 529700/- | 20000/- |
| | | | | | Total:- | 5091.28 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 20.06.2025 से अंतिम तिथि 11.07.2025 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
लो0नि0वि0 रीवा परिक्षेत्र रीवा
G- 14442/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 08/2025-26 — सीधी, दिनांक 16.06.25

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :-

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_430893 | उपसंभाग सीधी के अन्तर्गत बारी पनियरा मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य (अनुबंध क्र. 42 वर्ष 2018-19 दिनांक 08.08.2018 के परफारमेन्स गारंटी अन्तर्गत) लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.25 | 10.87 | 1. 21740 2. 2000 | 1. द्वितीय आमंत्रण 2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 10.87 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 19.06.2025 सुबह 10.30 से 03.07.2025 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के.परते)
कार्यपालन यंत्री,
लो0नि0वि0, संभाग सीधी (म.प्र)
G- 14446/25

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक -701/ई-टेंडर/जोन-01/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 13.06.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एव जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_417975_2 13.06.2025 [SECOND CALL] 566/21.04.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-02 में विंध्य विहार कॉलोनी में संदीप द्विवेदी जी के घर के पास पार्क के उत्तर दिशा में RCC नाली कवर निर्माण का कार्य। | 02 माह ₹0.94 लाख | ₹1000.00 ₹1880.00 | 23.06.2025 18:00 बजे तक। |
| 2. | 2025_UAD_422750_2 13.06.2025 [SECOND CALL 616/13.05.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-04 में चोरहटी मुख्य मार्ग में यदव बस्ती में RCC पुलिया निर्माण का कार्य। | 01 माह ₹0.78 लाख | ₹1000.00 ₹1560.00 | 23.06.2025 18:00 बजे तक। |
| 3. | 2025_UAD_410602_2 13.06.2025 [SECOND CALL] 504/19.03.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-34 में (1) शंकर केवट जी के घर से अजय सेन जी के घर तक एवं जुम्मन खान जी के घर से यूसुफ भाई के घर तक कवर सहित नाली निर्माग का कार्य, (2) रामचंद्र द्विवेदी जी के घर से राजेश तिवारी जी के घर तक एवं भैयू खान जी के घर से शकील अहमद जी के घर तक नाली कवर निर्माण का कार्य। | 02 माह ₹4.42 लाख | ₹2000.00 ₹4420.00 | 23.06.2025 18:00 बजे तक। |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जोन क्र.01
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

# जिला योजना भवन में विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**जागरण, मंडला ।** जिला योजना भवन में समय-सीमा तथा विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने टीएल प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग प्रमुख टीएल प्रकरणों को गंभीरता से लें, स्वयं फॉलोअप करते हुए समय सीमा में टीएल प्रकरणों का निराकरण कराएं। उन्होंने जनभागीदारी, भवनविहीन आंगनवाड़ी, बीपीएल सूची, जल भूमि पर अतिक्रमण जैसे विषयों की चर्चा करते हुए कहा कि इनसे संबंधित टीएल प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत कराएं। उच्च न्यायालय के अवमानना के प्रकरण के संबंध में समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि समस्त संबंधित जिला अधिकारी प्रत्येक अवमानना प्रकरण के कम्पलाईंस कराते हुए कोर्ट में प्रतिवेदन जमा करें। प्रतिवेदन पावती की एक कॉपी जिला शाखा में जमा कराना सुनिश्चित करें। रिट पिटिशन के प्रकरणों में समय पर समुचित जवाब माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करें। संबंधित जवाब की एक प्रति जिला शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि जिला की ग्रेडिंग जारी होने में बहुत कम समय बचा है इसलिए सभी विभाग प्रमुख प्राथमिकता से मई माह की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित शिकायतों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विभागों की रैंकिंग पर विपरीत असर पड़ता है इसलिए इन शिकायतों को गंभीरता से लें। समग्र ईकेवाईसी के संबंध में उन्होंने कहा कि इस सप्ताह भी पिछले सप्ताहों की तरह ही कैम्प लगाकर समग्र ईकेवाईसी का कार्य कराएं। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के इंडीकेटर्स के संबंध में कहा कि सभी इंटीकेटर्स को ध्यान से पढ़ें और अपने बेसिस प्वाईंट बढ़ाकर स्कोर बेहतर करें। बैठक में ई-ऑफिस, ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूल खुलने, अमानक खाद-बीज के विक्रय पर कार्यवाही, जल गंगा संवर्धन अभियान, सीडबाल पौधारोपण, ब्लड डोनेशन कैम्प सहित अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## मंडला से अगवा छात्रा नागपुर में मिली पूर्व प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार

**मंडला ।** मंडला जिले में शुक्रवार को ग्राम कटरा स्थित कम्प्यूटर सेंटर के सामने से दिनदहाड़े अगवा की गई एक छात्रा को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नागपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने छात्रा के पूर्व प्रेमी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार हॉस्टल में रहने वाली यह छात्रा को शुक्रवार के दिन आरोपी ने कुछ समान देने के बहाने बहार बुलाया, जिसके वह अपनी सहेली के साथ कम्प्यूटर सेंटर के बाहर आई। इसी दौरान दो बाइक सवार युवकों ने युवती से बातचीत शुरू की और फिर उसे जबरन बाइक पर बिठाकर फरार हो गए। इस पूरी घटना का एक अन्य बाइक सवार युवक ने वीडियो भी बनाया। छात्रा की सहेली ने तुरंत कम्प्यूटर सेंटर संचालक को घटना की सूचना दी। इसके बाद पीड़िता के परिजनों ने मंडला कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई और घटना का वीडियो भी पुलिस को सौंपा, जिसमें दो व्यक्तियों के बीच एक लड़की को बैठाकर ले जाते हुए साफ देखा जा सकता था।कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी तारेंद्र चिचाम और अगवा की गई छात्रा के बीच पहले से जान-पहचान थी। कुछ दिनों से उनके बीच विवाद चल रहा था, जिसके बाद तारेंद्र ने अपने साथी परशुराम के साथ मिलकर इस अपहरण की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि अपहरण के बाद रास्ते में परशुराम उतर गया और रामेश्वर मरावी नाम के तीसरे आरोपी ने गाड़ी चलाई। युवती को घंसौर के रास्ते नागपुर ले गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टीम गठित की और युवती को नागपुर से सकुशल बरामद कर लिया। अपहरण के आरोप में तारेंद्र चिचाम, परशुराम और रामेश्वर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सागर लोकायुक्त ने 4 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को रंगे हाथों पकड़ा

## वसीयत नामांतरण के लिए मांगी थी रिश्वत



**जागरण, छतरपुर ।** सागर लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को छतरपुर में एक भ्रष्ट पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी ने वसीयत के नामांतरण के लिए 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 4 हजार रुपये लेते समय उसे पकड़ा गया। इस कार्रवाई ने क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती का संदेश दिया है। लोकायुक्त की कार्रवाई छतरपुर तहसील के गहरवार हल्का नंबर-29 के पटवारी श्यामलाल अहिरवार के खिलाफ हुई। निरीक्षक रंजीत सिंह ने बताया कि फरियादी पुष्पेंद्र अहिरवार निवासी निवरिया ने शिकायत की थी कि उनके नाना की मृत्यु के बाद जमीन के वसीयत नामांतरण के लिए पटवारी श्यामलाल ने 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी, जिसमें से 1 हजार रुपये वह दे चुका है। शेष रा?शि की मांग को लेकर पटवारी द्वारा पुष्पेन्द्र को परेशान किया जा रहा था, जिसके चलते पुष्पेंद्र ने सागर लोकायुक्त में शिकायत कर दी। लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद ट्रैप की योजना बनाई। निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को पटवारी श्यामलाल को उनके देरी रोड कृष्णा कॉलोनी स्थित निवास पर 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। ?फरियादी पुष्पेंद्र अहिरवार ने बताया कि पटवारी ने बिना रिश्वत लिए नामांतरण करने से साफ मना कर दिया था। लोकायुक्त ने पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। श्यामलाल के घर से कुछ दस्तावेज और साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं।

# नौगांव तहसील और SDM कोर्ट में वर्षों से जमे अटैच कर्मचारी आदेशों की खुलेआम कर रहे अवहेलना




**जागरण, नौगांव ।** छतरपुर जिले की नौगांव तहसील एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण सुर्खियों में है। शासन द्वारा बार-बार जारी किए गए आदेश के बावजूद तहसील और एसडीएम कोर्ट में नियम विरुद्ध तरीके से वर्षों से अटैच कर्मचारियों को बैठाए रखा गया है। हैरानी की बात यह है कि शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी प्रकार के अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं बावजूद इसके नौगांव तहसील में कई कर्मचारी वर्षों से अटैचमेंट के नाम पर कुर्सियों से चिपके बैठे हैं।प्रश्न यह उठता है कि जब अटैचमेंट पर प्रतिबंध है, तो यह कर्मचारी किस नियम के तहत पदस्थ हैं? क्या यह आदेश सिर्फ आम कर्मचारियों के लिए हैं, या फिर कुछ खास लोगों पर नियम लागू नहीं होतेजनता और ईमानदार कर्मचारियों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि कुछ चहेते कर्मचारी प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं क्या यह भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या हैसूत्रों के अनुसार अब इस मामले में उच्चस्तरीय जांच की तैयारी है। जांच में यह साफ़ किया जाएगा कि किन अधिकारियों की शह पर ये अटैचमेंट लंबे समय से जारी हैं और किन नियमों का उल्लंघन हुआ है।

## बच्ची के गले में फंसे सिक्के को निकलवाने दिल्ली से छतरपुर आए परिजन

**छतरपुर ।** छतरपुर के डॉ. मनोज चौधरी ने एक साढ़े 3 साल की बच्ची के गले में फंसे सिक्के को बिना ऑपरेशन के निकालकर उसकी जान बचा ली। खास बात यह है कि बच्ची के परिजन उसे दिल्ली में ऑपरेशन की सलाह के बाद निराश होकर छतरपुर लाए थे, जहां कुछ ही घंटों में डॉ. चौधरी ने बच्ची को स्वस्थ कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिव्यांशी रजक उम्र साढ़े 3 वर्ष के पिता अनादि रजक निवासी बुड़ेरा गांव जिला टीकमगढ़, दिल्ली में मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 दिन पहले दिव्यांशी के गले में 5 रुपये का सिक्का फंस गया था। दिल्ली के एक अस्पताल में चिकित्सकों ने बिना गारंटी के ऑपरेशन की सलाह दी। एक परिचित प्रेमनारायण ने छतरपुर के डॉ. मनोज चौधरी का जिक्र किया। रविवार सुबह परिजन बच्ची को लेकर छतरपुर पहुंचे और डॉ. चौधरी से संपर्क किया। कुछ घंटों में ही डॉ. चौधरी ने बिना ऑपरेशन के सिक्का निकाल लिया। बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है। डॉ. मनोज चौधरी ने बताया कि बच्ची को दिल्ली में ऑपरेशन की सलाह दी गई थी, लेकिन रिश्तेदारों की सलाह पर परिजन छतरपुर आए। सिक्का आहार नाल में फंसा था, जिसके कारण बच्ची केवल लिक्विड डाइट पर थी। लंबे समय तक सिक्का फंसे रहने से घाव का खतरा था। सावधानीपूर्वक प्रक्रिया से सिक्का निकाला गया। परिजनों ने डॉ. चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# इकरा ने 386 प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

### वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश



**रीवा।** रविवार 15 जून को स्थानीय मिलन गार्डन में मुस्लिम समाज की सामाजिक संस्था सूफी इकरा प्रतिभा सम्मान समिति द्वारा अपने समाज के एलकेजी से पोस्ट ग्रेजुएशन तक की परिक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 386 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र हज कमेटी के जिला अध्यक्ष रफत वारसी, विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष कांग्रेस प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू एवं कटनी भाजपा अल्प संख्यक प्रकोष्ट अध्यक्ष नवाब खान ने उपथित रह कर बच्चों को पुरस्कृत कर अपने महत्वपूर्ण उदबोधनों के माध्यम से शिक्षा के महत्व एवं शिक्षा समाज और देश के विकास में कैसे जरूरी है इस बात पर जोर देते हुए कहा कि मुस्लिम समाज के लिए एक एसी धारणा बन चुकी है कि यह समाज शिक्षा के क्षेत्र में पीछे है लेकिन वर्तमान परिवेश में यह धारणा धीरे-धीरे बदल रही है। जो आज इस खचाखच भरे हाल में उपस्थित 386 बच्चों की उपस्थिति से प्रभावित होती है जिन्होने अपनी-अपनी परिक्षाओं में अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त की है। रफत वारसी जीने समाज को संदेश दिया कि कम खाओ भूखे रहो लेकिन अपने बच्चो को पढ़ाओ। वीरेन्द्र गुप्ता ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि समाज के इतने बच्चों का उत्साह के साथ उपस्थित होगा। गुरमीत सिंह मंगू द्वारा उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों से अपील की कि शिक्षा के महत्व को स्वीकारने पर ही अल्प संख्यक का भला हो सकता है आज के कार्यक्रम की निरन्तरता आवश्यक है ऐसे कार्यक्रम केवल बच्चों को प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते है। कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि रीवा के चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ज्योति सिंह, डॉ राकेश पटेल, डॉ यासमीन सिद्दीकी, डॉ अखिलेश पटेल, डॉ असगर हुसैन निजामी द्वारा काफी समय तक कार्यक्रम में उपस्थित रह कर पुरस्कृत करने में सहभागिता निभाई और बच्चो को आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की।

कार्यक्रम में 9वीं, 10वीं एवं 12वीं के लिए अयाज मेमोरियल अवार्ड फी सोल्ड क्रमशः रेहान आलम, अफील अंसारी, तस्मिया अंसारी ने अपनी-अपनी परिक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त हासिल की वहीं क्लास 11वीं का मेफ साफ्ट अवार्ड शबनम अंसारी और ग्रेजुएशन हाजी अब्दुल अहद अवार्ड नौसीन खान को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सूफी इकरा प्रतिभा सम्मान समिति के पदाधिकारी हाजी मो इलियास खान एवं सचिव हाजी मो आमीन द्वारा कार्यक्रम की जानकारी एवं भावी योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजन समाज चिंतक एवं अभिभावकों की उपस्थिति के साथ आयोजन समिति के सदस्य हाजी इलियास, हाजी यामीन खान, अब्दुल रसीद, हाजी मो अमीन खान, जाकिर हुसैन, हाजी. रईसुद्दीन सिद्दीकी, हाफिज सौखी, अब्दुल वाजिद, गुलाब भाई भाजपा अल्पसंख्यक अध्यक्ष, सोहराब एड., मास्टर मुजीब सा, हाजी इदरीश, मिर्जा अख्तर हुसैन उपस्थित रहे।

# रेलिंग तोड़ते हुए बालई नदी में गिरा डम्पर, जबलपुर-मंडला रोड पर दर्दनाक हादसा; चालक की मौत

## रेत से लोड डम्पर का सुबह 4 बजे हुआ हादसा, एसडीईआरएफ ने निकाला शव



**जागरण, मंडला।** जबलपुर-मंडला मार्ग पर सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में एक डम्पर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए बालई नदी में जा गिरा। हादसे में डम्पर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि डम्पर रेत से भरा हुआ था और मंडला से जबलपुर की ओर जा रहा था। घटना सुबह 4 बजे के करीब नारायणगंज क्षेत्र में बालई नदी पुल के पास घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार डम्पर जैसे ही पुल पर पहुंचा, चालक संतुलन खो बैठा। डम्पर पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ करीब 30 फीट नीचे नदी में जा गिरा। घटना इतनी भीषण थी कि डम्पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने जब नदी में डम्पर गिरा देखा, तब जाकर पुलिस को सूचना दी गई।जानकारी मिलते ही नारायणगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू के लिए एसडीईआरएफ टीम को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद चालक का शव डम्पर से बाहर निकाला जा सका। मृतक की शिनाख्त प्रहलाद सिंह के रूप में हुई है, जो जबलपुर जिले के मानेगांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को नारायणगंज के स्वास्थ्य केंद्र भेजा है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। साथ ही घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

## सरदार प्रहलाद सिंह को सिंधु रत्न से किया गया सम्मानित

**रीवा।** वरिष्ठ समाज सेवी व सिंधी समाज के अगुआ सरदार प्रहलाद सिंह का जन्मदिन उल्लास पूर्वक मनाया गया। सिंधी समाज के लोगों ने भगवान श्री झूलेलाल मंदिर सिंधु भवन में आरती अरदास पल्लव के साथ केक कटवाकर श्रीफल शाल पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। स्वागत भवन के वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को बेडशीट सेट मिठाई एवं अन्य जरूरत की चीजें प्रदान करते हुए पंचमठा धाम देवभूमि में बिहर गंगा आरती श्री राम नाम पूजन अर्चन एवं अनेक पतित पावन कार्यक्रम के साथ सभी वर्गों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई समय-सीमा बैठक



## अवैध शराब पर ठोस कार्यवाही के निर्देश

**जागरण, डिंडोरी ।** सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन कर जिले के विभिन्न विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। समय सीमा की बैठक में राजस्व, खनिज, कृषि, खाद्य, पर्यटन, शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत, वन, विद्युत सहित अन्य प्रमुख विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पीएमजीएसवाय सड़कों के किनारे वृक्षारोपण हेतु गड्ढों की खुदाई, सिटी फॉरेस्ट डेवलपमेंट, तथा जिला पंचायत की स्थापना शाखा में लंबित फाइलों, जांचों और नोटिसों की समीक्षा की। विद्युत विभाग को आगामी वर्षा ऋतु की पूर्व तैयारियों विशेषकर झूलते तारों की मरम्मत एवं स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। नगर परिषद से संबंधित विषयों पर उन्होंने नियमित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों को 30 जून 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने जिले में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# भाजीटोला सरपंच पर वित्तीय अनियमितता का आरोप दस्तावेज न देने पर तीन दिन में मांगा जवाब

## तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण नहीं देने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**जागरण, डिंडोरी ।** ग्राम पंचायत भाजीटोला की सरपंच अनुसुईया परतेती पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। जनपद पंचायत समनापुर द्वारा की गई जांच में कई विकास कार्यों के अभिलेख अनुपलब्ध पाए गए, जिससे संबंधित कार्यों की वास्तविकता की पुष्टि नहीं हो सकी। इस पर जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और तीन दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच प्रतिवेदन के अनुसार, ग्राम पंचायत भाजीटोला में पेयजल व्यवस्था हेतु 2.80 लाख रुपये की राशि आहरित की गई, जबकि नल-जल योजना के दोनों बोर बंद पाए गए और गांव में जल आपूर्ति पूर्णतः ठप है। इस कार्य से संबंधित कोई दस्तावेज जांच दल को नहीं सौंपे गए।इसके अतिरिक्त दुर्गा मंदिर से शिवचरण के घर तथा पंचायत भवन से नदी तक नाली निर्माण कार्य स्थल पर मिला, परंतु इन कार्यों की नस्ती भी प्रस्तुत नहीं की गई। साथ ही मनरेगा योजना अंतर्गत फर्जी मस्टर रोल बनाकर मजदूरी भुगतान और अपूर्ण पुलिया निर्माण कार्यों की भी शिकायतें जांच में सामने आई हैं। सीसी रोड निर्माण में भी गड़बड़ी उजागर हुई, जहां दो स्थानों पर कार्य तो मिला, परंतु उससे संबंधित कोई अभिलेख जांच टीम को नहीं दिए गए।जिला पंचायत द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि दस्तावेजों की अनुपलब्धता और जांच में सहयोग न देना, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और प्रशासनिक कार्यों में घोर लापरवाही का संकेत देता है। यह मध्यप्रदेश पंचायतराज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के प्रतिकूल है। सरपंच को निर्देशित किया गया है कि वह तीन दिवस के भीतर समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें, अन्यथा उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगी।

## श्री मतँगेश्वर महादेव जी के प्रांगण में सीआईएसएफ के जवानों ने किया योगाभ्यास

**खजुराहो ।** हर वर्ष की भांति विश्व योग दिवस पर खजुराहो एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों द्वारा योग का कार्यक्रम रखा जाता है जिसमे मतँगेश्वर सेवा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहते हैं। योग प्रशिक्षक निरुपम गोगोई ने बताया कि योग की अनेक विशेषताएं हैं, जिनमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ शामिल हैं। यह शारीरिक फिटनेस, लचीलापन, और शक्ति को बढ़ाता है। योग तनाव कम करने, मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार करने, और बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद करता है इसके अतिरिक्त, योग ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है, वजन प्रबंधन में सहायता करता है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। इस योग कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम खजुराहो के सभी प्रमुख मंदिरों मे किया जाता है। इस अवसर पर विशेष रूप से सुश्री उर्वशी साव, खजुराहो निरीक्षक परमानन्द वर्मा, हरेराम पाशवान एवं सी आईएसएफ के अन्य सदस्य बल उपस्थित रहे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत गौरा कन्हारी में शिविर संपन्न

## जनजातीय सशक्तिकरण हेतु जागरुकता सहभागिता और सेवा का समन्वित प्रयास



**जागरण, डिंडोरी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौराकन्हारी में 15 जून 2025 को सामुदायिक भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत गौराकन्हारी एवं ग्राम बंजरा के समन्वय से सम्पन्न हुआ। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी देने के साथ-साथ प्रत्यक्ष लाभ भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सरपंच गौराकन्हारी एवं बंजरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।शिविर के प्रमुख बिंदु जनजातीय समुदाय के उत्थान से जुड़ी योजनाओं की जानकारी, पात्र हितग्राहियों का ऑन स्पॉट पंजीयन, विभिन्न दस्तावेजों की जांच और मार्गदर्शन, ग्राम विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार और स्वच्छता पर चर्चा, शासन की एक पेड़ माँ के नाम, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, ई-केवाईसी जैसी योजनाओं की जानकारी।उद्देश्य और अपेक्षित परिणाम धरती आबा अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल ग्रामों में शासन की प्राथमिकताओं को समेकित रूप से लागू करना है, जिससे जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। ग्राम गौराकन्हारी जैसे सुदूर क्षेत्र में इस शिविर के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सेतु स्थापित किया गया। जनसुनवाई और सुझाव भी लिए गए शिविर के दौरान ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर समाधान हेतु आश्वासन दिया गया। शिविर शासन-प्रशासन की संवेदनशीलता और सेवा भाव को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में सरपंच द्वारा सभी ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने, वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने और ग्राम विकास में सहयोग की अपील की गई।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के चौथे इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**जागरण, छतरपुर ।** थाना गौरिहार अंतर्गत ग्राम गहबरा में दिसंबर 2024 में हुए सनसनीखेज हत्या के प्रयास मामले में गौरिहार पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सोमवार सुबह सात हजार रुपए के इनामी चौथे आरोपी छुटकू उर्फ अवनेंद्र तिवारी पिता रमेश उर्फ चुन्नू तिवारी, निवासी चुरियारी को उसके गांव से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। मामले में फरियादी संजय तिवारी पर जानलेवा हमला कर बंदूक से फायर कर गंभीर चोट पहुंचाई गई थी। मेडिकल रिपोर्ट, पीड़ित के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर थाना गौरिहार में आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

**इससे पहले तीन आरोपी :** पंकज शुक्ला, रोहित शुक्ला दोनों निवासी गहबरा, बद्दा उर्फ राम सजीवन माली निवासी चुरियारी को क्रमश- घटना के तीन दिन बाद व मार्च माह में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी छुटकू उर्फ अवनेंद्र तिवारी एक आदतन अपराधी है और उस पर हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, चोरी, मारपीट जैसे कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संदीप दीक्षित, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार शुक्ला, जीवनलाल प्रजापति, आरक्षक अमित शर्मा, महेंद्र सचान, कमलेश लोधी और दीपक चौरसिया की अहम भूमिका रही।

**मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
भोपाल-462003 (म.प्र.) भारत

वि.क./प्र.म./स्था./अ.सं./2025/1157 दिनांकः 16/06/2025

**अस्थाई संकाय पदों पर नियुक्ति हेतु वाक-इन-इंटरव्यु**

अस्थाई संकाय पदों पर नियुक्ति हेतु वाक-इन-इंटरव्यू निम्नलिखित विभागों में आयोजित किये जाएगें:-

1. वास्तुकला एवं योजना
2. जैविक विज्ञान अभियांत्रिकी
3. कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी
4. विद्युतीय अभियांत्रिकी
5. गणित, जैवसूचना विज्ञान एवं संगणक अनुप्रयोग
6. मानविकी

जिन उम्मीदवारों ने अपने पूरे करियर में पहले से पाँच सेमेस्टर या इससे अधिक इस संस्थान में सेवा की है, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नही किया जायेगा। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन एवं रिज्यूम मय फोटोग्राफ एवं स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों को सम्बंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में इंटरव्यू की दिनांक एवं समय पर या इससे पहले जमा कर सकते है।
योग्यता, पारिश्रमिक, इंटरव्यू की तिथि आदि के लिए विस्तृत विज्ञापन संस्थान की वेबसाइट www.manit.ac.in पर देखा जा सकता है।

कुलसचिव

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## इजरायल की आक्रामक कार्रवाई से शुरू हो सकता है नया सिलसिला

इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है। अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया।

ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है।

इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 फीसद बढ़ गईं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित

> इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अचानक हमला करके सबको चौंका दिया है, जिससे क्षेत्र में अनिश्चितता बढ़ गई है। अमेरिका ने इस कार्रवाई में अपनी भागीदारी से इनकार किया है, लेकिन ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका है।

करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था।

इजरायल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। यह बात भी सच है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। रविवार को दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इजरायल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। वह खुद को इजरायल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता है जहां से 21 फीसद ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है।

# अस्थिर होगा पश्चिम एशिया, उलट सकता है आर्थिक परिदृश्य

अन्तर्राष्ट्रीय अस्थिरता

अमीन सैकाल

इस खुफिया जानकारी के मिलते ही कि कुछ ही महीनों में ईरान परमाणु हथियार बनाने में सफल हो जाएगा, इजराइल ने उसके परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए हवाई हमला शुरू कर दिया। इजराइल के हवाई हमलों ने ईरान के मुख्य परमाणु संवर्धन सुविधा के साथ-साथ इसकी हवाई सुरक्षा और लंबी दूरी की मिसाइल सुविधाओं को भी निशाना बनाया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयतुल्ला खामनेई ने जवाब में कड़ी सजा देने की घोषणा की है। ईरान संभवतः इजराइल के परमाणु ठिकानों और फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना सकता है। इजराइल ने दावा किया कि हमले के कुछ ही घंटों बाद ईरान ने उसकी तरफ 100 ड्रोन दागे। हाल के हफ्तों में यह कूटनीतिक प्रयास ट्रंप की इस मांग के कारण रुक गया कि ईरान शून्य-यूरेनियम संवर्धन की स्थिति पर सहमत हो और 60 फीसदी शुद्धता के स्तर पर लगभग 400 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम के अपने भंडार को नष्ट कर दे। लेकिन तेहरान ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पहले भी वाशिंगटन से ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान में शामिल होने का आग्रह किया था। लेकिन अमेरिकी नेताओं ने पश्चिम एशिया में एक और युद्ध छेड़ना या उसमें शामिल होना उचित नहीं समझा, खासकर इराक में पराजय और अफगानिस्तान में असफल हस्तक्षेप के बाद। इजराइल की सुरक्षा और क्षेत्रीय वर्चस्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बावजूद, ट्रंप तेल समृद्ध अरब देशों के साथ अपने संबंधों की कीमत पर नेतन्याहू से बहुत निकटता से जुड़ने के इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में पश्चिम एशिया की यात्रा की, जबकि इजराइल को दरकिनार कर दिया। इस हफ्ते ट्रंप ने नेतन्याहू को चेतावनी भी दी थी कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे ईरान के साथ अमेरिका की परमाणु वार्ता कमजोर हो जाए।

ट्रंप प्रशासन ने इस हमले से खुद को अलग कर लिया है। पर यह देखना अभी बाकी है कि ईरान द्वारा जवाबी कार्रवाई किए जाने पर क्या अमेरिका अब इजराइल की रक्षा के लिए इसमें शामिल



> एक बड़ा संघर्ष न केवल पहले से ही अस्थिर पश्चिम एशिया को और अस्थिर करेगा, बल्कि नाजुक वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को भी उलट सकता है। जाहिर है, पश्चिम एशिया एक बार फिर संभावित विनाशकारी युद्ध के मुहाने पर खड़ा है, जिसके गंभीर क्षेत्रीय और वैश्विक परिणाम होंगे। गौरतलब है कि इजराइल ने यह हमला तब किया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच मध्य अप्रैल से परमाणु समझौता वार्ता चल रही है।

होगा। एक बड़ा संघर्ष न केवल पहले से ही अस्थिर पश्चिम एशिया को और अस्थिर करेगा, बल्कि नाजुक वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को भी उलट सकता है। ट्रंप के पास परमाणु वार्ता के बहाने नेतन्याहू को रोकने के अच्छे कारण थे। लेकिन अब जबकि नेतन्याहू ने ईरान पर हमला कर ही दिया है, तो देखना होगा कि समय रहते एक बड़े युद्ध को टाला जा सकता है या नहीं।

**सैन्य ताक़त में कौन आगे**

ईरान की मिसाइल क्षमता उसकी सैन्य ताक़त का अहम हिस्सा है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज ने दोनों देशों के हथियारों, मिसाइलों और हमला करने की ताकतों की तुलना की है। इसके लिए कई तरह के आधिकारिक और सार्वजनिक स्रोतों का इस्तेमाल किया गया है। कुछ अन्य संगठन जैसे स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट भी देशों की सैन्य क्षमताओं का आकलन करते हैं। लेकिन जो देश अपनी सैन्य क्षमताओं के आंकड़े जाहिर नहीं करते उनका सटीक आकलन मुश्किल है।

आईआईएसएस के मुताबिक़ ईरान की तुलना में इजराइल का रक्षा बजट सात गुना बड़ा है। इससे किसी भी संभावित संघर्ष में उसका पलड़ा मजबूत दिखाई पड़ता है। आईआईएसएसएस के मुताबिक़ 2022 और 2023 में ईरान का रक्षा बजट 7.4 अरब डॉलर का था।

जबकि इजराइल का रक्षा बजट 19 अरब डॉलर के आसपास है। जीडीपी की तुलना में इजराइल का रक्षा बजट ईरान से दोगुना है।

**टेक्नोलॉजी में कौन आगे**

आईआईएसएस के आंकड़ों के मुताबिक़, इजराइल के पास हमले के लिए तैयार 340 लड़ाकू विमान हैं। इससे इजराइल सटीक हमले करने में मजबूत स्थिति में है। इजराइल के पास एफ-15 विमान हैं जो लंबी दूरी तक मार कर सकते हैं। इजराइल के पास छिप कर वार करने वाले एफ-35 लड़ाकू विमान भी हैं जो रडार को चकमा दे सकते हैं। उसके पास तेज हमले करने वाले हेलीकॉप्टर भी हैं।

**संघर्ष में भारत का क्या रुख़ होगा? :** क्या भारत के लिए इतना आसान है कि वह इजराइल या ईरान में किसी एक के साथ खड़ा दिखे? ऐसे में सवाल ये भी उठता है कि इजराइल और ईरान पूरी तरह से युद्ध में जाते हैं तो भारत पर इसका क्या असर होगा? थिंक टैंक ओआरएफ़ में स्ट्रैटेजिक स्टडीज के फेलो कबीर तनेजा ने लिखा है, इजराइल और ईरान के बीच टकराव में भारत का रुख़ संतुलनवादी होगा। बाक़ी दुनिया की तरह भारत परमाणु शक्ति संपन्न ईरान के पक्ष में नहीं है। इंडो-पैसिफिक एनलिस्ट डेरेक ग्रॉसमैन मानते हैं कि, भारत इजराइल का समर्थन करेगा लेकिन ये बिना शर्त नहीं होगा। निश्चित तौर पर भारत ईरान पर इसराइली हमले का समर्थन नहीं करेगा। पिछले महीने जब भारत ने पाकिस्तान के भीतर हमला किया था तो इजराइल ने खुलकर भारत का समर्थन किया था। इसराइल ने कहा था कि भारत के पास आत्मरक्षा का अधिकार है। वहीं ईरान ने भी दोनों देशों के बीच तनाव ख़त्म करने के लिए मध्यस्थता की कोशिश की थी, खुद को तटस्थ रखा था।

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि दोनों देशों को डिप्लोमैसी के ज़रिए विवाद को सुलझाना चाहिए और टकराव से बचना चाहिए. भारत ने कहा, ईरान इजराइल दोनों से भारत के दोस्ताना संबंध हैं और हम हर तरह की मदद के लिए तैयार हैं। दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के वेस्ट एशिया स्टडी सेंटर में प्रोफ़ेसर रहे आफ़ताब कमाल पाशा ने कहते हैं कि यह युद्ध अब थमेगा नहीं बल्कि आने वाले दिनों में इसका दायरा और बढ़ेगा। संभव है कि ईरान अभी हमला न करे लेकिन वो बदला तो लेगा। यह सिलसिला थमेगा नहीं। अमेरिका भले कह रहा है कि वह इस युद्ध में शामिल नहीं है लेकिन इजराइली बॉम्बर क़तर में स्थित अमेरिकी एयर फोर्स बेस से ईंधन ले रहे हैं। ज़ाहिर है कि इसमें अमेरिका का हाथ है। जो ड्रोन ईरान ने इजराइल में हमले के लिए भेजे थे, उन्हें अमेरिका ने मारकर गिरा दिया। अमेरिका ने ईरानी ड्रोन को इजराइल पहुँचने ही नहीं दिया। इसके अलावा सऊदी अरब और जॉर्डन ने भी अमेरिका के दबाव में इजराइल को अपना एयर स्पेस इस्तेमाल करने दिया। यह जंग ईरान और इजराइल तक सीमित नहीं है।

# स्वच्छ ऊर्जा ही बढ़ती मांग को पूरा करने की किफायती रणनीति

हरित ऊर्जा

आरुषी रेलन, संयोगिता सातपुते

इस बार समय से पहले मानसून आने के बावजूद कई राज्य बिजली की कमी का सामना कर रहे हैं। बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में शाम के समय बिजली की मांग पूरी करने में 1.5 गीगावाट तक की कमी देखी जा रही है। शाम व रात को खरीदी जाने वाली बिजली, विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के लिए महंगी पड़ती है, जबकि दिन में सस्ती होती है। सवाल उठता है कि भारत कैसे बिजली की कमी को टालकर सस्ती बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित कर सकता है? काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के हालिया अध्ययन में सामने आया है कि अगर बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है, तो भारत को 2030 में बिजली की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है, भले ही 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य पूरा हो जाए। लक्ष्य बढ़ाना और सभी राज्यों में अधिक समानतापूर्ण विस्तार के साथ 600 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता स्थापित करना ही बढ़ती मांग को पूरा करने की उपयुक्त और किफायती रणनीति होगी। इससे केवल 2030 में बिजली खरीद लागत में 42,400 करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है और इस दशक के अंत तक एक लाख अतिरिक्त नौकरियां पैदा हो सकती हैं। साथ ही वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले प्रदूषक उत्सर्जन में 23 फीसदी कमी आ सकती है। इसके लिए भारतीय राज्यों को ये तीन महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे।



> मानसून जल्दी आने के बावजूद बिजली की कमी बनी हुई है। इससे निपटने का कारगर तरीका स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को बढ़ावा देना है, जिससे नौकरियां भी पैदा होंगी। अगर बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है, तो भारत को 2030 में बिजली की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है।

पहला, राज्यों को अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना में तेजी लानी होगी। इसमें राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र सबसे अग्रणी राज्य हैं। हालांकि, विवाद-मुक्त भूमि और ग्रिड कनेक्टिविटी हासिल करने में देरी और अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने में हिचकिचाहट जैसी जमीनी चुनौतियों को दूर करना होगा। दूसरा, राज्यों को एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना में भी तेजी लानी होगी। भारत को 2030 तक 600 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा को विश्वसनीय रूप से एकीकृत करने के लिए 380 गीगावाट-आवर की एनर्जी स्टोरेज की क्षमता स्थापित करने की जरूरत होगी। राज्यों के लिए यह सही समय है कि वे बिजली की कमी के जोखिम को टालने के लिए बैटरी स्टोरेज की स्थापना को प्राथमिकता दें। तीसरा, राज्यों को मांग प्रबंधन से जुड़े कार्यक्रम उपभोक्ताओं को ऊर्जा-कुशल उपकरणों को अपनाने और स्वेच्छा से अपनी बिजली खपत के तरीकों में बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले होने चाहिए। उदाहरण के लिए, मांग प्रबंधन की पहले उपभोक्ताओं को कुछ प्रमुख घंटों के दौरान अपने एयर कंडीशनर (एसी) को थोड़ी देर के लिए बंद करने या वाशिंग मशीन और पानी के पंपिंग मोटरों का उपयोग करने से बचने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। बिजली की पुनर्गठित खुदरा दरें जैसे-अलग-अलग समय में बिजली खपत के लिए अलग-अलग दरें, ऊर्जा कुशल उपकरणों, रूफटॉप सोलर और एनर्जी स्टोरेज समाधानों के उपयोग को प्रोत्साहित कर सकते हैं। हमारे विश्लेषण में सामने आया है कि दस राज्यों में 24 गीगावाट बिजली की मांग में प्रबंधन के जरिये बदलाव लाने से 2030 में बिजली खरीद की लागत 14,000 करोड़ रुपये कम हो सकती है। जब उपभोक्ता अपनी बिजली खपत को मांग के लिहाज से अति-महत्वपूर्ण घंटों (जैसे कई राज्यों में सुबह और शाम में आने वाली ज्यादा मांग वाले घंटे) से हटाकर गैर-महत्वपूर्ण घंटों की तरफ ले जाते हैं, तब बिजली वितरण कंपनियां उन महत्वपूर्ण घंटों के लिए महंगी बिजली खरीदने से बच सकती हैं। बिजली बाजार में नीतियों और विकास के वार्षिक विश्लेषण के अनुसार 2026 तक बिजली क्षेत्र से आपूर्ति, मांग और कार्बन उत्सर्जन के लिए पूर्वानुमान प्रदान करता है। एक रिपोर्ट में पाया गया कि बिजली की मांग की वैश्विक वृद्धि इस वर्ष से 2026 तक औसतन 3.4 फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर बिजली की मांग में लगभग 85 फीसदी वृद्धि भारत, चीन और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से आने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके साथ ही सौर, पवन , जल, परमाणु और अन्य कम उत्सर्जन वाले ऊर्जा स्रोतों से रिकॉर्ड उत्पादन से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो जाएगी। कई विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में - बढ़ती जनसंख्या और औद्योगिकीकरण के कारण - वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2026 तक जारी रहने की उम्मीद है। अफ्रीकी देशों के लिए अपने आर्थिक और जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी नागरिकों के लिए विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा तक पहुँच आवश्यक है।

## ॥गीता॥



**श्लोक : लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः । छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः ॥॥**

**भावार्थ :** जिनके सब पाप नष्ट हो गए हैं, जिनके सब संशय ज्ञान द्वारा निवृत्त हो गए हैं, जो सम्पूर्ण प्राणियों के हित में रत हैं और जिनका जीता हुआ मन निश्चलभाव से परमात्मा में स्थित है, वे ब्रह्मवेत्ता पुरुष शांत ब्रह्म को प्राप्त होते हैं ।

जीवन दर्शन

## अपने स्वरूप में स्थिर रहना ही सच्चा आत्म-सम्मान

भगवद गीता आत्म-मूल्य को बाहरी मूल्य से नहीं जोड़ती, बल्कि आत्मा के शाश्वत स्वरूप से जोड़ती है। जब अर्जुन इस संशय में था कि यह युद्ध करना कितना जरूरी है या फिर क्या ये खून-खराबा करना कोई अहमियत रखता है भी या नहीं, तो इसपर श्रीकृष्ण ने उन्हें कहा था कि ये सोचना उनका काम नहीं है। अर्जुन का काम सिर्फ धर्म के लिए युद्ध करना है। उनका काम कर्म करते जाना है बिना ये सोचे कि यह काम कितना जरूरी है या इसका परिणाम कितना जरूरी है। ये युद्ध सही और गलत के बारे में है और अर्जुन का काम हर हाल में सही का साथ देना है। गीता के अनुसार, कर्म पर ध्यान दो, मान-सम्मान पर नहीं। आपका आत्म-मूल्य स्थायी है, चाहे दुनिया उसे



माने या नहीं। गीता के अनुसार, जब हम आत्मा की दृष्टि से स्वयं को पहचानते हैं, तो किसी भी आलोचना, असफलता या अस्वीकृति से हमारा मूल्य कम नहीं होता। यानि दूसरों से मान-सम्मान या प्रशंसा की अपेक्षा मत करो। अपने कर्म को ईमानदारी से करो, यही असली मूल्य है। अपने रास्ते, अपने मूल्य और अपने स्वरूप में स्थिर रहना ही सच्चा आत्म-सम्मान है।

यह कोई बड़ा अनुष्ठान नहीं मांगती, कोई विशेष व्रत नहीं चाहती। केवल इतना चाहिए कि हर क्षण अपने अनुभवों से यह प्रश्न करें- क्या यह नित्य है? क्या हम इसे स्वीकार कर सकते हैं– बिना डगमगाए, बिना अपेक्षा के? यही साधना धीरे-धीरे हमारी चेतना को उस सत्य की ओर ले जाएगी जो न शब्दों में समाता है, न विचारों में।

वह केवल मौन में प्रकट होता है- उसी मौन में जहां आत्मा ब्रह्म से मिलती है और हम स्वयं से।आपको ये समझना जरूरी है कि लोग अक्सर आपकी उपयोगिता को कद्र समझते हैं, आपकी आत्मा को नहीं। भगवद गीता सिखाती है कि आप स्वयं में पूर्ण हैं। आपकी आत्मा अमूल्य है। जब आप खुद को जान लेंगे, तब दुनिया की नज़रें आपके मूल्य को बदलना शुरू करेंगी।

प्रसंगवश

## साइलेंट हार्ट अटैक की वजह डेल्टा वैरिएंट

हाल के वर्षों में वे तमाम घटनाएं ने हर आम भारतीय को विचलित कर रही हैं, जिसमें हम लोगों को खेलते वक्त, दफ्तर में काम करते समय, मंच पर नृत्य करते अचानक बेहोश होकर गिरते देख रहे हैं। इसे साइलेंट हार्ट अटैक के रूप में देखा जा रहा है। तुरत-फुरत अस्पताल ले जाने के बाद पता चलता है कि उस व्यक्ति की तो मृत्यु हो चुकी है। कुछ लोगों ने वैक्सीन के दुष्प्रभावों का जिक्र किया, लेकिन कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया। लेकिन अब एक भारतीय शोध में इस अचानक दिल की धड़कन बंद होने की वजह का पता लगाने का दावा किया गया है। यह तथ्य आईआईटी इंदौर और आईसीएमआर के सहयोग से किए गए नये शोध में सामने आया है। शोध बताता है कि कोविड-19 का डेल्टा वैरिएंट पिछले दिनों की साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं की वजह बना है। साथ ही कुछ लोगों में थायराइड के अनियंत्रित होने की वजह भी इसी वैरिएंट को बताया गया है। बताया जाता है कि हाल ही में, यह शोध 'जर्नल ऑफ प्रोटिओम रिसर्च' में प्रकाशित हुआ है। यह खुलासा ऐसे समय में हो रहा है जब कोविड-19 के एक नये वैरिएंट ने एशिया और अमेरिकी देशों में लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। भारत में भी कुछ मौतों के साथ इसके संक्रमण के बढ़ते मामले दर्ज किए जा रहे हैं। दरअसल, आईआईटी इंदौर और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के साझे प्रयास से हुए शोध में 3134 मरीजों के जुटाए डेटा का उपयोग करके इसे अंजाम दिया गया। जिसमें कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर के दौरान मूल वैरिएंट, अल्फा, बीटा, गामा व डेल्टा वैरिएंट से संक्रमित रोगियों के शरीर के रसायनों में विभिन्न बदलावों से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया गया। इसमें शारीरिक रसायनों में आए बदलाव के साथ ही स्पाइक प्रोटीन के संपर्क में आने वाले फेफड़ों और कोलन सेल का भी विश्लेषण किया गया। हालिया शोध में शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि डेल्टा वैरिएंट ने हार्मोन संतुलन बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभायी। दरअसल, शोध में पाया गया कि डेल्टा वैरिएंट के चलते मानव शरीर में रासायनिक असंतुलन पैदा हुआ था। फलत- कैटेकोलामाइन और थायराइड हार्मोन पैदा करने की प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न हुआ। जिसकी वजह से कोविड से उबरे लोगों में कालांतर साइलेंट हार्ट अटैक और थायराइड में व्यवधान की स्थितियां पैदा हुई। इसी

> शोध बताता है कि कोविड-19 का डेल्टा वैरिएंट पिछले दिनों की साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं की वजह बना है। जिसको लेकर समाज में जागरुकता अभियान चलाने की भी जरूरत है।

हालिया अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ कि कोरोना के शिकार हुए लोगों में स्वस्थ होने के बावजूद, उनके शरीर में यूरिया और अमीनो एसिड मेटाबोलिज्म में व्यवधान होने की पुष्टि भी हुई है। दरअसल, अचानक होने वाली मौतों, जिसे आमतौर पर साइलेंट हार्ट अटैक कहा जाता है, में वे लक्षण नहीं दिखाई देते जो सामान्यतः हार्ट अटैक होने पर नजर आते हैं। मसलन बेचैनी, पसीना आना, सीने में दर्द होना और सांस फूलने जैसे लक्षण दिखाई नहीं दिए। इसमें व्यक्ति कटे पेड़ की तरह अचानक नीचे गिर जाता है, जब तक उसके उपचार की कोशिश होती है तब तक पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। दरअसल,यह स्थिति कार्डियक अरेस्ट से भिन्न है, जिसमें दिल की धड़कन बंद होती है। चिकित्सक इस स्थिति से बचाव के लिये नियमित आधे घंटे टहलने, गैर-संक्रामक रोगों मसलन उच्च रक्तचाप व मधुमेह पर नियंत्रण, तली-भुनी चीजों व डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से परहेज, सिगरेट-शराब से तौबा करने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही साइलेंट हार्ट अटैक आने पर उसे तुरंत कार्डियो पल्मोनरी रिसैसिटेशन यानी सीपीआर देने की राय दे रहे हैं। जिसे लगातार देने से जान बचाने की कोशिश की जा सकती है। जिसको लेकर समाज में जागरुकता अभियान चलाने की भी जरूरत है, क्योंकि रोगी की जान बचाने में सहायक साबित हो सकता है। जिसके बाद आपातकालीन चिकित्सा सुविधा किसी हद तक मददगार साबित हो सकती है। निस्संदेह, शोध के निष्कर्ष सचेतक और मार्गदर्शक हैं। सुखद यह भी है कि यह शोध भारतीय परिवेश में डेल्टा वैरिएंट के प्रभाव से उपजे साइलेंट हार्ट अटैक को लेकर दृष्टि को स्पष्ट करता है। जिसका लाभ भविष्य में नये वैरिएंट के प्रभावों का विशद् अध्ययन करने में भी हो सकता है।

# सप्रे से पहले भी कई विधायकों को मिला सरकार का साथ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र अगले माह संभावित है, लेकिन इसमें बीना विधायक निर्मला सप्रे भाग लेंगी, यह अब तक साफ नहीं हो पाया है। यह अलग बात है कि सप्रे अपने विधानसभा



क्षेत्र में सक्रिय हैं और सरकार का भी उन्हें साथ मिल रहा है। हालांकि यह पहला मामला नहीं है, पूर्व में भी सत्ता पक्ष का समर्थन करने वाले विधायकों को सरकार का अप्रत्यक्ष तौर पर साथ मिलता रहा है। गौरतलब है कि बीना विधायक निर्मला सप्रे ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के मंच पर पहुंचकर कांग्रेस को झटका दिया था और तब से अब तक उनके भाजपा में जाने की चर्चाएं लगातार हो रही हैं। कांग्रेस ने विधानसभा सचिवालय से लेकर हाईकोर्ट तक का रुख किया। सप्रे के बारे में अभी तक यह साफ नहीं है कि वो किस दल में हैं। जानकारों का कहना है सप्रे बीना को जिला बनाने की शर्त पर भाजपा के साथ आई थीं, लेकिन स्थानीय विरोध के चलते उनकी यह मांग अधर में लटकी हुई है।

**प्रदेश की राजनीति के डेढ़ दशक पर गौर करें, तो कई ऐसे विधायक हैं, जिन्होंने सत्ताधारी दल का दामन थमा है।**

**चौधरी राकेश सिंह:** दिग्विजय सिंह सरकार में मंत्री रहे कद्दावर नेता चौधरी राकेश सिंह ने वर्ष 2013 में उस



समय भाजपा की शिवराज सिंह सरकार का साथ दिया था, जब कांग्रेस सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर सदन में चर्चा कर रही थी। इस पर तकरीबन 25 घंटे से ज्यादा सत्ता और विपक्षी दलों ने सदस्यों द्वारा चर्चा की गई थी। चर्चा के दौरान ही तत्कालीन उपनेता प्रतिपक्ष चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने अविश्वास प्रस्ताव का ही विरोध जता दिया था, जिससे अविश्वास प्रस्ताव गिर गया था। इसके तत्काल बाद चौधरी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया था। हालांकि तब चौधरी ने तत्काल अपनी विधानसभा की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया था।

## इससे पहले भी दल बदले हैं विधायकों ने

**संजय पाठक:** पूर्व मंत्री संजय पाठक ने भी वर्ष 2014 में



कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। पाठक वर्ष 2013 के चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे थे, लेकिन बाद में उन्होंने मौजूदा सरकार का साथ दिया और उपचुनाव लड़कर फिर से विधायक बने थे।

**नारायण त्रिपाठी :** निर्दलीय, सपा, कांग्रेस और भाजपा की टिकट पर अलग-अलग विधानसभा चुनाव जीतने



वाले मैहर के तत्कालीन विधायक नारायण त्रिपाठी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का दामन थाम लिया था। तब उनकी सतना संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे अजय सिंह से किसी मामले को लेकर राजनैतिक विवाद हो गया था और तब उन्होंने भाजपा का साथ दिया था। बाद में त्रिपाठी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और 2016 में उन्होंने उपचुनाव भाजपा की टिकट पर लड़कर फिर से विधायकी प्राप्त की थी। उन्हें वर्ष 2018 में भाजपा ने फिर से टिकट दिया और वो चुनाव भी जीते, लेकिन इस कार्यकाल में उनके तेवर पार्टी के तल्ख रहे। उन्होंने 2019 में ब्यौहारी से विधायक रहे शरद कोल के साथ विधानसभा में आपराधिक कानून( संशोधन) पर चर्चा के दौरान मौजूदा कमलनाथ सरकार का साथ दिया। हालांकि त्रिपाठी ने न तो भाजपा छोड़ी और न ही अपनी सदस्यता से इस्तीफा भी दिया। उन्होंने नाथ सरकार गिरने के बाद लगभग खामोशी बना ली और बाद में उन्होंने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा से नाता तोड़ लिया,तब उनके कांग्रेस में जाने की खबरें चर्चा में आई, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया और उनके द्वारा अपना नया दल बनाया गया।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर पिता की मौत, बेटा घायल

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित मुख्य चौराहा के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर घायल है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कार लावारिस हालत में घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ी मिली है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से सेहतगंज जिला रायसेन निवासी कन्हैयालाल बंसल (41) प्राइवेट काम करते थे। रविवार दोपहर करीब दो बजे वह गैरतगंज से भोपाल की ओर आ रहे थे। बेटा सौरभ बंसल (25) भी उनके साथ था और वहीं बाइक चला रहा था। बिलखिरिया चौराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक कार लेकर मौके से भाग निकला था। आसपास मौजूद लोगों की मदद से गंभीर घायल पिता-पुत्र को आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद कन्हैयालाल बंसल की मौत हो गई। सौरभ का इलाज चल रहा है। पुलिस ने वाहन जब्त कर नंबर के आधार पर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## मेडिकल छात्रों ने किया रक्तदान, एनीमिया मरीजों के आएगा काम




**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के मेडिकल छात्र संगठनों (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन) ने रक्त दान शिविर का आयोजन किया। जिसमें भोपाल के सभी मेडिकल कॉलेज के कई छात्रों ने रक्त दान किया, इसलिए इस रक्तदान शिविर को सुपर सेवियर्स 100 की थीम पर आयोजित किया। डॉ. पारस महावीर जैन (मुख्य आयोजक, सुपर सेवियर्स 100) ने बताया कि एक व्यक्ति अपने 1 यूनिट रक्तदान से 3 जिंदगियों की रक्षा करता है। डॉ. मुकुल पाठक मुख्य समन्वयक सुपर सेवियर्स 100 ने बताया कि शिविर के शुभारंभ के दौरान अहमदाबाद में हुई विमान त्रासदी में जन हानि के लिए मौन व्रत एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस हादसे में 75 से अधिक डॉक्टर्स एवं मेडिकल छात्रों की असामयिक मृत्यु से स्वास्थ्य क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है। डॉ. सीमा नावेद इंचार्ज रक्त केंद्र ने बताया कि सुपर सेवियर्स 100 के द्वारा किए गए रक्त दान से लगभग 204 से अधिक लोगों का जीवन सुरक्षित होगा, जो कि विशेष कर सिकल सेल एनीमिया एवं थैलीसीमिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## कान्हा टाइगर रिजर्व बाघों का सर्वश्रेष्ठ आवास क्षेत्र घोषित

### सीएम ने कहा-अन्य रिजर्व में भी होगा काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र के कान्हा टाइगर रिजर्व को बाघों का सर्वश्रेष्ठ आवास क्षेत्र घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कान्हा टाइगर रिजर्व शाकाहारी वन्य-जीवों की संख्या में देश में अव्वल है, जिसे वन्य-जीव सम्पदा संरक्षण में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस उपलब्धि पर सीएम डॉ.मोहन यादव ने खुशी व्यक्त की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कान्हा टाइगर रिजर्व में शाकाहारी वन्य-जीवों की संख्या 1 लाख 2 हजार 485 है। इनका प्रति वर्ग किलोमीटर घनत्व 69.86 आंका गया है। अभयारण्य का कुल बायोमास 12.6 लाख किलोग्राम 8602.15 किलोग्राम/वर्ग किलोमीटर है।

कान्हा टाइगर रिजर्व में चीतल, सांभर, गौर, जंगली सुअर, बार्किंग डियर, नीलगाय और हॉग डियर की बहुतायत है। इस आधार पर इस रिपोर्ट में कान्हा टाइगर रिजर्व को बाघों की बढ़ती आबादी के लिये एक आदर्श निवास घोषित किया है। यहाँ विविध शाकाहारी प्रजातियों की संख्या में लगातार आनुपातिक वृद्धि से यह जैविक रूप से सबसे समृद्ध और संतुलित वन्य-जीव पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है। इस संबंध में सीएम डॉ. मोहन यादव ने वन अमले को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि अन्य रिजर्व भी इस दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे। उल्लेखनीय है कि कान्हा टाइगर रिजर्व प्रदेश के मण्डला जिले में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 2074 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें 917.43 वर्ग किलोमीटर कोर क्षेत्र और 1134 वर्ग किलोमीटर में बफर जोन शामिल है। कान्हा टाइगर रिजर्व वन्य-जीव सम्पदा संरक्षण में देश में सर्वश्रेष्ठ है। बताया गया है कि कान्हा टाइगर रिजर्व में वर्षभर घास भूमियों की देखरेख, जल स्रोतों का निर्माण, झाड़ियों की सफाई, लांटाना जैसी घासों का उन्मूलन और बाघ-आहार प्रजातियों की संख्या बढ़ाने के लिये आवास सुधार के कार्य जारी रहते हैं। गर्मियों में जल संकट से निपटने के लिये कृत्रिम जलकुंड, सोलर बोरवेल्स और तालाबों का गहरीकरण एवं साफ-सफाई नियमित रूप से की जाती है। अभयारण्य के कोर क्षेत्र से गाँवों के स्थानांतरण के बाद पुनर्जीवित घास-भूमियों ने वन्य-जीवों को बिना मानवीय हस्तक्षेत्र के फलने-फूलने का अवसर दिया। कान्हा टाइगर रिजर्व विविध आवास प्रकारों और सशक्त प्रबंधन से देश के अभयारण्यों में शीर्ष पर है।

### घेराबंदी के चलते नक्सल कमांडर एक दूसरे से संपर्क करने की नहीं जुटा पा रहे हिम्मत

# सुरक्षा बलों के लगातार प्रहार से प्रदेश में नक्सल नेतृत्व का बिखर रहा ढांचा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** सुरक्षा बलों के लगातार ऑपरेशन से नक्सलियों की कमर टूट गई है। हालात अब यह हो गए कि बचे हुए नक्सल कमांडर एक-दूसर से संपर्क करने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्हें डर है कि संपर्क की कोई भी कोशिश उनको सुरक्षाबलों के हाथों तक पहुंचा सकती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि तकनीकी और मानव खुफिया तंत्र के जरिए सुरक्षाबल लगातार नक्सलियों के चक्रव्यूह को भेद रहे हैं। नक्सल ऑपरेशन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि अब हम जंगलों में नक्सलियों के सभी छिपने की संभावनाओं को ध्यान में रखकर अभियान चला रहे हैं। सुरंगों की खोज की जा रही है। इस तरह के इनपुट हैं कि मार्च में पकड़ में आई लंबी सुरंग की तर्ज पर नक्सलियों ने और भी सुरंग बनाई हैं, जहां वे छिपे हो सकते हैं या हथियारों का जखीरा वहां पर हो। ऐसे स्थानों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**भारी नुकसान से बैकफुट पर:** अधिकारी ने कहा, ऑपरेशन से नक्सलियों को गंभीर नुकसान हो रहा है और वे पूरी तरह से बैकफुट पर हैं। उनकी सबसे बड़ी छटपटाहट यही है कि वे कैसे आपस में तालमेल बनाकर नई रणनीति को अंजाम दें। शांति वार्ता करें या सुरक्षा बलों से मुकाबला करें, इसे लेकर नक्सल कैडर में पूरी तरह भ्रम की स्थिति है।

### पोलित ब्यूरो में सिर्फ चार-पांच सक्रिय सदस्य



बता दें, देशभर में नक्सल संगठन में पिछले कुछ वर्षों में पोलित ब्यूरो के 14 नक्सली या तो पकड़े गए हैं या मार दिए गए हैं। इसके चलते अब पोलित ब्यूरो में सिर्फ चार या पांच सक्रिय सदस्य बचे हैं। पोलित ब्यूरो में अब मुप्पल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति, मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ अभय, थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी और मिसिर बेसरा बचे हैं। गणपति को लेकर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। अन्य सक्रिय कमांडर में सुरक्षा बलों की पैनी निगाह हिडमा पर है। सेंट्रल कमेटी के सदस्य भी गिने-चुने रह गए हैं। पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति को मिलाकर 10 से 12 सदस्य जिंदा बताए जाते हैं। इनकी भी सक्रियता शारीरिक रूप से अब काफी कम है। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियां इनको लेकर लगातार सूचना संग्रहित कर रही हैं।

### एमपी में दाखिल होते ही ढेर

अधिकारियों का कहना है कि नक्सलियों का नेतृत्व का ढांचा अब पूरी तरह से बिखर चुका है। लगातार खुफिया जानकारी और आत्मसमर्पण से संगठन पूरी तरह से टूट गया है। करीब 300 हथियारबंद लोग अलग-अलग दंडकारण्य और कुछ दूसरे इलाकों में छिपकर बैठे हैं। उनके पास अब सिर्फ दो रास्ते हैं या तो आत्मसमर्पण करें या मारे जाएं। बचाव के लिए नक्सली छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश की तरफ मूवमेंट करते हैं। इसको लेकर हाकफोर्स नजर बनाए हुए है। दाखिल होते ही सुरक्षा बल उन्हें ढेर कर दे रहे हैं। बालाघाट के जंगलों में लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं।

### नक्सल मुक्त राह पर बढ़ रहा एमपी

मप्र नक्सल मुक्त राज्य बनने की तरफ बढ़ रहा है। नक्सलवाद के बड़े गढ़ के तौर पर देखें तो अब केवल बालाघाट ही शेष बचा है। राज्य सरकार ने प्रदेश से नक्सल सफाया के लिए अगले छह महीने का टारगेट रखा है। नक्सली गतिविधियों को रोकने-जांचने और बाकायदा ऑपरेशन के तहत स्टेट इन्वेस्टीगेशन एजेंसी गठित की गई है। सीआईडी ब्रांच के आईजी लेवल के अधिकारी इसके चीफ हैं। जिस तरह से आतंकवाद के सफाए के लिए एनआईए गठित की, नक्सलवाद के खात्मे के लिए एसआईए बनाई। इसके अलावा सरकार ने नक्सलवाद से निपटने के लिए मंडला, डिंडौरी और बालाघाट जिलों में विशेष सहायता दस्ते तैनात करने का फैसला लिया। इसके लिए बाकयदा गांव-गांव में 850 अस्थायी पदों का सृजन किया। जिन्हें 25 हजार मानदेय दिया जा रहा है। इससे एजेंसियों को सूचना संगठित करने के लिए मदद मिल रही है।

**ऑपरेशन नहीं रणनीति का दांव:** पूर्व डीजीपी आरएलएस यादव बताते हैं कि नक्सलवाद मप्र में तेजी से सिमटा, उसकी वजह थी कि उनको हो रही फंडिग पर अंकुश लगाया, जो उनकी कानूनी लड़ाई लड़ते थे, जो सिस्टम में इन्फिल्ट्रेट करते थे। उनके खिलाफ ऑल आउट वॉर चलाया। इससे इनके स्ट्रेक्चर को ढहाया जा सके । उसका असर यह है, अब प्रदेश में ही सिमटते-सिमटते केवल बालाघाट और डिंडौरी में नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है।

### पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविरः दूसरे दिन हुए कई सत्र, वरिष्ठ नेता रहे शामिल

# योग के साथ हुई शुरुआत, विधायक बोले- गलत बोले तो होगा बेड़ा गर्क

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पचमढ़ी में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन का आगाज योग से हुआ। सीएम सहित विधायक और सांसदों ने योग किया। इसके बाद अलग विषयों में नेताओं के संबोधन हुए। सुबह योग सत्र हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री सहित दूसरे विधायक मंत्रियों ने योग दिया। योग सत्र के दौरान रामपुर बघेलान से विधायक विक्रम सिंह स्पोर्ट्स ड्रेस में प्रशिक्षण स्थल पहुंचे, तो सुरक्षा कर्मियों ने अंदर जाने से रोक लिया। तब उन्हें परिचय देना पड़ा। हालांकि आज कुछ विधायक सत्र में देरी से पहुंचे, जिस पर नेताओं ने टाइम मैनेजमेंट सुधारने को कहा। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसना, खंडवा विधायक कंचन तनवे, नेपानगर विधायक मंजू दादू,पंधाना विधायक छाया मोरे और देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया देरी से सत्र में शामिल होने पहुंचे।

## एससी-एसटी क्षेत्र पर रहा फोकस

दूसरे दिन रविवार को प्रशिक्षण वर्ग में का मुख्य फोकस अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रभाव वाली विधानसभा सीटों पर रहा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को तीन अलग-अलग समूहों में बांटा गया। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि इन क्षेत्रों के लिए हमें अलग से रणनीति बनानी होगी। मंत्री हो विधायक या सांसद सभी को इन क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करना पड़ेगा। सरकार की योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत इन क्षेत्रों को लोगों को मिलना चाहिए। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि संगठन की ओर से समय -समय पर इन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम तय किए जाते है,विधायक सांसद भी संगठन के साथ मिलकर इन कार्यक्रमों में शामिल रहे। नेताओं ने इन सीटों पर आगामी चुनावी रणनीतियों और जनसंपर्क के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई और जनप्रतिनिधियों को इन क्षेत्रों में पार्टी की पहुंच मजबूत करने और सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के तरीकों के बारे में बताया गया। इन तीनों समूहों को राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग में सांसदों और विधायकों को संसदीय कार्यप्रणाली, संसद में कार्यशैली, जनहित के मुद्दे उठाने और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### हांगकांग-दिल्ली फ्लाइट...

दूसरी घटना में, फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद के लिए रवाना हुई लुफ्थांसा की ड्रीमलाइनर उड़ान को एक बम की धमकी के बाद सुरक्षा कारणों से फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर वापस उतारना पड़ा। इन घटनाओं ने एक बार फिर से यह चिंता बढ़ा दी है कि क्या ड्रीमलाइनर सीरीज के विमान वाकई लंबे अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए सुरक्षित हैं। गौरतलब है कि 12 जून को अहमदाबाद में हुए एक विमान हादसे में 270 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। उस हादसे के बाद भारत के नागरिक विमानन महानिदेशालय ने एअर इंडिया द्वारा संचालित 33 बोइंग विमानों की अतिरिक्त जांच और निगरानी के आदेश दिए थे। हालांकि, इन नई घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समस्या किसी एक उड़ान या एयरलाइंस तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

### इजराइल-ईरान संघर्ष...

शिपिंग कंपनियों के साथ बैठक कर रहे हैं ताकि यह जाना जा सके कि क्या समस्याएं सामने आ रही हैं और उनका समाधान कैसे निकाला जाए।' तनाव के बीच पोलैंड ने इजराइल में फंसे अपने करीब 200 नागरिकों को निकालने की योजना बनाई है। इन नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन की राजधानी अम्मान लाया जाएगा, जहां से उन्हें सरकारी विमान के जरिये पोलैंड ले जाया जाएगा।

वहीं, अजरबैजान ने भी ईरान में फंसे विदेशी नागरिकों की निकासी में मदद की है। रिपोर्टों के मुताबिक, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पुर्तगाल, फिलीपींस और फिनलैंड के नागरिकों को अस्तारा बॉर्डर चेकपॉइंट के जरिये अजरबैजान लाया गया है। अजरबैजानी विदेश मंत्रालय के अनुसार, 41 अजरबैजानी नागरिक, राजनायिकों के परिवार लौट चुके हैं। इस बीच, रूस ने अपने नागरिकों को इजराइल से निकलने की सलाह दी है। रूसी राजदूत अनातोली विक्तोरोव ने कहा कि नागरिक स्वयं मिस्र होते हुए व्यावसायिक उड़ानों के जरिए रूस लौट सकते हैं। यदि जरूरत पड़ी तो व्यापक राज्य-प्रायोजित निकासी की योजना भी बनाई जाएगी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को आरोप लगाया कि जब वह अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर वार्ता में शामिल था, तब इजराइल ने अचानक सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर दिया। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा, 'हम वार्ता में सक्रिय रूप से लगे थे, लेकिन इजराइल ने अचानक हम पर हमला कर दिया।' उन्होंने अमेरिका पर इस हमले में इजराइल का साथ देने का आरोप लगाया और कहा कि वाशिंगटन की यह दोहरी नीति कूटनीति के लिए नुकसानदेह है। इधर, इजराइली रक्षा मंत्री ने तेहरान के नागरिकों से अपील की है कि वे शासन और सुरक्षा प्रतिष्ठानों के आस-पास के इलाकों को खाली कर दें। उन्होंने कहा, 'हमारे हमले शासन से जुड़े ठिकानों पर केंद्रित होंगे। तेहरान के नागरिक इन इलाकों से दूर रहें।'

### कम नींद से बढ़ता...

अधिक भविष्य में मानसिक बीमारी की भविष्यवाणी करने वाली साबित हुई। यह निष्कर्ष तब और मजबूत हो गया जब अध्ययन में शामिल ब्रेन इमेजिंग जैसे जैविक पैरामीटर भी उतने प्रभावी साबित नहीं हुए, जितना नींद से जुड़ा व्यवहार। यानी, मन की उलझनों की शुरुआत सिरहाने से ही हो सकती है। ये अब एक मेडिकल सच बन चुका है।

## फर्स्ट च्वाइस का कॉलेज नहीं मिलने पर आवंटन करना होगा निरस्त

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए आदेश जारी किए हैं, जिन्हें फर्स्ट च्वाइस के कॉलेज के अतिरिक्त किसी अन्य कॉलेज में प्रवेश मिला है और वे उस कॉलेज में प्रवेश नहीं लेना चाहते, उन्हें अपनी आवंटन निरस्तीकरण पर क्लिक करके अपना आवंटन निरस्त करना होगा। यह प्रक्रिया कॉलेज चयन पोर्टल पर उपलब्ध है। जैसे ही छात्र आवंटन निरस्त करते हैं, तो उनकी पिछली च्वाइस का कॉलेज सूची से हटा दिया जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी अगले चरण की काउंसलिंग में शामिल होने के पात्र हो जाएंगे और उन्हें पुनः कॉलेज व कोर्स का चयन करना होगा। विद्यार्थी आवंटन को निरस्त नहीं करता है, तो उन्हें आगामी चरण की काउंसलिंग में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे वे काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर हो सकते हैं। गत वर्ष तक आयोजित हुई काउंसलिंग में ऐसा नहीं था। विद्यार्थी अपने आवंटित सीट पर प्रवेश नहीं लेता था, तो वह स्वयं ही दूसरे राउंड की काउंसलिंग में पंजीयन के आधार पर प्रवेश लेने के लिए कालेजों की विकल्प चुन सकता था। प्रोफेसरों का कहना है कि विद्यार्थी आवंटन निरस्त करने से वंचित रह जाता है, तो उसे दोबारा से पंजीयन कराकर काउंसलिंग में शामिल होना होगा। इससे स्थिति काफी बिगड़ सकती है।

## गर्मी के कारण छुट्टियां बढ़ाई, अब 21 से खुलेंगे राजधानी के स्कूल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी के कई स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों को एक हफ्ता के लिए बढ़ा दिया है। स्कूल संचालकों ने अभिभावकों को मैसेज कर जानकारी भेज दी है। इसके तहत कक्षाएं सोमवार की बजाय 21 जून से शुरू होंगी। स्कूल प्रबंधन का यह निर्णय मौजूदा हालात में मौसम में परिवर्तन के कारण पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए लिया गया है। तय कार्यक्रम के तहत कक्षाएं सोमवार से शुरू होनी थीं। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। राजधानी में डेढ़ सौ सीबीएसई और 836 सरकारी स्कूल हैं। तय कार्यक्रम के तहत सोमवार से कक्षाएं शुरू होना है। इसी बीच पारा 40 डिग्री को पार कर चुका है।

# पीजी में द्वितीय वर्ष के आधार पर जारी हुआ कटऑफ, 18 तक जमा करनी होगी फीस

### प्रवेश प्रक्रियाः राजधानी के प्रमुख कॉलेजों में कटऑफ रहा हाई

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्स में सीट आवंटन के बाद अब कॉलेजों ने सेकंड ईयर के रिजल्ट के आधार पर मेरिट सूची जारी करनी शुरू कर दी है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) समेत सभी विश्वविद्यालयों ने तीसरे वर्ष की परीक्षाओं के रिजल्ट जारी नहीं किया है। इससे विद्यार्थियों को प्रवेश लेने में परेशानी जरूर आएगी। राजधानी के प्रमुख कॉलेजों में कटऑफ काफी हाई प्रतिशत पर रहा है। नूतन कॉलेज में एमए की ओपनिंग कटऑफ 88.32 प्रतिशत रही, जबकि एमबीएम कॉलेज में यह 90.41 प्रतिशत तक पहुंच गई। इस साल पीजी में कुल 86,400 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 47 हजार 150 विद्यार्थियों को सीट आवंटन किया गया है। उक्त विद्यार्थियों को 18 जून तक फीस जमा करनी होगी। समय पर फीस जमा नहीं करने की दशा में उनका प्रवेश निरस्त हो जाएगा। तीसरे वर्ष के रिजल्ट का इंतजार कर रहे छात्र अब द्वितीय वर्ष की मेरिट से ही प्रवेश की दौड़ में उतर गए हैं। इससे कटऑफ काफी प्रभावित हो रहा है।

### कालेजोंको नहीं मिल रहा कटऑफ

विभाग द्वारा जारी किए गए आलटमेंट में काफी परेशानी आ रही है। बाबूलाल गौर कालेज और हमीदिया कालेज में कटआफ जारी नहीं किया गया है। कालेजों को विद्यार्थियों की सूची उनके रोल नंबर के साथ भेज दी गई है। इसके आधार पर उन्हें प्रवेश दिए जा रहे हैं। जबकि अन्य कालेजों का कटऑफ दिखाई दे रहा है।

### बीयू की परीक्षाएं पूरी, पहले देगा बीएससी का रिजल्ट

बीयू ने तीसरे वर्ष की परीक्षाएं पूरी करा ली हैं। उनका मूल्यांकन भी पूरा हो चुका है। बीयू इस सप्ताह से रिजल्ट देने का सिलसिला शुरू करेगा। बीयू सबसे पहले बीएससी अंतिम वर्ष के रिजल्ट जारी करेगा। इसके बाद बीयू बीकाम के रिजल्ट देगा। इससे बीयू के विद्यार्थियों को किसी भी पीजी प्रोग्राम में प्रवेश लेने के लिए ज्यादा जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी। बीयू के असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुनील नायक का कहना है कि बीए के अंतिम वर्ष में विद्यार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा है, इसलिए मूल्यांकन में समय लग रहा है। इसलिए बीए का रिजल्ट जून के अंतिम सप्ताह तक जारी हो सकता है।

### राजधानी के कॉलेजों का कटऑफ

**नूतन कॉलेज**

| फैकल्टी | कटऑफ |
|---|---|
| एमए | 88.32-53.47 |
| एमकॉम | 79.55-60.64 |
| एमएससी | 86.36-63.79 |
| एमएचएससी | 78.75-62.22 |
| पीजीडीसीए | 77.26-54.38 |
| एमलिब | 83.09-80.59 |

**महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स पीजी कॉलेज**

| | |
|---|---|
| एमए राजनीति विज्ञान | 90.41-51.45 |
| एमए इंग्लिश | 80.65-57.44 |
| एमएससी कैमिस्ट्री | 94.76-68.78 |
| एमएससी मैथमैटिक्स | 88.9-61.55 |
| एमएससी जूलॉजी | 92.67-62.56 |
| एमकॉम एकांउटिंग | 80.15-58.3 |


**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज**

| | |
|---|---|
| एमए सोसियोलोजी | 81.03-64.12 |
| एम हिस्ट्री | 84.53-58.34 |
| एमकॉम | 78.75-58.92 |
| एमएससी बॉटनी | 74.55-53.9 |
| एमएससी मैथमेटिक्स | 79.77-59.17 |
| एमएससी जूलॉजी | 82.95-47.14 |

धर्म-कर्म | महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ और निर्माण कार्य के चलते बदली दर्शन व्यवस्था

# अब सिर्फ मोस्ट वीआईपी ही कर सकेंगे नंदी हॉल में प्रवेश

**जागरण, उज्जैन।** छुट्टियों के कारण प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। वहीं मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के कारण भी जगह की सीमित उपलब्धता है। इसकी वजह से मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था में परिवर्तन किया है। रविवार को नंदी हॉल में आम भक्तों का प्रवेश बंद कर दिया, अब सिर्फ मोस्ट वीआईपी को ही नंदी हॉल में दर्शन की अनुमति दी जा रही है। जबकि सामान्य श्रद्धालुओं को गणेश मंडपम के सामने से दर्शन कराए जा रहे हैं। नंदी हॉल में दर्शन व्यवस्था फिलहाल बंद कर दी गई है। दरअसल ग्रीष्म अवकाश और शनिवार-रविवार की छुट्टियों के चलते महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने चलायमान व्यवस्था लागू की है। अब भक्त महाकाल लोक, मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से होकर महाकाल टनल-1 से गुजरते हुए गणेश मंडपम तक पहुंचेंगे। यहां लगाए बेरिकेड्स के जरिए भगवान महाकाल के दर्शन कर, फिर पालकी हॉल होते हुए एम्बुलेंस गेट से बाहर निकल जाएंगे। गेट नंबर 1 से प्रवेश करने वाले श्रद्धालु कार्तिकेय मंडपम के रास्ते गणेश मंडपम पहुंचेंगे और बेरिकेड्स से दर्शन करेंगे, जबकि गेट 4 से आने वाले श्रद्धालु विश्राम धाम से होकर सभा मंडप और फिर गणेश मंडपम पहुंचकर दर्शन करेंगे। इसके बाद पालकी हॉल होते हुए बाहर निकल जाएंगे।



### शंख द्वार से प्रवेश करेंगे वीआईपी श्रद्धालु

जानकारी के अनुसार मोस्ट वीआईपी श्रद्धालु शंख द्वार से प्रवेश करेंगे और शिखर दर्शन की छत, कुंड होकर गणेश मंडपम की पहली पंक्ति से दर्शन करेंगे और दर्शन के बाद वही रास्ता वापसी के लिए होगा, सिर्फ इन्हें ही नंदी हॉल में प्रवेश की अनुमति है। सामान्य श्रद्धालु श्री महाकाल महालोक या मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से महाकाल टनल-1 से होकर गणेश मंडपम पहुंचेंगे। वहां से बेरिकेड्स के रास्ते भगवान महाकाल के दर्शन कर पालकी हॉल होते हुए एम्बुलेंस गेट से बाहर निकल जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरिया में 100 लोगों की हत्या, सैकड़ों घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ। घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एमनेस्टी के मुताबिक, इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया। लोग इतने बुरी तरह जल गए, उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। बेन्यू पुलिस ने हमले की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि हत्याएं किसने की और कितने लोग मारे गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमले में 100 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है। बेन्यू नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में है, जिसके उत्तर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी है और दक्षिण में ज्यादातर ईसाई रहते हैं। दोनों समुदायों के बीच अक्सर जमीन और पानी के लिए लड़ाई होती है

### आरोपी अमृतपाल विदेश भागा, नोटिस जारी



**चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब के बठिंडा में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। बठिंडा एसएसपी अमनीत कोंडल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इस कत्ल की साजिश पिछले तीन महीनों से रची जा रही थी। हत्या का मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरों वारदात के बाद विदेश फरार हो गया है। पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को नामजद किया है। लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, एसपी ने बताया कि आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरों ने सबसे पहले कंचन की रेकी की और फिर उसके घर जाकर कार प्रमोशन के बहाने मुलाकात की। हत्या के दिन अमृतपाल ने कंचन को उसकी कार में बैठाया, जिसकी ड्राइविंग खुद अमृतपाल ने की। इस दौरान दो गाड़ियां साथ चल रही थीं।



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदनिलम में लोग 'ओचिरा काली' उत्सव में भाग लेते हुए। यह उत्सव एक पारंपरिक वार्षिक कार्यक्रम है, जो ओचिरा परब्रह्म मंदिर से जुड़ा है। ओचिरा काली एक नकली युद्ध है, जो कायमकुलम और अंबालापुझा राज्यों के बीच ऐतिहासिक संघर्ष की याद दिलाता है। इस युद्ध में दो समूहों में विभाजित लड़के और पुरुष भाग लेते हैं, जो पदनिलम नामक जलभराव वाले मैदान में एक चंचल युद्ध करते हैं। प्रतिभागी तलवारों के बजाय लाठी का उपयोग करते हैं और एक-दूसरे पर कीचड़ भरा पानी फेंकते हैं।

## पाक फिर बेनकाब, राफेल मार गिराने की कहानी झूठी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रापियर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में राफेल की क्षमता को लेकर बातचीत की। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दावा किया गया था कि वायुसेना के राफेल विमान पाकिस्तानी सेना ने नष्ट कर दिया है। एरिक ने कहा, इस मामले में भारत की तरफ से किसी भी तरह की आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई, जिससे यह मुद्दा स्पष्ट नहीं है। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान द्वारा राफेल गिराए जाने के दावे को गलत ठहराया। एरिक ने कहा, राफेल दुनिया के सबसे भरोसेमंद और बेहतरीन मल्टी-रोल फाइटर जेट्स है। यह राफेल एफ-35 और चीन के विमानों से कई गुना बेहतर है। किसी विमान का उद्देश्य होता है कि युद्ध में लक्ष्य को प्राप्त करे, न कि शून्य नुकसान को सुनिश्चित करे। एरिक ने द्वितीय विश्व युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा, उस समय भी कई देशों ने अपने सैनिकों को खोया था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि वे हार गए। वह कहते हैं मान लीजिए यदि ऑपरेशन सिंदूर में किसी विमान को सच में नुकसान भी हुआ होगा, तो सवाल आता है कि क्या युद्ध का असली लक्ष्य प्राप्त हुआ या नहीं।



- डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन ने खोल दी पोल

## जिला लांघकर मुरैना के जौरा इलाके में पहुंचे कूनो नेशनल पार्क के 5 चीते

### राहगीरों और ग्रामीणों के उड़े होश, वन विभाग की टीम लगातार चीतों की कर रही निगरानी

**जागरण, मुरैना।** कूनो नेशनल पार्क से भटककर पांच चीते रविवार को मुरैना पहुंच गए। दरअसल रविवार सुबह मुरैना जिले के जौरा इलाके में पगारा बांध के पास कूनो नेशनल पार्क से निकले पांच चीते देखे गए। चीतों को खुले में घूमता देख सुबह सैर पर निकले राहगीरों और ग्रामीणों के होश उड़ गए और वे दहशत में आ गए है। कुछ लोग यहां-वहां छिप गए, जबकि कुछ ने चीतों का वीडियो बनाया। स्थानीय लोगों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। इसके बाद जौरा पहुंची वन विभाग की टीम ने इलाके को घेरकर निगरानी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार चीतों का नेशनल पार्क से बाहर आना असामान्य नहीं है, लेकिन एक साथ पांच चीतों का बाहर निकलना चिंताजनक है। लोगों ने बताया कि इससे न केवल जनसुरक्षा बल्कि पार्क प्रबंधन की निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। जौरा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत है। लोग समूह में ही बाहर निकल रहे हैं और बच्चों को घरों में रखा जा रहा है। चीतों के वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। लोगों को खेतों में अकेले न जाने, बच्चों को बाहर खेलने से रोकने और चीतों की लोकेशन की जानकारी वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को देने का निर्देश दिया है।



**पहाड़ी पर चार बकरियों का शिकार किया:** नरहेला बीट प्रभारी डिप्टी रेंजर विनोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि सुबह 6.45 बजे कैलारस से आए चीते जौरा के पगारा डैम की कोठी पर देखे गए। जौरा वन क्षेत्र के स्टाफ को लोकेशन मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। चीते पगारा डैम के पास कोठी की घाटी पर बैठे थे। दोपहर 2 बजे वे खोखापुरा गांव में एक पहाड़ी के नीचे बैठे दिखे। मौके पर चिता मित्र और गांव के लोग मौजूद थे। डिप्टी रेंजर विनोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि चीतों ने पहाड़ी पर मौजूद ग्रामीण विशाल पिता बद्री की चार बकरियों का शिकार कर लिया।

#### चिता मित्र कर रहे निगरानी

डिप्टी रेंजर विनोद उपाध्याय ने बताया कि ये चीते कूनो नेशनल पार्क श्योपुर से कैलारस होते हुए जौरा क्षेत्र में पहुंचे हैं। वर्तमान में सभी चीते पगारा डैम, कोठी और जोगी देवगढ़ गांव की घटिया के ऊपरी क्षेत्र में आराम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चीतों के साथ चार चिता मित्र भी मौजूद हैं। चीतों के गले में ट्रैकिंग कॉलर लगे हैं, जिनसे उनकी लोकेशन की जानकारी मिलती रहती है। वन विभाग की टीम चीतों के साथ-साथ चल रही है और उनकी गतिविधियों पर नजर रख रही है। अब तक चीतों ने किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है।

### दो बाघों ने आधे घंटे रोका पर्यटकों का रास्ता

**जागरण, सीधी।** प्रदेश के सीधी जिले में स्थित संजय टाइगर रिजर्व में रविवार को पर्यटकों को बाघों का दीदार हुआ। दोपहर करीब 12 बजे पोड़ी रेंज में सफारी कर रहे पर्यटकों की गाड़ी के सामने दो बाघ आ गए। टी-28 और टी-17 नामक इन दोनों बाघों ने पर्यटकों की गाड़ी का रास्ता रोक लिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि जंगल के कच्चे रास्ते पर दोनों बाघ धीमी गति से चल रहे हैं। करीब 30 मिनट तक चले सैलानियों के करीब रहे बाघों ने कोई आक्रामक व्यवहार नहीं दिखाया। पर्यटकों ने भी संयम बनाए रखा और शांत रहे। संजय टाइगर रिजर्व के डीएफओ राजेश कन्ना ने बताया कि गर्मी के मौसम में वन्य जीव छाया की तलाश में खुले क्षेत्रों में आ जाते हैं। ऐसे में उनका पर्यटकों से सामना होना सामान्य बात है। उन्होंने पर्यटकों की सूझबूझ की सराहना की, जिन्होंने बाघों की मौजूदगी में धैर्य बनाए रखा।

**राजा मर्डर केस:** सोनम संग उजाला ने किया सफर

## दो लड़कों के साथ गाजीपुर में थी सोनम, जाना था गोरखपुर



**गाजीपुर, जेएनएन।** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार पत्नी सोनम रघुवंशी और चार आरोपी 14 दिन की पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस हर दिन आरोपियों से पूछताछ कर रही है और हर दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इस बीच उप्र के गाजीपुर में एक युवती ने वाराणसी कैंट स्टेशन पर सोनम रघुवंशी से मिलने का दावा किया है। गाजीपुर के सैदपुर थाना क्षेत्र के होलीपुर गांव की रहने वाली उजाला यादव ने बताया कि वो 8 जून की रात सोनम रघुवंशी से वाराणसी में मिली थी और दोनों ने एक ही बस में रोडवेज प्लेटफॉर्म नंबर-7 से गाजीपुर के सैदपुर तक यात्रा की थी। सोनम रघुवंशी ने उजाला से गोरखपुर जाने वाले ट्रेन के बारे में पूछा था, सोनम गोरखपुर जाना चाहती थी।



राजा अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ हनीमून के लिए मेघालय गए थे। सोमन पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर राजा की हत्या को अंजाम देने का आरोप है। इस मामले की जांच कर रही मेघालय पुलिस ने भी उजाला से संपर्क किया है। उजाला ने दावा किया है कि उन्होंने सोनम रघुवंशी को दो लड़कों के साथ देखा है। सोनम के साथ वो दो लड़के कौन थे, ये जांच का विषय है।

#### किसी को फोन करना चाहती थी सोनम

उजाला ने दावा किया कि सोनम बस में लोगों से फोन मांग रही थी, वो किसी को फोन करना चाहती थी। सोनम ने उजाला से पूछा कि बस कितने समय में गोरखपुर पहुंचेगी। उजाला यादव को दूसरे दिन मीडिया में खबर देखने के बाद पता चला कि वह महिला सोनम रघुवंशी थी। इसके बाद उजाला ने राजा रघुवंशी के वायरल शादी कार्ड से उनके भाई सचिन रघुवंशी का नंबर लिया और उन्हें फोन कर पूरी जानकारी दी। उजाला यादव ने नंदगंज पुलिस को भी फोन कर जानकारी दी थी।

**शादी, हनीमून और हत्या**

राजा और सोनम की शादी 11 मई, 2025 को हुई थी। 23 मई को दोनों हनीमून मनाने मेघालय गए थे। 2 जून, 2025 को राजा का शव शिलांग के पास एक गहरी खाई में सड़ी-गली हालत में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि उनकी हत्या धारधार हथियार से काटकर की गई थी। अभी तक की जांच में खुलासा हुआ कि राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश सोनम और उनके प्रेमी राज कुशवाहा ने रची थी। हत्या को अंजाम देने में तीन अन्य लोग-विक्की ठाकुर, आकाश और आनंद भी शामिल थे।

## पीएम को मणिपुर जाने के लिए सहानुभूति नहीं: कांग्रेस

### जयराम रमेश ने यात्रा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम मोदी की तीन देशों की यात्रा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव व संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, मई 2023 के बाद से मोदी की 35वीं विदेश यात्रा है। उनके पास ऐसी यात्राओं के लिए पूरी ऊर्जा, उत्साह, जोश है, लेकिन क्या वे मणिपुर जाने के लिए सहानुभूति नहीं जुटा सकते, जहां लोगों का संकट, पीड़ा और दुख बेरोकटोक जारी है? उन्होंने कहा, पीएम ने राज्य के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात नहीं की है। राजनीतिक नेताओं से तो दूर की बात है। मणिपुर के साथ इस तरह का बुरा व्यवहार करना प्रधानमंत्री की दयनीय हरकत है। कांग्रेस मणिपुर का दौरा न करने के लिए प्रधानमंत्री पर हमला कर रही है, साथ ही जातीय संघर्ष से त्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में स्थिति से निपटने के लिए केंद्र की आलोचना भी कर रही है। कांग्रेस ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी पर राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया था।



### पीएम मोदी पहुंचे साइप्रस राष्ट्रपति ने किया रिसीव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को साइप्रस पहुंचे। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति निकोस पीएम मोदी का हाथ पकड़कर साथ चले। पीएम मोदी रविवार को 3 देशों की 4 दिन की यात्रा पर रवाना हुए। वे 15-16 जून को साइप्रस में रहेंगे। 16 और 17 जून को कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

## मुर्शिदाबाद में बीएसएफ जवान की सहकर्मी ने की हत्या

- मुर्शिदाबाद में बीएसएफ के दो जवानों में विवाद, फायरिंग

**मुर्शिदाबाद, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से सनसनीखेज मामला सामने आया है। हिंसा प्रभावित इलाके में तैनात बीएसएफ के दो जवानों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक सहकर्मी ने दूसरे पर गोली चला दी, जिससे उसकी इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। ये घटना ड्यूटी के दौरान हुई। 19वीं बटालियन के बीएसएफ जवान एसके मिश्रा ने साथी पर 13 राउंड फायरिंग की। मिश्रा राजस्थान के रहने वाले हैं। राइफल को जब्त कर शमशेरगंज थाने ने हिरासत में ले लिया है। मृतक जवान की पहचान 38 साल के रतन लाल सिंह के तौर पर हुई है। घटना शनिवार रात करीब 10 बजकर 30 मिनट की है। दोनों जवान की तैनाती धूलियन नपा क्षेत्र के अंतर्गत एक पोस्ट पर थी। ड्यूटी के दौरान दोनों की किसी बात को लेकर अनबन हुई और आरोपी मिश्रा ने अपनी इंसास राइफल से करीब 13 राउंड फायरिंग कर दी। इस हमले में रतनलाल को पांच गोलियां लगी, जिसके बाद रतन लाल को अनूपनगर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, स्थिति गंभीर होने से उन्हें फिर जंगीपुर उप-मंडलीय अस्पताल में रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## कुशाल और शिवांगी की राहें जुदा!

**मुंबई, जेएनएन।** टीवी स्टार्स कुशाल टंडन और शिवांगी जोशी एक बार फिर रिश्ते को लेकर लाइमलाइट में हैं। 'बरसातें-मौसम प्यार का' सीरियल में दोनों ने साथ काम किया था। ऑनस्क्रीन ही नहीं, ऑफस्क्रीन भी इनकी जोड़ी को लोगों ने खूब पसंद किया। इनकी डेटिंग से लेकर सगाई और शादी तक की खबरें अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अब कुशाल ने शिवांगी के साथ ब्रेकअप का ऐलान कर फैंस को बड़ा झटका दिया, लेकिन इसके सिर्फ 5 मिनट बाद उन्होंने ऐसा कुछ कर दिया कि हर कोई चौंक गया। कुशाल और शिवांगी की उम्र में 13 साल का अंतर है। शिवांगी 27 तो कुशाल 40 साल के हैं। दोनों अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आए। फैंस को भी इनकी जोड़ी काफी पसंद थी। पिछले कुछ समय से खबरें आ रही थीं कि कुशाल और शिवांगी के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। दोनों के बीच दूरियां आ गई। इस बीच शिवांगी और कुशाल ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो भी कर दिया। वहीं, कुशाल ने इंस्टाग्राम पर कुछ स्टोरीज के जरिए ब्रेकअप का ऐलान कर दिया।



### कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना

**गाजियाबाद।** ३९ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रविवार को गाजियाबाद से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना किया गया, जो पांच साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू हुई है। इंदिरापुरम में कैलाश मानसरोवर भवन में ध्वजारोहण समारोह हुआ, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने तीर्थयात्रा का शुभारंभ किया। 39 तीर्थयात्रियों के अलावा, पहले जत्थे में दो संपर्क अधिकारी भी होंगे। बयान में कहा गया है कि शुरुआत में 46 रजिस्ट्रेशन मिले थे, लेकिन कुछ लोग स्वास्थ्य कारणों से भाग नहीं ले सके।

## ओंकारेश्वर, महेश्वर के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

### धार्मिक स्थलों को हवाई मार्ग से जोड़ने की पहल

**जागरण, खंडवा।** प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन को बढ़ावा देने और लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ऐसे स्थलों को हवाई मार्ग से जोड़ने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। इसके तहत ओंकारेश्वर, महेश्वर और बुरहानपुर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है, जो अगले दो महीने में शुरू हो जाएगी। इसके लिए मप्र पर्यटन विभाग ने निजी कंपनियों के जरिए सेवा शुरू करने का टेंडर जारी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पर्यटन बोर्ड ने प्रदेश के 20 प्रमुख स्थलों को तीन सेक्टरों में बांटा है। पहले सेक्टर में इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, भोपाल, मांडू, महेश्वर और बुरहानपुर शामिल हैं। इन शहरों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा इंदौर, उज्जैन और ओंकारेश्वर केंद्र से उपलब्ध कराई जाएगी। सेवा के लिए कंपनियों से 10 जुलाई तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद टेंडर खोला जाएगा। चयनित कंपनियों से मिलकर ही यात्रियों का किराया तय किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले साल उज्जैन-ओंकारेश्वर रूट पर सेवा का शुभारंभ किया था। तब किराया 5 हजार रुपए प्रति व्यक्ति तय था, लेकिन यात्रियों की रुचि कम रही। पर्यटन बोर्ड इस बार नई रणनीति के साथ सेवा को पुनः शुरू कर रहा है। अन्य सेक्टरों में पचमढ़ी, मढ़ई, सांची, दतिया, जबलपुर, खजुराहो, अमरकंटक आदि को भी शामिल किया गया है।

### 24 घंटे में कोरोना से 10 की मौत, देश में 7383 एक्टिव केस

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 10 लोगों ने जान गंवाई है। नए वैरिएंट से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें हैं। केरल में 5, दिल्ली में 3 और महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत हुई है। जनवरी से अब तक कोरोना से 97 मरीजों की जान गई है। देश के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7383 पहुंच गई है। हालांकि, रविवार को नया मामला दर्ज नहीं हुआ, जबकि 17 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2007 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1441 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। उप्र सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी अस्पतालों को जरूरी दवाएं, पीपीई किट, जांच सुविधाएं, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं को तैयार रखने को कहा है। महाराष्ट्र में शनिवार को कोरोना के 53 नए केस मिले। वहीं, 2 मरीजों की मौत हो गई। 1 जनवरी से अब तक 21067 कोविड-19 टेस्ट किए गए हैं।

**जीव** | खुशखबरी सुन झूम उठे जू मियामी के वर्कर

## 200 साल के कछुए ने दिया बच्चे को जन्म

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मियामी के जू मियामी का 135 वर्षीय गैलापागोस कछुआ गोलियथ इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है। वह न सिर्फ अपने जन्मदिन को सेलिब्रेट कर रहा है, बल्कि पहली बार पिता बनने की खुशखबरी भी सुना रहा है। 517 पाउंड वजन वाले इस कछुआ ने 27 जनवरी को अपनी साथी स्वीट पी द्वारा दिए गए आठ अंडों में से एक के फूटने पर 4 जून को पहला शिशु कछुआ देखा। यह जू मियामी में अब तक का पहला गैलापागोस कछुआ है, जो यहीं पर जन्मा है।





#### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में मिल सकती है जगह

गोलियथ का अनुमानित जन्म 1885-1890 के बीच गैलापागोस के सांता क्रूज द्वीप पर हुआ था और 1929 में उसे ब्रॉन्क्स चिड़ियाघर ले जाया गया, जहां से 1981 में उसे मियामी जू लाया गया। वहीं स्वीट पी भी 1960 में वयस्क अवस्था में जू में आई थीं और वर्तमान में उसकी उम्र करीब 85-100 साल बताई जा रही है। इस जोड़े की इस उम्र में पहली बार मां-बाप बनने की घटना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भी दावेदार बन सकती है, क्योंकि उन्हें दुनिया के सबसे बूढ़े नव पिता—माता का खिताब मिल सकता है।

#### लोगों के लिए प्रेरणा

जू मियामी की टीम ने इस खास पल पर कहा है कि गोलियथ हमें यह सिखाता है कि आशा कभी नहीं छोड़नी चाहिए। फिलहाल नवजात कछुए को जू के एक सुरक्षित और अलग हिस्से में रखा गया है, जहां उसकी बेहतर देखभाल की जा रही है। बता दें कि गैलापागोस कछुए प्रकृति में अपने बच्चों की परवरिश नहीं करते, क्योंकि बच्चे जन्म लेते ही आत्मनिर्भर हो जाते हैं। गोलियथ की इस अनोखी पितृत्व यात्रा को लेकर जू ने जो इंस्टाग्राम पोस्ट किया है, वह तेजी से वायरल हो गया है और लाखों लोग इस प्रेरणादायक घटना को सेलिब्रेट कर रहे हैं। यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## विद्यार्थियों को जबरन कराई जा रही आईटी और सीए में पीएचडी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों को अपनी ब्रांच में पीएचडी करने का मौका नहीं दिया जा रहा है। कम्प्यूटर साइंस (सीएस) के विद्यार्थियों को जबरिया इंफॉर्मेशन टेक्नालाजी (आईटी) और कम्प्यूटर एप्लीकेशन (सीए) में पीएचडी करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसा नहीं करने पर उन्हें पीएचडी करने नहीं दिया जा रहा। इससे विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने आरजीपीवी प्रबंधन से शिकायत की है। एआईसीटीई ने आईटी और सीए के सुपरवाइजर को सीएस में पीएचडी कराने के लिए योग्य बताया है। इसे लेकर आरजीपीवी में सूची भी जारी की गई है। इसके बाद आईटी और सीए के विद्यार्थियों को सीएस में पीएचडी करने से रोका जा रहा है। वे सीएस में पीएचडी करने की चाहत रखते हैं। योग्य और नियमानुसार होने के बाद भी उनकी आरडीसी (रिसर्च डिग्री कमेटी) नहीं कराई जा रही है। जबकि उन्होंने प्रवेश परीक्षा और इंटरव्यू तक सीएस के लिए दिए हैं। ऐसे में उन्हें आईटी और सीए में पीएचडी कराई जाएगी। इससे उन्हें भविष्य में काफी समस्याएं आएंगी। गत दिनों एकेडमिक काउंसिल की बैठक में भी उक्त विद्यार्थियों के बिंदु को एजेंडे में शामिल किया गया था। यहां भी विद्यार्थियों को सीएस में पीएचडी करने के लिए स्वीकृति दी गई है। इसके बाद भी उनकी आरडीसी सीएस में नहीं कराई जा रही है।



#### सुपरवाइजर ने लिखा है कुलपति को पत्र

आईटी और सीए के सुपरवाईजर ने कुलपति राजीव त्रिपाठी को पत्र लिखकर कहा कि वे सीएस में विद्यार्थियों को पीएचडी करा सकते हैं। उन्हें सीएस की सुपरवाईजर की सूची में शामिल किया गया है, लेकिन कुलपति त्रिपाठी ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं दिया है। आरजीपीवी ने अभी तक 110 विद्यार्थियों को पीएचडी की आरडीसी कराकर प्रवेश दे दिया है। कुछ विद्यार्थियों के दस्तावेजों में कुछ खामियां थीं, जिन्हें दूर करा लिया गया है। करीब आधा दर्जन विद्यार्थियों के प्रवेश में व्यवधान जरुर आ रहा है।

> किसी भी विद्यार्थी को जबरिया दूसरे ब्रांच में पीएचडी करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। एकेडमिक काउंसिल में निर्णय लिया गया है कि विद्यार्थी योग्यता के हिसाब से अपनी पंसदीदा ब्रांच में पीएचडी कर सकता है।
>
> ● **डॉ. मोहन सेन, रजिस्ट्रार,** आरजीपीवी

# आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 50,000 की अवैध शराब सहित एक आरोपी पकड़ा गया

जागरण, पन्ना



पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार और पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा के निर्देश पर पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल जाटव के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय और कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर सुबह तड़के 3-4 बजे ग्राम इटवा कलां में संयुक्त रूप से दबिश दी गई । जिसमें आरोपी धीरेन्द्र सिंह यादव पिता हरि सिंह यादव उम्र 28 वर्ष के रिहायशी मकान में आरोपी की उपस्थिति में विधिवत तलाशी ली गई । तलाशी में आरोपी के रिहायशी मकान से लगे बाड़े के कोने में बोरियों से ढककर 11 पेटी अवैध शराब रखी थी । जिसके संबंध में आरोपी के पास कोई वैध परमिट या लायसेंस नहीं मिला । उक्त शराब की मौके पर गणना करने पर 8 पेटियों में 400 पाव देशी शराब जो बापुना डिस्टलरी द्वारा जबलपुर जिले के लिए भेजी गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30800 रुपए और 3 पेटियों में 150 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 19200 रुपए पाई गई । कुल 99 बल्क लीटर अवैध शराब की कीमत लगभग 50000 रुपए पाई गई । 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने पर आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का अपराध आबकारी वृत्त पन्ना में पंजीबद्ध किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहॉ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया । प्रकरण की विवेचना जारी है, जिसमें आरोपी ने बताया कि आरोपी जबलपुर जिले से ऋषभ सिंह ग्राम इटवा कलां, विक्की राजा मझियारी, कुलदीप सिंह बिलघाड़ी के माध्यम से अवैध शराब मंगवाता है। प्रकरण में और भी आरोपी हो सकते है ।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक पुलिस रामकृष्ण पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, कल्पना बागरी, आरक्षक अभिषेक, रामा, नीलेश आबकारी आरक्षक स्मिता ठाकुर, रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक मोतीलाल, वीरेंद्र शामिल रहे ।

# किसान की किस्मत हीरा मिलने से चमकी

## किसान को मिला 3:01 कैरेट का हीरा



**पन्ना।** किसान राजेंद्र गिरी गोस्वामी निवासी इटवॉ खास तहसील पन्ना को सरकोहा ग्राम में मिला 3 कैरेट 1 सेंन्ट का हीरा पन्ना जिले में उथली खदानों का पट्टा हीरा विभाग के द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर जारी किया जाता है। जिसे हितग्राही उथली खदान खोदकर कर संचालित करता है।जिससे कई लोगो का भविष्य बनता है हजारों लोग शासन से लीज पर जमीन लेकर उथली खदानें लगाते हैं जिसमें कई गरीब लोगों का भविष्य हीरा मिलने से सुधर गया है इसी कड़ी में राजेंद्र गिरी गोस्वामी का भविष्य चमक उठा इनके द्वारा हीरा विभाग से पट्टा लेकर पहली बार खदान लगाई गई। इसके पूर्व इनके पिता के द्वारा भी खदानें लगाई गई जिसमें उनको भी हीरा प्राप्त हुए है। हीरा पारखी अनुपम सिंह के द्वारा हीरा का वजन मापकर सरकारी खाते में जमा कर लिया गया इनके द्वारा बताया गया कि आगामी हीरा नीलामी में हीरे को रखा जायेगा जिस भी कीमत पर हीरा बिकता है। सरकारी टैक्स जमा करा कर बाकी शेष रकम हितग्राही के खाते में जमा कर दी जाती है।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग के ग्राम (वन समिति) विकास हेतु प्रयास

**गर्मी से निजात के लिए मई माह में दक्षिण पन्ना वन विभाग ने विद्यालयों और मंदिरों में स्थापित किए वॉटर कूलर**



**पन्ना।** दक्षिण वनमण्डल वन विभाग पन्ना द्वारा काष्ठ लाभांश राशि से ग्राम (वन समिति) विकास के विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभिन्न परिक्षेत्रों में विद्यालयों के परिसर, मंदिरों के प्रांगण, एवं कार्यालयों में 21 वॉटर कूलर स्थापित किए गए हैं। इनमें पवई वन परिक्षेत्र स्थित कलेही माता मंदिर एवं मोहन्द्रा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत कुआंताल में स्थित कंकाली माता मंदिर भी शामिल हैं। वन विभाग के इस कार्य को मंदिरों में आने वाले कई श्रद्धालुओं ने एवं सभी स्कूलों के प्राचार्यों, अध्यापकों एवं बच्चों ने सराहा एवं आभार व्यक्त किया है।

# वर्षों से जमे एसडीएम रीडर अजयगढ़ का शाहनगर स्थानांतरण !



**पन्ना।** अजयगढ़ तहसील कार्यालय के एसडीएम कोर्ट में रीडर के पद पर पदस्थ सहायक ग्रेड 3 प्रमोद आरख का कलेक्टर सुरेश कुमार ने शाहनगर किया स्थानांतरण जिसके बाद से रसूखदार रीडर अपना स्थानांतरण रुकवाने के कई प्रयास कर रहा है। जो जन चर्चा का विषय बना हुआ है। रीडर साहब के द्वारा अनुविभागीय न्यालय मे विचाराधीन प्रकरणों मे जनता को परेशान किया जाता था । जिससे पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के द्वारा तत्काल शाहनगर स्थानांतरण कर दिया गया बरहाल रीडर को अजयगढ़ से भार मुक्त नहीं किया गया है। इस बीच उनके द्वारा राजनितिक रसूख की मदद से स्थानांतरण रुकवाने की कवायद की जा रही है। लेकिन लोगो द्वारा पन्ना कलेक्टर से रीडर को तत्काल भार मुक्त करने की मांग की गयी है।

## भीषण गर्मी में बिजली विभाग की मनमानी, पल-पल बिजली कटौती

**पन्ना।** पन्ना जिले में गर्मी से जनता परेशान भीषण गर्मी के बीच बिजली विभाग की लापरवाही और मनमानी ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। शहरों से लेकर गांवों तक, बिजली की अघोषित विधुत कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित हो रही है। पल-पल बिजली गुल होने से न केवल घरेलू उपकरण बेकार हो रहे हैं, बल्कि गर्मी और उमस में बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही बिजली कटौती की शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। कई क्षेत्रों में रात के समय भी बिजली कटौती का सिलसिला जारी रहता है, जिससे लोगों की नींद उड़ गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलता है।

# मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में हुई कार्यशाला

## मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है जून माह



**पन्ना।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वर्तमान जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। सोमवार को कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अंतर विभागीय मलेरिया कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को मच्छरजनित विभिन्न बीमारियों डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया इत्यादि से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी व उपाय बताए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारियों से बचाव के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की जानकारी से भी अवगत कराया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी अरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यशाला में विभिन्न विभागों से आवश्यक सहयोग व समन्वय की अपेक्षा की। बताया गया कि बीमारी से बचाव के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों सहित मलेरिया मुक्त पन्ना के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। विभाग स्तर पर चिन्हित स्थलों पर मच्छरों के लार्वा विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जाएगी। आम नागरिकों को सलाह दी गई कि हैण्डपंप के आसपास पानी एकत्रित न होने दें। पानी के बर्तन इत्यादि को ढंककर रखें। प्रति सप्ताह कूलरों का पानी खाली कर एवं सुखाकर उपयोग करने के साथ ही घर एवं अपने आसपास अनुपयोगी सामग्री में पानी जमा न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग जरूर करें। घर के आसपास गड्ढो को भरने के साथ पानी से भरे रहने वाले स्थानों पर टीमोफॉस, मिट्टी का तेल या जला इंजन आयल डालने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। सप्ताह में एक बार टीन, डिब्बा, बाल्टी, गमला, फ्रिज की ट्रे इत्यादि का पानी खाली कर और अच्छी तरह सुखाकर दोबारा उपयोग में लाने की सलाह भी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि सर्दी व कंम्पन के साथ तेज बुखार, उल्टियाँ और सिर दर्द तथा पसीना आ कर बुखार उतरना एवं इसके बाद थकावट व कमजोरी होना मलेरिया के लक्षण हैं। एनोफिलिस मच्छर के काटने से होने वाले मलेरिया रोग के उपचार हेतु तुरंत रक्त जांच करवाकर मलेरिया की पुष्टि होने पर पूरा उपचार लेना चाहिए। खून की जांच और उपचार की सुविधा सभी शासकीय अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। इसी तरह एडीज मच्छर से होने वाले डेंगू के लक्षण अकस्मात तेज सिर दर्द व बुखार, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द होना, जी मचलाना एवं उल्टी होना तथा गंभीर मामलों में नाक, मुंह व मसूड़ों से खून आना अथवा त्वचा पर चकत्ते उभरना इत्यादि हैं। कार्यशाला में जिला पंचायत सी.ई.ओ.उमराव सिंह मरावी सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी एवं सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले भी उपस्थित रहे।

# पवई में गणित शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**पवई।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार पवई विकासखंड में एफएलएन अंतर्गत कक्षा एक और दो में गणित विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को चार चरणों में दिनाँक 9 जून 2025 से 16 जून 2025 तक प्रशिक्षण शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में दिया गया। इस प्रशिक्षण में 13 जनशिक्षा केंद्रों के 333 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पवई बीआरसीसी राजेश पटेल एवं प्रशिक्षण प्रभारी के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक, सुहानी चौबे, अमित जैन एवं दयाराम चौधरी ने शिक्षकों को गणित विषय का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में फ्लोर गेम, सीखने का अवसर, सामाजिक कौशल, बच्चों के सीखने की क्षमता में सुधार, बच्चों की रचनात्मकता में वृद्धि ,बच्चों के सामाजिक कौशल में सुधार आदि महत्वपूर्ण विषयों से शिक्षकों को अवगत कराते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया गया। दिनाँक 16 जून 2025 को समापन दिवस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नम्रता जैन ने सभी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को बेहतर अध्यापन के करने के साथ शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के निर्देश दिए। सुश्री जैन ने उपस्थित शिक्षकों से नवीन शिक्षा सत्र में लक्ष्य के अनुसार सभी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने की बात कही ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। प्रशिक्षण मे रामचरण गुप्ता प्राचार्य, श्रीकांत पटेल बीएसए, रामभगत द्विवेदी लेखापाल, बड़्डू यादव ऑपरेटर, जीतेन्द्र सिंह पेन्ड्रो एमआईएस एवं सौरभ जैन एफएलएन मास्टर ट्रेनर का सराहनीय सहयोग रहा।

## लाड़ली बहनों को मिली जून माह की आर्थिक सहायता राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान जून माह की आर्थिक सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित श्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को सुना। सभी ग्राम पंचायतों, ग्रामों एवं वार्डो में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक कार्यक्रम देखा एवं सुना गया। पन्ना जिले की एक लाख 83 हजार 228 लाड़ली बहनों को योजना की 25वीं किस्त के तहत 22.42 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक खाते में किया गया। इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत एक लाख 2 हजार 274 हितग्राहियों को 11 योजनाओं की 6 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि भी अंतरित की गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाड़ली बहनों तथा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों को गैस सब्सिडी की राशि मिली।

# बाढ़ आपदा की स्थिति से निपटने की करें पूर्व तैयारी : कलेक्टर

## टीएल बैठक में हुई विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा



**पन्ना ।** वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य अप्रिय स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी कर ली जाए। सभी राहत एवं बचाव उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित हो। चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय करें। साथ ही जल संसाधन विभाग द्वारा बांध के जल स्तर की सतत निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। रेस्क्यू टीम को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य करने के संबंध में सचेत करें। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल-पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्ग की निगरानी कर आवश्यक मरम्मत कार्य भी कर लिया जाए। इसके लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर पाबंद किया जाए। कलेक्टर श्री कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए।

इस मौके पर विभागवार अद्यतन गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन सहित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों से संबंधित लंबित प्रकरण भी समयबद्ध रूप से निराकृत करें। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के मामलों का तेजी से निराकरण किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में नागरिक सेवाओं का प्रदाय सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने 16 विभागों विशेषकर राजस्व, नगरीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में निरंतर रूप से प्रगति लाकर जिले की रैंक में सुधार के लिए निर्देशित किया। बैठक में हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य को प्रति दिवस के लक्ष्य अनुसार अभियान मोड में संचालित कर 30 जून के पूर्व तक शत प्रतिशत कार्य पूर्णता के लिए निर्देशित किया। साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र में समय पर छात्रवृत्ति वितरण और पेंशन हितग्राहियों की आधार बेस्ड ई-केवायसी कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के समुचित उपचार के लिए निरंतर सजगतापूर्ण तरीके से निगरानी करने और एनआरसी से बच्चों के डिस्चार्ज उपरांत लगातार फॉलोअप के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

**रोजगारमूलक प्रकरणों में बैंक स्तर पर हो समन्वय :** कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं के प्रति माह लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी गंभीरतापूर्वक प्रयास करें। इस संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंक स्तर पर जरूरी समन्वय के निर्देश दिए गए। साथ ही उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें सहित अन्य अधिकारियों को भी अधीनस्थ अधिकारीवार लक्ष्य सौंप कर नियमित रूप से प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण संबंधी कार्यवाही से अवगत कराने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरण सहित आगामी 31 अगस्त तक रिटायर होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में प्रेषित करने के लिए कहा, जिससे सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर हो सके।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समय पर पूर्ण करें :** कलेक्टर ने कहा कि आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी विभाग निर्धारित गतिविधि के तहत सभी कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस सप्ताह अधिकाधिक संख्या में संबंधित विभागों द्वारा अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। साथ ही गतिविधियों की पोर्टल पर भी तत्काल फीडिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी को राजस्व रिकार्ड में विभागीय संरचनाओं को दर्ज कराने तथा अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सहित जल संरचनाओं के मरम्मत तथा अन्य निर्धारित बिन्दुओं पर वांछित कार्रवाई समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर गुड सेमारिटन नेक व्यक्ति योजना के तहत घायल व्यक्तियों के अस्पताल में निःशुल्क उपचार तथा गोल्डन ऑवर में गंभीर घायल व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीर को 25 हजार रूपए की सहायता राशि के बारे में भी अवगत कराया गया। टीएल बैठक में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, उपार्जित गेहूं के परिवहन तथा कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गत 12 जून को सागर में संपन्न हुई।

## बारिश ने ठंडे किए गर्मी के तेवर



**टीकमगढ़।** सोमवार को पिछले 24 घंटों में मौसम ने करवट ली है। वही दोपहर 2 बजे तक तेज धूप रही। इसके बाद बादल छाए और दोपहर 3 बजे बारिश हुई। रविवार की देर रात भी तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई थी। मौसम में बदलाव से दिन का तापमान 3.7 डिग्री गिरकर 37 डिग्री पर आ गया। रविवार को यह 40.7 डिग्री था। पिछले एक सप्ताह से लोग गर्मी झेल रहे थे। भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43.5 और न्यूनतम 29.5 डिग्री था। शनिवार को यह क्रमशः 42 और 28 डिग्री रहा। रविवार को अधिकतम 40.7 और न्यूनतम 26 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में जिले में औसत 2 मिमी बारिश हुई। टीकमगढ़ वर्ष माफी केंद्र, बड़ागांव धसान और मोहनगढ़ में 5-5 मिमी, जबकि जतारा में 1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में जिले में अच्छी बारिश की संभावना है। आसमान में बादल छाए रहेंगे। दिन का तापमान 35-36 डिग्री और रात का तापमान 25-26 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

# कुएं में मिली 17 साल की लड़की की लाश, परिजनो ने हत्या के लगाये आरोप

## सड़क पर शव रख कर लगाया जाम



**टीकमगढ़।** जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र के गुना गांव में एक 17 वर्षीय लड़की की मौत का मामला सामने आया है। रविवार रात को लड़की की कुएं में गिरने से मौत हो गई। सोमवार सुबह मृतका के परिजन थाने पहुंचे और हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज करने की मांग की। पुलिस द्वारा तत्काल मामला दर्ज न करने पर परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों की मांग है कि पोस्टमार्टम से पहले ही मामला दर्ज किया जाए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए खरगापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी परिजनों से बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। टीकमगढ़ एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि लड़की के परिवार वाले पीएम से पहले मामला दर्द करने की मांग कर रहे हैं। उन्हें समझाया गया है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल परिवार वालों को समझाकर पोस्टमार्टम के लिए राजी किया गया है। समझाने के बाद परिजनों ने सड़क से शव हटा लिया है। लड़की के शव को पीएम के लिए अस्पताल रवाना किया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## निर्वाचक नामावली की प्रविष्टि में सुधार के लिए केवल बीएलओ से करें संपर्क

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी विभिन्न सुविधाओं के लिए मतदान केन्द्रवार बीएलओ नियुक्त किया गया है। बीएलओ द्वारा एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में नाम शामिल करने, प्रविष्टि में संशोधन, अन्य मतदान केन्द्र में निवास करने पर नाम स्थानांतरित करने तथा मतदाता सूची से नाम विलोपित करने का कार्य किया जाता है। बीएलओ एप्प इंटरनेट नेटवर्क होने तथा नेटवर्क उपलब्ध न होने पर भी कार्य करता है। प्रायः देखा गया है कि मतदाताओं द्वारा निर्वाचक नामावली की प्रविष्टि में सुधार के लिए बीएलओ से संपर्क न कर जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क किया जाता है। इससे समस्या का निराकरण संभव नहीं हो पाता, क्योंकि समस्त कार्य बीएलओ एप्प से ही संपन्न होना प्रावधानित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने, संशोधन, नाम स्थानांतरित करवाने अथवा विलोपन के लिए अपने मतदान केन्द्र के बीएलओ के पास जाकर ही आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर बीएलओ एप्प आवेदित कार्य कराएं।

# कुंडेश्वर ट्रस्ट की मतगणना जारी, देर रात तक आएगे परिणाम सामने

## कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना जारी, अखिलेश दीक्षित को आगे



**टीकमगढ़।** कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट के चुनाव में मतगणना सोमवार को जारी है। रविवार को हुए मतदान में कुल 1709 में से 1310 मतदाताओं ने वोट डाला था। सुबह 11 बजे से शुरू हुई। मतगणना में मतपेटी से वोट अलग करने में समय लगने के कारण दोपहर 3 बजे से कार्यकारिणी सदस्यों की गणना शुरू की गई। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 6, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 3, उपाध्यक्ष के लिए 3, सचिव के लिए 4, कोषाध्यक्ष के लिए 3, सह-सचिव के लिए 4, अंकेक्षक पद के लिए 2 और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 17 उम्मीदवार मैदान में हैं। शाम 6:30 बजे तक कार्यकारिणी सदस्यों के चार राउंड की गणना पूरी हो चुकी है। प्रत्येक राउंड में 100 वोटों की गिनती की जा रही है। अब तक की गणना में अखिलेश दीक्षित को सर्वाधिक 219 वोट मिले हैं। अन्य उम्मीदवारों में अरविंद पुरोहित को 190, उमाशंकर दीक्षित को 208, राजेंद्र बादल को 209, राम शंकर नायक को 171, चंद्रेश पटेरिया को 167, राजेंद्र मिश्रा को 166, बलवंत सिंह को 134, रघुवीर यादव को 127, नरेंद्र राय और कुलदीप सोनी को 112-112 वोट मिले हैं। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट यज्ञदीप रावत के अनुसार कार्यकारिणी सदस्यों की गणना के बाद अध्यक्ष सहित अन्य पदों की गणना शुरू होगी। कुल 13 राउंड में गणना पूरी होगी और देर रात तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

### बल के सदस्यों के स्वास्थ्य का विशेष रूप से दिया जा रहा ध्यान

# सीआईएसएफ में जवानों को भोजन में दिया जा रहा श्री अन्न

जागरण, रिहंदनगर



सीआईएसएफ में बल सदस्यों के स्वस्थ जीवन शैली के लिए गृह मंत्रालय के श्री अन्न मिशन कि दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुये केऔसुब ने देश भर तैनात अपनी 434 इकाईयों में श्री अन्न के उपभोग के लक्ष्य को पूरा कर लिया है उक्त जानकारी सीआईएसएफ यूनिट आरएचएसटीपीपी रिहंद के उप.कमांडेन्ट विशाल लक्ष्मण होल्कर ने बताये कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि इन प्रारंम्परिक पोस्टिक अनाजो को न केवल अपने बल सदस्यो और उनके परिवारो के बीच बल्कि व्यापक नागरिको के बीच भी बढावा देने की गृह मंत्रालय की पहल के प्रति सीआईएसएफकी प्रतिवधता को दर्शाती है। इस उपलब्धि की यात्रा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 23 की अंतर्राष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष घोषित करने के साथ शुरू हुई जो भारत के निरंतर प्रयास का प्रमाण है। इसके बाद गृह मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 23–.24 के लिए सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलो के दैनिक आहार में श्रीअन्न को शामिल करने का आदेश दिया। जिसमें 24.–25 के लिए जवानो के दैनिक आहार में 30 प्रतिशत श्री अन्न का लक्ष्य रखा गया सीआईएसएफकी सफलता का श्रेय सभी इकाईयो को जाता है। और बताया कि दैनिक रोल कॉल ब्रिफिंग सैनिक सम्मेलन और अन्य बैठकों के माध्यम से श्री अन्न के लाभो के बारें में लगातार शिक्षित किया गया और इकाई द्वारा आयोजित परिवारिक सदस्यों को शामिल कर उन्हे अपने घर मे आहार में श्री अन्न को शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**श्री अन्न सारर्थी स्वाद और संस्कृति का संगम :** उप. कमांडेन्ट विशाल लक्ष्मण होल्कर ने कहा कि सीआईएसएफ द्वारा लॉच की गई यह विशेष पुस्तिका श्री अन्न सारर्थी व्यजनों का संग्रह है। इस पुस्तिका में समूचे भारत के विभिन्न श्री अन्न ब्यंजनों की जानकारी दी गई है बलो के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया है रसोईयों से फीडबैक शामिल किया गया है और यहॉ तक कि श्री अन्न अपनाने वाले बल के सदस्यों के बीच स्वास्थय सुधार की प्रेरक कहानियॉ भी साझाा की गई है। सीआईएसएफ वेवसाईट पर एक डिजीटल संस्करण आसानी से उपलब्ध है जो ब्यापक पहॅुच सुनिश्चित करता है।

**प्रशिक्षण और जुड़ाव :** उप. कमांडेन्ट विशाल लक्ष्मण होल्कर ने बताया कि सीआईएसएफ की 100 प्रतिशत रसोईयों को स्वादिष्ट श्री अन्न व्यंजन तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया है। बल ने ज्ञान प्रदान करने और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए समय.समय पर डाक्टरो द्वारा सेमिनार बेबिनार और कार्यशाला का आयोजन किया है।

**श्री अन्न मेला स्वास्थ्य से जुड़ी स्वाद यात्रा :** सीआईएसएफ इकाईयो नं 335 से अधिक सफल प्रदर्शनियो में भी अन्न मेला का आयोजन किया है जो जनता और सीआईएसएफ परिवारो को यह व्यावहारिक प्रदर्शन प्रदान करतें है कि श्री अन्न को अपने आहार में शामिल करना कितना आसान है। इन मेला ने लोगो को श्री अन्न आधारित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया जिसे किसी भी संदेंह कों प्रभावी ढंग से दुर किया जा सका और व्यापक रुप से अपनाने को प्रोत्साहित किया जा सका।





# विभिन्न मंडलों मे सम्मिलित हुईं 11 साल बेमिसाल विकसित भारत संकल्प सभा

**जागरण, बैढ़न।** 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि तक अभियान के दूसरे चरण मे मंडल स्तरीय संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जियावन नौढ़िया तथा रजमिलान मंडलों मे संकल्प सभा का आयोजन किया गया। नौढ़िया एवं जियावन मंडल मे जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने स्वयं इस आयोजन का नेतृत्व किया तथा रजमिलान मंडल मे इस अभियान के प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व मे संकल्प सभा सम्पन्न हुई। संकल्प सभा मे मुख्य जिलाध्यक्ष तथा अभियान प्रभारी ने कार्यकर्ताओं तथा उपस्थित जन समूहों के बीच मोदी सरकार के 11 वर्षों के अद्वितीय कार्यकाल पर प्रकाश डाला तथा विकसित हो रहे नये भारत की तस्वीर को साझा किया। समस्त कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत बनाने के लिए सरकार के कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प लिया तथा देश के विकास के लिए अपने हर संभव योगदान की शपथ ली। इन सभाओं मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल चतुर्वेदी आशा यादव जिला मंत्री पूनम गुप्ता जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक मंडल अध्यक्ष ध्रुवेंद्रनाथ चतुर्वेदी सुनीता पांडेय मनोज शाह संदीप झा जनपद सदस्य आर डी यादव मुकेश तिवारी विक्रम सिंह चंदेल समेत स्थानीय मंडल पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चौकी निवास पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही



### 680 ग्राम गाँजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन तथा एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह के नेतृत्व में चौकी निवास पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। आज चौकी निवास पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भरसेड़ी चिरईढोल रेलवे फाटक के पास जंगल के रास्ते में एक व्यक्ति पन्नी में अवैध मादक पदार्थ गाँजा लेकर बिक्री हेतु खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति मिलाए जिसने पूछताछ में अपना नाम पुष्पराज जायसवाल पिता रामगोपाल जायसवाल 55 वर्ष निवासी महुआगांव चौकी निवास थाना सरई बताया। उसके पास रखी पॉलिथीन की तलाशी लेने पर उसमें से 680 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा जिसकी अनुमानित कीमत 6800/ आंकी गई बरामद किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना सरई में धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की गई। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निवास उप निरी प्रियंका सिह सउनि दीपनारायण प्र.आर ज्ञानेन्द्र सिंह आर.प्रभात कुमार दुबे आर सत्येंद्र पांडेय चौकी निवास का सराहनीय योग्यदान रहा।

# एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा 25 का हुआ भव्य शुभारंभ

**जागरण, सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में आज स्वच्छता पखवाड़ा .25 का शुभारंभ हुआ। आज से प्रारंभ यह अभियान भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के दिशा.निर्देशन में एनसीएल की सभी परियोजनाओं इकाइयों एवं मुख्यालय में 30 तक व्यापक रूप से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक बी.साईराम जेसीसी के श्रमिक संगठनों से प्रतिनिधि बीएमएस से श्यामधर दुबे एचएमएस से अशोक कुमार पांडेय विभागाध्यक्ष और अन्य कर्मियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी ने स्वच्छता की भावना को आत्मसात करते हुए नियमित श्रमदान साफसफाई बनाए रखने दूसरों




को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने तथा हर सप्ताह दो घंटे स्वेच्छिक श्रमदान करने का संकल्प लिया। स्वच्छता पखवाड़ा 25 के दौरान एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों में व्यापक रूप से विविध रचनात्मक और सहभागी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों में स्वच्छता जागरूकता रैलियों से लेकर नुक्कड़ नाटक चित्रकला प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रश्नोत्तरी वृक्षारोपण वालपेंटिंग एवं वेस्ट टू आर्ट् तथा वेस्ट टू क्राफ्ट प्रतियोगिताएं व कार्यशालाएं शामिल हैं जिनका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट पुनर्चक्रण व स्वच्छ वातावरण को प्रोत्साहित करना है। एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं और इकाइयों में जल स्रोतों की सफाई अस्पताल परिसरों की स्वच्छता जूट बैग का वितरण डस्टबिन की स्थापना प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र निर्माण पुनः उपयोग अपसाइक्लिंग एवं गांवों में स्वच्छता जागरूकता अभियान जैसे व्यावहारिक कदम भी उठाए जाएंगे। स्वच्छता अभियान से संविदा कर्मियों और आसपास के ग्रामीण समुदायों को भी जोड़ा जा रहा है।

# वरिष्ठता मोहन सरकार 25 में निराकरण करें : इंद्रेश

### न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के तत्वावधान में पेंशन अधिकार महासम्मेलन का आयोजन




**जागरण, बैढ़न।** जिले के सामुदायिक भवन बैढन में न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के तत्वावधान में पेंशन अधिकार महासम्मेलन का आयोजन हुआ इस महासम्मेलन के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह तिवारी रहे विशिष्ट अतिथि श्रीमती विभा सिंह प्रदेश संगठन मंत्री संकठा प्रसाद शुक्ला प्रांतीय महामंत्री बबलू प्रजापति संभागीय अध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा संभागीय प्रभारी रहे सबसे पहले आए हुए अतिथियों का स्वागत आकाशवाणी कलाकार अशोक पांडे एवं उनकी टीम ने स्वागत गीत गाकर किया इसके बाद अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इसके बाद श्रृंगी ऋषि की धरती पर चाणक्य का कार्य कर रहे इंद्रेश कुमार वर्मा को मुंडन करवा कर गेरुआ वस्त्र पहना कर पूर्ण रूप से चाणक्य बना दिया गया प्रांताअध्यक्ष सतेंद्र सिंह तिवारी ने कहा कि यह प्रेरणा 17 सितंबर 23 को नीलम पार्क भोपाल में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर एनपीएस की तिलांजली देकर हजार साथियों ने मुड़ मुंडवाए थे उसी दिन एनपीएस की तिलांजलि हो गई थी उसी में भाई इंद्रेश वर्मा भी मुड़ मुंडवाए थे और आज उसी की देन है उन्होंने केस त्याग कर चाणक्य रूपी गेरुआ वस्त्र समाज व देश हित में पहन लिया हम लोगों ने आंदोलन कर एनपीएस से यूपीएस तक ले आये अब यूपीएस से ओपीएस में लाएंगे तथा एनपीएस और यूपीएस को विस्तार रूप से समझाए उन्होंने कहा यह सब लड़ाई से ही हो पाएगी हम सब एक रहे और अपनी संख्याबल मजबूत करते रहें सरकार एक दिन जरूर झुकेगी उन्होंने कहा कि हम लड़ते रहें और 2025 में ही यह सफलता मिलेगी इस महासम्मेलन को बबलू प्रजापति संभागीय अध्यक्ष विभा सिंह प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कुमार मिश्रा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या बैढ़न जीवेंद्र कुमार सिंह जिला संयोजक राम जी सहाय जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा शिक्षक गोपाल दास आईटीआई प्राचार्य राजेश सावले सरंक्षक राजकुमार यादव जिला अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे जिला उपाध्यक्ष मंगलेश बहादुर पड़वार सुरेश कुमार जायसवाल कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष बैढन सहित बहुत साथियों ने इस सभा को संबोधित किया और ओपीएस के महत्व को समझाया ओपीएस कितना जरूरी है इसको समझाया चाणक्य ने मोहन सरकार को दिसंबर 25 तक वरिष्ठता बहाल करने एवं अतिथियों को रेगुलर करने का समय दिया है समय के अंदर नहीं होता है तो आंदोलन का बहुत बड़ा रुख होगा उन्होंने मोदी सरकार से अपील किया है की आप या तो कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दें नहीं दे सकते हैं तो अपना पुरानी पेंशन छोड़ें अब देश भर के चाणक्य लाम बंद होना शुरू हो गए हैं अब आर और पार होगा तथा सरगम सिंगरौली संगीत टीम द्वारा गोरेलाल पनिका व अशोक पांडे जी द्वारा पुरानी पेंशन पर आधारित कई मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया महासम्मेलन में उपस्थित लोगों ने गीतों का आनंद ली तथा बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन कितना जरूरी है गीत के माध्यम से लोगों ने समझा महासम्मेलन का संचालन श्रीमती सुनीता सांवले व रामजी सहाय द्वारा सफल संचालन किया गया कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की कई जिलों से कर्मचारी साथी एवं पदाधिकारी पहुंचे थे जिनमे अंजनी कुमार वर्मा प्रवक्ता भागीरथी सिंह रामसूरत जायसवाल साधना सिंह चित्रकूट प्रसाद साकेत राम चरण शाह देवनाथ राम भगत धनेश प्रजापति मुनिया सिंह अर्चना सोंधिया लाल बिहारी सिंह श्याम लाल दुबे जीडी पनिका बसंत लाल प्रजापति राजेंद्र कुमार सिंह लालपति रैदास अखिलेश्वर सिंह चंद्रिका प्रसाद दुबे ठाकुर प्रसाद वैश्य मृत्युंजय प्रताप मौर्य कौशल प्रताप नापित दुर्गेश प्रसाद विश्वकर्मा राम लल्लू साकेत विजय कुमार पनिका राधेश्याम दुबे हरि शरण कोल मानिकचंद शाह रामदयाल यादव विलियम टोप्पो मंगलेश्वर साय अमित पदवार अनिल कुमार पनिका सुधा मिश्रा राजेंद्र प्रसाद वैश किशोर कुमार भगत रामनरेश प्रजापति दिनेश प्रसाद पड़वार सिपाही लाल पूर्णिमा सिंह उमाकांत सांवरे सहित हजारों साथियों ने इस महासम्मेलन में शिरकत किया। इसके इसके बाद सामुदायिक भवन से जिला कलेक्ट्रेट तक रैली कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एवं स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल को ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड में मिला शिक्षा संवर्धन हेतु सम्मान



**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उपलब्धियों में एक और कीर्तिमान जोड़ते हुए 11 वां ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 25 शिक्षा संवर्धन श्रेणी में प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान विंध्याचल परियोजना द्वारा आसपास के समुदायों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी व प्रभावशाली सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा संचालित प्रमुख पहलों में बालिका सशक्तिकरण अभियान स्टेम लैब की स्थापना बैंक पीओ अर्धसैनिक बलों एवं सैन्य भर्ती हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण तथा खानुआ गांव में 100 बिस्तरों वाले छात्रावास का निर्माण जैसी परियोजनाएँ उल्लेखनीय हैं जो इस पुरस्कार के सशक्त आधार बने। इस अवसर पर सुश्री मृणालिनी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान परियोजना की शिक्षा के माध्यम से युवाओं विशेष रूप से बालिकाओं के सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एनटीपीसी विंध्याचल निरंतर समावेशी और सतत विकास की दिशा में शिक्षा को केंद्र में रखकर कार्य करता रहेगा।

# राहुल गांधी की मंशा संगठन में युवाओं को मिले अधिकतम अवसर : सप्तगिरि उल्का

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए सूर्या द्विवेदी ने पर्यवेक्षक के समक्ष पेश की दावेदारी



**जागरण, बैढ़न।** मध्य प्रदेश में संगठन सृजन अभियान का आगाज हो चुका है जिस कड़ी में सिंगरौली जिले में एआईसीसी के मुख्य पर्यवेक्षक और उड़ीसा रायगढ़ के सांसद सप्तगिरि उल्का प्रदेश से नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री ओमकार मरकाम प्रदेश महामंत्री कविता पांडे एवं पूर्व विधायक कोतमा सुनील सराफ जिले में तीन दिवसीय भ्रमण कर कार्यकर्ताओं से ब्लॉक बाई ब्लॉक बैठक कर रायशुमारी किए जिले के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण और शहर के लिए अलग.अलग रायसुमारी की जा रही है जिसमें देखने को आया है कि कार्यक्रम सृजन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिख रहा है सूर्यकुमार द्विवेदी सूर्या पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस सिंगरौली ने अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के संदर्भ में बताया कि कांग्रेस पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था है जिसके तहत संगठन में चुनकर सही और योग्य व्यक्ति को बैठाया जाता है जब हम अध्यक्ष बने थे उसे समय भी युवा कांग्रेस का चुनाव हुआ था और अब कार्यक्रम सृजन के तहत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार पर कार्यकर्ताओं से रायसुमारी की जा रही है लोकतांत्रिक व्यवस्था होने के कारण ही सभी वर्ग के लोग खासकर युवाओं में काफी उत्साह है और राहुल गांधी की जो युवाओं को आगे लाने की मंशा है उसको देखते हुए युवाओं ने भी बढ़.चढ़कर भागीदारी निभाई है।

# कृति महिला मण्डल ने केयरिंग हैंड्स वेल्फेयर कार्यक्रम का किया आयोजन

### कोल इंडिया लिमिटेड ऑफिसर्स वाइव्स समिति सिलोव्स की अध्यक्षा बतौर मुख्य अतिथि हुईं शामिल



**जागरण, सिंगरौली।** आज एनसीएल मुख्यालय स्थित अधिकारी क्लब में कृति महिला मण्डल व ज्योत्स्ना महिला समिति द्वारा केयरिंग हैंड्स वेल्फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड परिवार की प्रथम महिला एवं कोल इंडिया लिमिटेड ऑफिसर्स वाइव्स समिति सिलोव्स की अध्यक्षा श्रीमती पी.विमला प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं व सिलोव्स की उपाध्यक्षा श्रीमती रेणुका वर्मा श्रीमती अर्चना चौधरी श्रीमती नंदिनी त्रिपाठी श्रीमती निधि अग्रवाल एवं श्रीमती श्रीपर्णा घटक एवं सिलोव्स की अन्य सदस्याएँ बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहीं । साथ ही कृति महिला मंडल व ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती बी. के. दुर्गा एवं उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार श्रीमती संगीता नारायण श्रीमती शोभा मलिक एवं श्रीमती वीणा सिंह बतौर अतिथि उपस्थित रहीं। सभागार में कृति महिला मंडल व ज्योत्सना महिला समिति की सभी सदस्याएँ भी मौजूद थी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बालिका शिक्षा पर केंद्रित थीम बेटी है समृद्धि की सीढ़ी वह पढ़ेगी तो बढ़ेगी अगली पीढ़ी रहा जिसके अनुरूप स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था। सजावट के तहत बनाए गए सेल्फी प्वाइंट ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वागत नृत्य पंचतत्व नृत्य लोकनृत्य झांसी की रानी पर आधारित प्रस्तुति शैडो डांस वेस्टर्न डांस गीत व हास्य नाटक आदि प्रस्तुत किए गए जिन्हें दर्शकों से भरपूर सराहना मिली। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के जोश और दर्शकों की सहभागिता ने पूरे माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। सभागार में उपस्थित सभी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती पी. विमला प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुतियों की सराहना की एवं साथ ही उन्होनें कृति महिला मण्डल के द्वारा समाज कल्याण की दिशा में किए गए सार्थक प्रयासों को अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिये गए। कार्यक्रम के दौरान कृति महिला मण्डल एवं इकाइयों द्वारा वर्ष 24–.25 में किए गए समाजसेवी कार्यों की झलक एक विशेष वीडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इसके अतिरिक्त कृति महिला मंडल की वार्षिक स्मारिका संकल्प के ग्यारहवें अंक का विमोचन भी किया गया जिसमें कृति महिला मंडल एवं इकाइयों के वर्ष भर के जनकल्याणकारी कार्यों व इसकी सदस्याओं की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में कृति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बी. के. दुर्गा ने सभी अतिथियों के लिए स्वागत उद्बोधन दिया। कृति महिला मण्डल एवं ज्योत्सना महिला समिति अध्यक्षा श्रीमती बी.के. दुर्गा एवं सभी उपाध्यक्षाओं एवं उनकी टीम के द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार ने कृति महिला मंडल की ओर से मुख्य अतिथि और सभी विशिष्ट अतिथियों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही अन्य सभी अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कृति महिला मण्डल एवं ज्योत्सना महिला समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक विविधता का उत्सव रहा बल्कि समाजसेवा महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को जनचेतना से जोड़ने का भी एक सार्थक प्रयास रहा।

### इंग्लैंड की तेज और स्विंग पिचों पर टीम इंडिया को दिखाना होगा दमखम के साथ तकनीकी कौशल

# भारतीय टीम के लिए पांच टेस्ट मैचों का इंग्लैंड दौरा अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में टेस्ट क्रिकेट खेलने को तैयार है। 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज न केवल युवा कप्तान शुभमन गिल की परीक्षा होगी, बल्कि यह भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकती है। भारतीय टीम का इंग्लैंड में टेस्ट रिकार्ड बेहद निराशाजनक रहा है। इस सीरीज में भारत को इंग्लैंड की तेज और स्विंग करती पिचों पर न सिर्फ तकनीकी कौशल बल्कि मानसिक दृढ़ता भी दिखानी होगी। अगर यह युवा टीम सीरीज जीतती है, तो यह 2007 के बाद इंग्लैंड में पहली सीरीज जीत होगी और शुभमन गिल की कप्तानी को एक मजबूत शुरुआत मिलेगी।



## युवा चेहरों से सजी टीम इंडिया

टीम में युवा चेहरों को तरजीह दी गई है। अर्शदीप सिंह और साई सुदर्शन को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है, जबकि अनुभवी करुण नायर ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर आठ साल बाद वापसी की है। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, और खुद कप्तान शुभमन गिल पर बल्लेबाजी का भार होगा, जबकि तेज गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप, सिराज और बुमराह जैसे विकल्प होंगे।

## 2007 में जीती थी पिछली टेस्ट सीरीज

भारत ने इंग्लैंड में पिछली टेस्ट सीरीज जीत 2007 में हासिल की थी, जब राहुल द्रविड़ कप्तान थे। उस ऐतिहासिक सीरीज में तेज गेंदबाज जहीर खान ने लार्ड्स में नौ विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई थी। इसके बाद भारत ने 2011, 2014 और 2018 में सीरीज गंवाईं, जबकि 2021-22 की सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई। अब जबकि रोहित शर्मा और कोहली जैसे नाम टेस्ट से विदा ले चुके हैं, कप्तानी की जिम्मेदारी शुभमन गिल को दी गई है। ऋषभ पंत कप्तान उपकप्तान की भूमिका में हैं और टीम की रीढ़ बनकर उभर रहे हैं।

### 69 में से 9 टेस्ट में मिली है जीत

अब तक भारत ने इंग्लैंड में 69 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से केवल नौ मैचों में जीत मिली है। टीम को 38 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 22 मुकाबले ड्रा रहे हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि इंग्लैंड की परिस्थितियां हमेशा भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही हैं।

### अभ्यास मैच से होगा टीम को फायदा

भारत और भारत ए के बीच बेकेनहैम में चल रहा चार दिवसीय अभ्यास मैच का प्रसारण टीवी पर नहीं किया जा रहा है, फिर भी परफॉर्मेंस एनालिस्ट टीम कैमरों की मदद से हर गतिविधि रिकार्ड कर रहे हैं। टीम इंडिया के एनालिस्ट हरी प्रसाद मोहन और भारत ए के पुष्कर सावंत ने बताया कि कैमरे लगाकर वीडियो फीड ली जा रही है, जिससे डाटा लेना संभव हो पा रहा है।

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी लॉन्च का इंतजार

**लंदन, जेएनएन।** अहमदाबाद में हाल में हुए विमान हादसे के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के अनावरण में देरी हो गई। इस विमान हादसे में 275 लोगों की मौत हो गई थी। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में इसे पहले पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी (एटीटी) कर दिया गया है। इस ट्रॉफी का नाम बदलने का फैसला मेजबान इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने किया।

## टीम इंडिया के वे कप्तान जिन्होंने इंग्लैंड की धरती पर जीते टेस्ट मैच


**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड दौरे पर है, जहां उन्हें पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होना है, जो कि 4 अगस्त तक चलेगा। मेहमान टीम की कप्तानी शुभमन गिल के पास हैं, जिन्हें रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट लेने के बाद रेड बॉल फॉर्मेट का कप्तान बनाया गया। वहीं, ऋषभ पंत को उनका डिप्टी बनाया गया। यह पहली बार होगा जब भारतीय टीम रोहित-विराट के बिना खेलने उतरेगी। इन दोनों के अलावा आर अश्विन, जिन्होंने इसी साल की शुरुआत में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, उनके बगैर टीम इंडिया मैच खेलने उतरेगी। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में शुभमन गिल के आगे चुनौती होगी, क्योंकि साल 2007 से टीम इंडिया अभी तक एक बार भी इंग्लैंड में टेस्ट नहीं जीती हैं। मेहमान टीम ने इंग्लैंड में केवल 9 टेस्ट मैच जीते हैं। आपको उन भारतीय कप्तानों के नाम बताते हैं, जिनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने इंग्लैंड की धरती पर मैच जीते।



**अजीत वाडेकर-1971 :** अजीत वाडेकर, भारत के ऐसे पहले कप्तान रहे, जिनकी कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट मैच जीता। टीम इंडिया ने तीसरे टेस्ट मैच में 1971 में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने लगातार तीन टेस्ट सीरीज जीती। इस तरह इंग्लैंड की जमीन पर पहला टेस्ट जीतने के लिए हमें पूरे 39 साल और 21 टेस्ट का इंतजार करना पड़ा था।



**कपिल देव-1986 :** कपिल देव की कप्तानी के दौरान भारतीय टीम ने 1986 के दौरान टेस्ट सीरीज इंग्लैंड की धरती पर 2-0 से जीती। ओपनिंग टेस्ट मैच लॉर्ड्स में टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीता और उस मैच में कपिल ने पांच विकेट चटकाए थे और दूसरी पारी में 23 रन की नाबाद पारी खेली थी।



**सौरव गांगुली-2002 :** भारत ने इंग्लैंड में टेस्ट मैच 2002 में जीता, जब सौरव गांगुली टीम के कप्तान थे और उनकी कप्तानी में भारत ने लीड्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम को पारी और 46 रनों से हराकर चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी।



**राहुल द्रविड़-2007 :** गांगुली की कप्तानी में ऐतिहासिक जीत के बाद पांच साल बाद भारत ने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में नॉटिंघम में दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला 1-0 से जीतकर इतिहास दोहराया था।



**एमएस धोनी-2014 :** एमएस धोनी ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम का नेतृत्व किया और 1986 के बाद पहली बार लॉर्ड्स में जीत हासिल करके मेजबान टीम का गुरूर तोड़ा था।



**विराट कोहली-2018, 2021 :** विराट कोहली के नाम इंग्लैंड में एक भारतीय कप्तान के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट (3) जीत का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2018 में एक टेस्ट में और 2021 में दो टेस्ट में भारत को जीत दिलाई थी। साल 2018 में, भारत ने नॉटिंघम में पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 203 रनों से हराया था।

## खेल एक नजर

### वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 62 रन से हराकर टी-20 श्रृंखला जीती

**ब्रेडी (उत्तरी आयरलैंड)।** वेस्टइंडीज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया और आयरलैंड को 62 रन से हराकर बारिश से प्रभावित तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एविन लुईस (44 गेंदों में 91 रन) और कप्तान शाई होप (27 गेंदों में 51 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर में 122 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 256 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कुल 20 छक्के लगाए। लुईस ने आठ जबकि होप और कीसी कार्टी ने चार-चार छक्के लगाए। कार्टी ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन का योगदान दिया। आयरलैंड इसके जवाब में सात विकेट पर 194 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से रॉस अडायर (36 गेंदों में 48 रन) और हैरी टेक्टर (25 गेंदों में 38 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। पहला और दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। दोनों टीमों ने मई में डबलिन में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी। इसके बाद इंग्लैंड ने एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला दोनों में वेस्टइंडीज को 3-0 के समान अंतर से हराकर क्लीन स्वीप किया था।

### चेन्नई ओपन की तीन साल बाद भारत करेगा मेजबानी

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु टेनिस संघ (टीएनटीए) ने सोमवार को घोषणा की कि भारत तीन साल बाद डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट चेन्नई ओपन की मेजबानी करेगा जिसका मुख्य ड्रॉ 27 अक्टूबर से शुरू होगा। यह टूर्नामेंट पिछली बार 2022 में डब्ल्यूटीए कैलेंडर में शामिल किया गया था जब चेक गणराज्य की लिंडा फ्रूहविर्टोवा एकल चैंपियन बनी थीं। टीएनटीए के अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा, आखिरकार तमिलनाडु सरकार और एसडीएटी (तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण) के मजबूत समर्थन की बदौलत चेन्नई में एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल/टेनिस प्रतियोगिता को लाने के हमारे प्रयास सफल हुए। उन्होंने कहा, इस प्रतियोगिता का प्रसारण एक प्रमुख खेल चैनल पर किया जाएगा। मैं इस आयोजन को सफल बनाने में चेन्नई के खेल प्रेमियों की उत्साही भागीदारी की आशा करता हूं।

#### एफआईएच प्रो लीग हॉकी

### भारत को अर्जेन्टीना के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन से है जीत की उम्मीद

**लंदन, जेएनएन।** यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है। सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं। हॉकी इंडिया ने सलीमा के हवाले से कहा, अर्जेंटीना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक अपने 12 एफआईएच प्रो लीग मैच में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हम बिना लड़े हार नहीं मानेंगे- हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और उनके खिलाफ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रहे भारत की नजरें वापसी पर टिकी हैं।

## भारतीय निशानेबाजों ने विश्व कप में किया शानदार प्रदर्शन



**म्यूनिख, जेएनएन।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा, हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### आवेश खान के घुटनों का आपरेशन आज

**इंदौर, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेटर आवेश खान का मंगलवार को मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में दाहिने पैर के घुटने की सर्जरी होगी। उनकी सर्जरी कोकिलाबेन अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड आर्थोस्कोपी के हेड डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला करेंगे।



आवेश के पिता आशिक खान ने बताया कि घुटने की सर्जरी के लिए आवेश सोमवार को इंदौर से मुंबई चले गए हैं। मंगलवार को ऑपरेशन होगा। कुछ दिन वह मुंबई में डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे और फिर करीब एक महीने बेड रेस्ट करेंगे। डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला 2023 में ऋषभ पंत के लिगामेंट की भी सर्जरी कर चुके हैं। पंत का साल 2022 के आखिरी दिन दिल्ली से मेरठ जाने के दौरान कार एक्सीडेंट हो गया था। उनके सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। उनके दाहिने पैर के घुटने की तीन लिगामेंट भी टूट गया था। आवेश कई महीनों से घुटने की चोट से जूझ रहे हैं आईपीएल के 18 वें सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाए थे। हालांकि वापसी के बाद फिर से उन्हें चोट लग गई।

#### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज पर पूर्व क्रिकेटरों की राय

## इंग्लैंड जीतेगा श्रृंखला लेकिन भारत पेश करेगा कड़ी चुनौती





**नयी दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की श्रृंखला में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। हेडन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह श्रृंखला अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा, भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा। मुझे लगता है कि यह 3-2 से इंग्लैंड के पक्ष में होगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटरों दीप दासगुप्ता और संजय मांजरेकर ने भी इंग्लैंड को श्रृंखला में जीत का दावेदार बताया है।


### जर्मन क्वालीफायर तात्याना ने 37 वर्षीय की उम्र में क्वींस क्लब का खिताब जीता

**लंदन, जेएनएन।** जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट क्वींस क्लब में जीत हासिल करके अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने के साथ खुद को 'क्वीन ऑफ क्वींस' साबित किया। दो बच्चों की 37 वर्षीय मां मारिया ने लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया ने अपनी बेटियों चार्लोट और सेसिलिया तथा अपने पति और कोच चार्ल्स एडौर्ड मारिया के सामने जीत हासिल की। मारिया ने कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं एक अच्छा उदाहरण हूं कि मेरी उम्र में भी आप बड़ी ट्रॉफियां जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है। उन्होंने अपने चौथे डब्ल्यूटीए खिताब की राह में कैरोलिना मुचोवा, एलेना रयबाकिना और मैडिसन कीज़ सहित विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया।



### मुख्य कोच गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे

**दिल्ली, जेएनएन।** परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए इंट्रा-स्क्वाड मैच में हिस्सा नहीं लिया था।



## क्लब विश्व कप: पेरिस सेंट जर्मेन ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया

**पासाडेना (अमेरिका), जेएनएन।** चैंपियंस लीग में पहली बार चैंपियन बनने के बाद आत्मविश्वास से भरी पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटलेटिको मैड्रिड पर 4-0 की जीत के साथ क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान का जोरदार आगाज किया। पीएसजी ने 31 मई को इंटर मिलान को 5-0 से हराकर अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब जीतने के बाद अपने पहले मैच में एटलेटिको पर काफी हद तक दबदबा बनाया।



## साउथ जोन एसएएफ गेम्स का शुभारंभ, तोरन ने जीता गोल्ड

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के साउथ जोन विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) गेम्स का सोमवार शाम को शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता भोपाल स्थित 7वीं बटालियन ने आयोजित की है। 19 जून तक चलने वाले इस खेल महोत्सव के मुकाबले टीटी नगर स्टेडियम और लाल परेड ग्राउंड में होंगे। स्पर्धा के आयोजक 7वीं बटालियन के कमांडेंट हितेश चौधरी के अनुसार जोन स्तर की इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 56वीं राज्य स्तरीय पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन आईजी अभय सिंह, इरशाद वली, डीआईजी युसूफ कुरैशी, कमांडेंट कुमार प्रतीक और नागेंद्र सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया।

**317 खिलाड़ी ले रहे भाग :** इस प्रतियोगिता में कुल 9 बटालियन भाग ले रही हैं, जिनमें 6वीं बटालियन जबलपुर, 7वीं बटालियन भोपाल, 8वीं बटालियन छिन्दवाड़ा, 9वीं बटालियन रीवा, 10वीं बटालियन सागर, 23वीं बटालियन भोपाल, 25वीं बटालियन भोपाल, 35वीं बटालियन मंडला और 36वीं बटालियन बालाघाट शामिल हैं। इन बटालियनों के लगभग 317 खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कुश्ती, कबड्डी, हैंडबॉल, सेपक-तकरा, जूडो, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, रनिंग, लॉन्ग जंप, हाई जंप एवं ट्रिपल जंप के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता का समापन 19 जून को पुलिस के आला अफसरों की मौजूदगी में होगा। उद्घाटन के मौके पर पहले दिन 200 मीटर दौड़ का फाइनल हुआ जिसमें भोपाल की 23 वीं बटालियन के तोरन प्रसाद ने पहला, 36 वीं बटालियन बालघाट के इमरान ने दूसरा और 23 वीं बटालियन भोपाल के सचिन ने तीसरा स्थान हासिल किया।



#### महिला क्रिकेट वन-डे विश्वकप-2025

## 5 अक्टूबर को कोलंबो में भिड़ेंगी टीम इंडिया और पाकिस्तान टीमें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडिया और पाकिस्तान में तनाव बरकरार है। इस बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें 5 अक्टूबर को वनडे वर्ल्ड कप 2025 में भिड़ेंगी। यह मैच कोलंबो में होगा। महिलाओं के एकदिवसीय विश्व कप 2025 में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की टीमें 5 अक्टूबर को कोलंबो में भिड़ेंगी। टूर्नामेंट की मेजबानी भारत कर रहा है लेकिन पाकिस्तान के सारे मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। 30 सितंबर को बेंगलुरु में भारत और श्रीलंका के बीच महिला विश्व कप का उद्घाटन मैच खेला जाएगा। फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या फिर कोलंबो खेला जाएगा। अगर पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंचती है तो बेंगलुरु और अगर पहुंचती है तो कोलंबो में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान की महिला टीमें 5 अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ेंगी। 30 सितंबर से विश्व कप का आगाज हो रहा है। उस दिन बेंगलुरु के एम. चिन्नस्वामी स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच उद्घाटन मैच खेला जाएगा।

## विश्व योग दिवस पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम

**सतना।** ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन को नोडल अधिकारी बनाया है।

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 23 जून तक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 13 जून से किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

# टिकुरिया टोला में कट्टे से फायर करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### कोलगवां टीआई ने कार्यवाही कर आरोपियों को दबोचा

**जागरण सतना**

शहर के टिकुरिया टोला स्थित लखन चौराहा के पास कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा था। इस मामले में अब तीन आरोपी पकडे जा चुके है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश , एएसपी शिवेश सिंह , सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है।



### ये है विवरण

फरियादिया सहनाज बानो उर्फ तारा उम्र 30 साल निवासी लखन चौराहा वार्ड क्रमांक 44 ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 जून की शाम तकरीबन 8 बजे उमर खान और मंटू लोधी दोनो निवासी जवान सिंह कालोनी ने बाइक से आकर गाली गलौच करते हुये कहा कि तुम्हरे पति ने भाईया खान से विवाद किया है नदीम खान को जान से खत्म कर देगें इतना कहते ही कट्टे से मेरी तरफ फायर कर दिया जिससे मैने दरवाजा बंद कर लिया जिससे गोली दरवाजे पर लगी जान से मारने की नियत से फायर किया गया था। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

कट्टा से हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले आरोपी भाईया खान उर्फ मकबूल खान पिता मुनौअर खान निवासी जवान सिंह कालोनी को पुलिस ने 15 जून को ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि अमन उर्फ मंटू लोधी उम्र 25 साल निवासी हवाई पट्टी एवं उमर खान पिता मुनौअर खान उम्र 22 साल निवासी जवान सिंह कालोनी को 16 जून को गिरफ्तार किया गया है। पकडे गये आरोपियों ने घटना कारित किया स्वीकार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेजा गया है पुलिस ने उनके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा कारतूस व अपाची बाइक जप्त की है इस कार्यवाही में टीआई सुदीप सोनी उपनिरीक्षक अभिलाष नायक , आरएस वर्मा , एएसआई उमेश पाण्डेय , साईबर सेल से उपनिरीक्षक अजीत सिंह सहित अन्य की सरानीय भूमिका रही ।

# 63 लीटर अवैध शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

### धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल ने की बडी कार्यवाही

**जागरण सतना।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक आरोपी को धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 63 लीटर गोवा एवं प्रिंस लेमन देशी शराब जप्त करने में सफलता पाई है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी विक्रम सिंह एसडीओपी चित्रकूट के मार्गदर्शन में की गई है।



### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि गस्त के दौरान 15 जून को मुखबीर से सूचना मिली थी कि बैरहना बांधा के पास दो लोग एक प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब भरकर बाइक लिये खडे व गृहक का इंतजार कर रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बैरहटना बांधा के पास पहुचकर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड लिया जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर एक आरोपी भागने में कामयाब हो गया है। पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम रमेश साकेत पिता रामकुमार साकेत उम्र 40 साल निवासी ग्राम संजय नगर थाना सभापुर जिला सतना को होना बताया । जबकि भागने वाले व्यक्ति का नाम बब्लू यादव निवास पगार का होना बताया गया है। पुलिस ने बाइक क्रमांक एमपी 19 जेड सी 3296 एचएफ डिलेक्स व प्लास्टिक बोरी में 7 कार्टून भरी अवैध शराब जप्त की है।पकडी गई 63 लीटर शराब की कीमत 29 हजार रूपये जबकि बाइक की कीमत 60 हजार रूपये बताई गई है।

## श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियां छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करें

**सतना।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु मध्यप्रदेश में बीडी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट श्रमिकों के पुत्र पुत्रियों हेतु एन,एस,पी, पर आनलाईन आवेदन की प्रकिया 2 जून 2025 से प्रारंभ हो गई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बीडी कामगार कल्याण निधि औषधालय सतना ने जानकारी देते हुए बताया कि प्री मैट्रिक हेतु अंतिम तिथि 31 अगस्त एवं पोस्ट मैट्रिक हेतु 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित है।

## अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवासरण दिवस 26 जून को

**सतना।** अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को मनाया जावेगा। इस मौके पर जिले में मद्यपान एवं मादक पदार्थों नशीली दवाईयों, शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं, छात्र-छात्राओं, आमजन को अवगम कराने नशामुक्ति के लिए जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सतना द्वारा इस संबंध की जानकारी संबंधित संस्थाओं को भेजी जा चुकी है।

## विद्युत उपभोक्ताओं के शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर 18 जून को

**सतना।** अध्यक्ष विद्युत उपभोक्तो शिकायत निवारण फोरम एवं कार्यपालन अभियंता संचा/संधा वि.वि.कं.लि. ने जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा विद्युत वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायतें की गई हों, और उनका निराकरण लंबित हो। ऐसे उपभोक्ता 18 जून को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के मध्य कार्यालय अधीक्षण अभियंता के सभाकक्ष में उपस्थित होकर लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु अपना अभ्यावेदन 3 प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पहुंचविहीन क्षेत्रों में तीन माह का 25 प्रतिशत ही खाद्यान्न पहुंचने पर डीएम नान को नोटिस

### बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिये कार्यवाही के निर्देश



**सतना।** कलेक्टर डा0 सतीश कुमार एस ने सतना जिले में बरसात के दौरान निर्धारित लक्ष्य 25 लाख पौधों के रोपण की कार्य योजना अनुसार पूरी तैयारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। सोमवार को सम्पन्न समय सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने वृक्षारोपण की कार्ययोजना और तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल बानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम एपी द्विवेदी, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डा0 सतीश कुमार एस ने विकासखण्डवार वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायतें नगरीय क्षेत्रों में नगर पंचायत एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी अपनी कार्ययोजना के अनुसार चयनित साइट पर गड्ढों की तैयारी और पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें। इसके अलावा पौधों की सुरक्षा और बरसात के बाद पौधों की सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता भी चिन्हांकित कर लें। उन्होंने कहा कि कृषि और उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे। यह पौधे उन्हें बृहद सीमेंट प्रतिष्ठानों एवं बृहद औद्योगिक संस्थानों द्वारा सीएसआर मद से दिये जायेंगे। इसके अलावा अन्य विभागों को भी आवश्यकतानुसार पौधे सीएसआर मद से दिए जायेंगे। विभागों को पौधे कब और कहां चाहिये। एक सप्ताह पहले डिमांड प्रस्तुत करेंगे।

### विश्व योग दिवस पर जिला पंचायत सीईओ होंगी नोडल अधिकारी

विश्व योग दिवस पर 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे तक जिला स्तरीय सामूहिक योग का कार्यक्रम व्यंक्ट क्रमांक एक के मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला पंचायत की सीईओ संजना जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी और जिला आयुष अधिकारी डा0 नरेन्द्र पटेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी योग कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 से 30 जून तक चयनित गांवों में योजनाओं के शिविर लगाए जा रहे हैं। सभी विभागों के अधिकारी इन शिविरों में उपस्थित रहकर हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ से संतृप्त करें।

### चित्रकूट सीएमओ का कटेगा एक सप्ताह का वेतन

बाढ नियंत्रण की बैठक के निर्देशों के पालन की जानकारी में कलेक्टर ने कहा कि मौसम विभाग के अधिकारी को टी0एल0 की बैठक में उपस्थित रहना चाहिए। उन्होंने मौसम विभाग के अधिकारी को पत्र जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिला होमगार्ड से किसी अधिकारी के उपस्थित नहीं रहने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जाहिर की। कलेक्टर ने कहा कि बरसात से पहले जीर्ण-शीर्ण भवनों को रेखांकित कर उनमें आवश्यक सावधानी और बचाव के उपाय कर लें। पहुंच विहीन क्षेत्रों में बरसात के दौरान तीन महीनों का खाद्यान्न भंडारण के तहत अभी तक मात्र 25 प्रतिशत खाद्यान्न ही पहुंचने पर कलेक्टर ने डीएम नान पंकज बोरसे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार समग्र ई-केबायसी में नगर पंचायत चित्रकूट द्वारा इस सप्ताह कोई काम नहीं किये जाने पर सीएमओ चित्रकूट अंकित सोनी का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये।




# खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा, ज़िला कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश

### ज़िला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**सतना।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत ज़िला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ज़िला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट डा0 सतीश कुमार एस. ने की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एल. के. तिवारी द्वारा वर्ष 2024-25 में खाद्य सुरक्षा विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में 1015 सक्रिय लाइसेंस और 6718 पंजीकृत प्रतिष्ठान हैं, जिससे कुल 52 लाख 41 हजार रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। विभाग द्वारा अब तक 404 प्रवर्तन नमूने, 1034 निगरानी नमूने, एवं 506 निरीक्षण किए गए हैं। साथ ही 62 प्रकरण दर्ज कर 7 लाख रूपये से अधिक का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

**ईट राइट' गतिविधियों में जिले की उल्लेखनीय प्रगति :** सीएमएचओ डा तिवारी ने बताया की ईट राइट इंडिया पहल के तहत सतना जिले ने विशेष प्रगति की है। जिले में अब तक 2 पूजा स्थल, 11 कैम्पस, 2 रेलवे स्टेशनों तथा 1 स्कूल को प्रमाणित किया जा चुका है। उन्होंने ज़िला कलेक्टर से आग्रह किया कि जिले में स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब और स्वच्छ फल एवं सब्ज़ी मंडी के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित किए जाएं, जिस पर कलेक्टर महोदय ने सहमति व्यक्त की।

**कलेक्टर ने दिए प्रवर्तन तेज़ करने के निर्देश :** बैठक में डा0 कलेक्टर सतीश कुमार एस. ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को प्रवर्तन गतिविधियों को सघन रूप से संचालित करने के निर्देश दिए और उनके साप्ताहिक मूल्यांकन की व्यवस्था बनाने को कहा। उन्होंने आम नागरिकों के बीच खाद्य मिलावट की घरेलू पहचान को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि हर घर में एक घरेलू खाद्य सुरक्षा किट की आवश्यकता है और इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जाए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कलेक्टर से आग्रह किया कि विभिन्न सरकारी विभागों को निर्देशित किया जाए कि उनके अधीन अथवा अनुबंधित खाद्य व्यवसाय प्रतिष्ठान अनिवार्य लाइसेंस / पंजीकरण प्राप्त करें।

## कलेक्टर मैहर द्वारा रैक हेतु कोटेशन मंगाये

**सतना।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला मैहर में अभिलेखागार शाखा संचालित किया जाना है। कार्यालयीन उपयोग हेतु 15 नग रैक क्रय करने हेतु तीन दिवस के भीतर कोटेशन मंगाये गये है। संबंधित फर्म कोटेशन कलेक्टर कार्यालय मैहर में जमा कर सकते हैं।













## रामसागर तालाब का अतिक्रमण हटाने ग्रामीणों ने अनुभागीय अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरण सतना।** पानी की विकट समस्या से परेशान दलदल ग्राम के ग्रामीणों ने दलदल गांव में बने भव्य राम सागर तालाब के अतिक्रमण को खाली कराने के लिए रामपुर बघेलान तहसील पहुंचकर अनु विभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा है वही अतिक्रमण के विषय में जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष दल प्रताप सिंह ने बताया कि आराजी नंबर 2963 लगवा 43.05 एकड़ एवं 2964 रखवाला 4.43 एकड़ का सीमांकन एवं अतिक्रमण हटाने का आवेदन ग्रामीणों एवं किसान संगठन ने कई बार रामपुर बघेलान तहसील में किया है मगर उच्च अधिकारियों के निर्देशन के बाद भी आज दिनांक तक ना ही राम सागर तालाब का सीमांकन किया गया और ना ही उसे अतिक्रमण मुक्त किया गया जिससे ग्रामीण पानी की विकट समस्या से जूझ रहे हैं। वही प्रदेश प्रवक्ता दया शंकर द्विवेदी ने कहा कि रामसागर तालाब में अतिक्रमण कारियों द्वारा अतिक्रमण करके बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है और पानी भराव में भी समस्या पैदा की जा रही है जिससे दलदल गांव के सभी ग्रामीण काफी परेशान हैं वह जानवरों को पानी तक नहीं पिला सकते जिसमें दलदल गांव के ग्रामीणों ने तहसील अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया है कि 18 जून 2025 तक अगर आक्रमण नहीं हटाया जाता तो 19 जून से सभी ग्रामीण दलदल के पंचायत भवन में आमरण अनशन करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी राजस्व अधिकारियों की होंगी ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश प्रवक्ता दया शंकर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष दल प्रताप सिंह राज लखन सिंह बलराज सिंह रावेद्र सिंह सहित दर्जनों किसान तहसील परिसर में उपस्थित रहे और तालाब से अतिक्रमण हटाने की मांग की।










जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com